VIDYA UNIVERSITY PRESS

TOUCH n PASS

सर्वश्रेष्ठ परीक्षा पथ-प्रदर्शक

B.A.
First Year
(Certificate Course)
Semester-I

ENGLISH

English Prose and Writing Skills

SYLLABUS

UNIT-I **An Introduction to Indian Writing in English :** Contributions of Sri Aurobindo, Rabindranath Tagore, K.S. Venkataramani, Bhabani Bhattacharya, R.K. Narayan, Mulk Raj Anand, Sarojini Naidu, Kamala Markandaya and Nayantara Sahgal, etc. towards the growth of Indian writing in English.

UNIT-II **Elements of Short Story :** Plot, Characterization, Narrative Technique and Structure

Types of Prose and Prose Style : Autobiography, Biography, Memoir; Travelogue; Periodical Essay; Formal Essay; Personal Essay.

UNIT-III **Prose Devices :** Theme; Point of View; Sentence Pattern; Imagery; Tone or Mood; Analogy, Anecdote; Antithesis; Aphorism; Diction; Inversion; Humour and Pathos.

UNIT-IV **Short Stories :** 1. O' Henry : The Last Leaf; 2. Anton Chekhov : The Lament; 3. Guy de Maupassant : The Diamond Necklace

UNIT-V **Short Stories :** 1. M.R. Anand : The Lost Child; 2. R.K. Narayan : Under the Banyan Tree; 3. Ruskin Bond : The Tunnel

UNIT-VI **Prose :** 1. Francis bacon : Of Studies; 2. Charles Lamb : Dream Children; 3. Joseph Addison : Sir Roger at the Church

UNIT-VII **Prose :** 1. Virginia Woolf : Professions for Women; 2. A.P.J. Kalam : Patriotism Beyond Politics and Religion (from Our Ignited Minds); 3. Swami Vivekanand : The Conquest of the world by Indian Thought

UNIT-VIII **Computer and Writing skills in English :** 1. Power Point Presentation; 2. Letter writing : formal, informal/Letters of Inquiry/Complaints, Grievance Redressal Letters and Right to Information (RTI); 3. Preparing Resumes/CV using Microsoft Word/Letter of Acceptance/Resignation (Job); 4. Online Writing (Blogging, Content Writing, Effective E-mail Writing)

TOUCH 'n' PASS

VIDYA®
UNIVERSITY PRESS

Registered Office
Vidya Lok, Baghpat Road, T.P. Nagar,
Meerut, Uttar Pradesh (NCR) 250 002
Phone : 0121-2513177, 2513277
www.vidyauniversitypress.com

© Publisher

Editing & Writing
Research and Development Cell

Printer
Vidya University Press

TOUCH 'n' PASS

CONTENTS

UNIT-I	:	An Introduction to Indian Writing in English	...3
UNIT-II	:	Elements of Short Story	...56
UNIT-III	:	Prose Devices	...77
UNIT-IV	:	Short Stories	...89
UNIT-V	:	Short Stories	...102
UNIT-VI	:	Prose	...117
UNIT-VII	:	Prose	...145
UNIT-VIII	:	Computer and Writing Skills in English	...170
		Model Paper	...184

UNIT-I

An Introduction to Indian Writing in English

SECTION-A VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Write two names of Tagore's poems and plays.
टैगोर की दो कविताओं और नाटकों के नाम लिखिए।

Ans. *Gitanjali* (1912) and The *Gardener* (1913) are popular poems and *Chitra* (1913) and *The Post Office* (1914) are famous plays written by Rabindra Nath Tagore.

गीतांजलि (1912) और द गार्डनर (1913) लोकप्रिय कविताएँ हैं और चित्रा (1913) और द पोस्ट ऑफिस (1914) रवींद्र नाथ टैगोर द्वारा लिखे गए प्रसिद्ध नाटक हैं।

Q.2. Gandhi is present in the narrative of 1920s. Discuss.
गांधी 1920 के दशक के आख्यान में मौजूद हैं। चर्चा कीजिए।

Ans. Gandhian nationalist phase began in the 1920s. The factor which is common to these novels from K.S. Venkataramani's *'Murugan, the Tiller'* (1927) to Bhabani Bhattacharya's *'So Many Hungers'* (1947), Gandhi is present in the fiction of the period both in the flesh and through his ideas, in the spirit which agilate and motivate. He is present also in more hidden ways.

गांधीवादी राष्ट्रवादी चरण 1920 के दशक में शुरू हुआ। के०एस० वेंकटरमाणी के 'मुरुगन, द टिलर' (1927) से लेकर भबानी भट्टाचार्य की 'सो मैनी हंगर्स' (1947) तक इन उपन्यासों में जो कारक सामान्य है, गांधी उस काल के कथा साहित्य में मांस और अपने विचारों दोनों के माध्यम से मौजूद हैं। उस भावना में जो उत्तेजित और प्रेरित करती है। वह और भी छिपे हुए तरीकों से मौजूद है।

Q.3. When was 'Swami and Friends' published?
'स्वामी एण्ड फ्रेंड्स' कब प्रकाशित हुआ था?

Ans. 'Swami and Friends' was published in 1935.
'स्वामी एण्ड फ्रेंड्स' 1935 में प्रकाशित हुई थी।

Q.4. When was 'Gitanjali' published?
'गीतांजलि' कब प्रकाशित हुई थी?

Ans. 'Gitanjali' was published in 1912.
'गीतांजलि' 1912 में प्रकाशित हुई थी।

Note : *ExamX* **में प्रश्नोत्तरों का हिन्दी रूपान्तरण केवल विषय-वस्तु को विद्यार्थियों को भली प्रकार से समझाने के लिए दिया गया है। परीक्षा में विद्यार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी भाषा में ही दें।**

Q.5. Which novel of R.K. Narayan was filmed in Hindi?
आर०के० नारायण का कौन-सा उपन्यास हिन्दी में फिल्माया गया था?

Ans. R.K. Narayan's 'The Guide' was filmed in Hidni.
आर०के० नारायण की 'द गाइड' को हिन्दी में फिल्माया गया था।

Q.6. Who combines anthropology, history and fiction in his writing?
अपने लेखन में नृविज्ञान, इतिहास और कल्पना को कौन जोड़ता है?

Ans. Mulk Raj Anand combined anthropology, history and fiction in his writing.
मुल्क राज आनंद ने अपने लेखन में नृविज्ञान, इतिहास और कथा साहित्य को मिलाया।

Q.7. Who was Rabindra Nath Tagore?
रवींद्र नाथ टैगोर कौन थे?

Ans. Rabindra Nath Tagore was a poet, playwright, musician, polymath, Ayurveda Resercher and artist. He recast Bengali literature and Indian art in the late 19th and early 20th centuries. In 1913 Tagore was the first non-European to win Nobel Prize in Literature.

रवींद्र नाथ टैगोर एक कवि, नाटककार, संगीतकार, पॉलीमैथ, आयुर्वेद शोधकर्त्ता और कलाकार थे। उन्होंने 19वीं सदी के अन्त और 20वीं सदी की शुरुआत में बंगाली साहित्य और भारतीय कला का पुनर्निर्माण किया। 1913 में टैगोर साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय थे।

Q.8. Who is known as the Nightingale of India?
भारत की कोकिला के रूप में किसे जाना जाता है?

Ans. Sarojini Naidu is known as the Nightingale of India.
सरोजिनी नायडू को भारत की कोकिला के रूप में जाना जाता है।

Q.9. Explain about the personal life of Sri Aurobindo.
अरविन्दो के व्यक्तिगत जीवन की विवेचना कीजिए।

Ans. Sri Aurobindo (1872-1950) was an Indian philosopher, *yogi, guru*, poet and nationalist. He represents a new creative consciousness which seeks to create a more refined instrument to express a new version and experience. He joined the Indian freedom movement for independence from the British Raj and then became a spiritual reformer, introducing his vision on human progress and spiritual evolution. He studied at King's College, Cambridge in England and passed the Indian Civil Service Examination. Then he worked with the Princely state of Baroda and joined nationalist politics in the Indian National Congress. He had to face charges of treason for Alipore Conspiracy. During his stay in the jail, he had mystical and spiritual experiences. After that he moved to Pondicherry (Puducherry) leaving politics for spiritual work.

At Pondicherry (Puducherry), Sri Aurobindo developed Integral Yoga. In 1926, Sri Aurobindo Ashram was founded. He died at the age of 78 at Pondicherry (Puducherry) in French India.

श्री अरविन्दो (1872-1950) एक भारतीय दार्शनिक, योगी, आध्यात्मिक गुरु, कवि और राष्ट्रवादी थे। उनकी साहित्य साधना में मौलिक लेखन का आविर्भाव होता हुआ दिखायी देता है जिसमें नया दृष्टिकोण व अनुभव स्वत: ही स्फूर्त होने लगता है। ब्रिटिश राज की बेड़ियों को काटने के लिए उन्होंने भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया और उसके बाद

आध्यात्मिक सुधार को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया और मानव कल्याण के लिए प्रेरित होकर आत्मिक उन्नति में जीवन लगा दिया। उन्होंने कैम्ब्रिज, इंग्लैण्ड के किंग कॉलेज में अध्ययन किया और इण्डियन सिविल सर्विस की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद उन्होंने बड़ौदा रियासत के साथ कार्य किया और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ जुड़ गए। अलीपुर षड्यन्त्र में राजद्रोह के लिए उन्हें आरोपों का सामना करना पड़ा। कारावास की अवधि में उन्होंने रहस्यमयी व आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किए। इसी के बाद उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया और आध्यात्मिक क्रियाकलापों में संलग्न होने के लिए पॉण्डिचेरी (पुदुचेरी) की ओर चल दिए।

पॉण्डिचेरी में श्री अरविन्दो ने समग्र योग विधा का विकास किया। वर्ष 1926 में श्री अरविन्दो आश्रम की आधारशिला रखी गयी। अठहत्तर वर्ष की आयु में फ्रांसीसी भारत के पॉण्डिचेरी (पुदुचेरी) में उनका देहावसान हो गया।

Q.10. Name four major literary works of Aurobindo.

अरविन्दो के चार महत्त्वपूर्ण साहित्यिक कार्यों का नाम बताइए।

Ans. Four major literary works of Aurobindo are :

अरविन्दो के चार महत्त्वपूर्ण साहित्यिक कार्य हैं—

(i) The Life Divine (ii) Synthesis of Yoga

(iii) Savitri : A Legend and Symbol (iv) The Human Cycle

Q.11. How can you say that Rabindranath Tagore is not an escapist? Discuss.

आप कैसे कह सकते हैं कि रवीन्द्रनाथ टैगोर पलायनवादी नहीं है? विवेचना कीजिए।

Ans. Tagore talks of renunciation of worldly life show that he cannot be an escapist. He is a mystic and visionary. He accepts the challenge of life. He does not preach asceticism or renunciation. Life is a great gift of God and it should not go waste. He believes in spiritualism, and man can realize God through an attitude of non-attachment, humility and purity of heart. Man cannot attain salvation or Mukti by renunciation of worldly life. His sayings in 'Geetanjali' also proves it : "Deliverance is not for me in renunciation."

टैगोर की सांसारिक जीवन का त्याग करने के लिए कही हुई बातें यह दर्शाती है कि वह पलायनवादी कदापि नहीं हो सकते। वे रहस्यवादी हैं और दूरद्रष्टा भी। वह जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करते हैं। वह वास्तव में ऐसा कहकर संन्यास का उपदेश नहीं दे रहे होते हैं। जीवन तो परमेश्वर द्वारा प्रदान किया गया एक उपहार है जिसको व्यर्थ नहीं जाने दिया जाना चाहिए। वह अध्यात्म में विश्वास करते हैं और विरक्त होकर विनम्रता व पवित्रता के साथ ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त किया जा सकता है। पलायन करके या संसार का त्याग करके मुक्ति या निर्वाण की प्राप्ति नहीं की जा सकती है। 'गीतांजलि' में कही हुई ये बातें यह साबित भी करती हैं—

'संन्यास लेने से मेरी मुक्ति कदापि नहीं होगी।'

Q.12. Tagore is said to be an admirer as well as lover of Nature. Discuss briefly.

टैगोर प्रकृति के उपासक होने के साथ-ही-साथ उसके प्रेमी भी हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. Tagore made excursions into the rural Bengal in connection with the administration of land and property, he had an opportunity come in close contact with Nature's beauty. It had a great spell on him. He is a great lover of Nature like Wordsworth and Robert Frost. Thus his love of Nature shows his romanticism. He beautifies and spiritualises Nature. Our Vedic culture treats Nature and God as Prakriti and Purusha. Nature is an aspect of God. So it may be said that Tagore is an admirer as well as lover of nature.

टैगोर जीवन-भर प्रकृति के प्रशंसक और उपासक बने रहे। भूमि और जायदाद के प्रबन्धन के सम्बन्ध में उन्हें बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों में जाना होता था। ऐसी यात्राओं के दौरान उन्हें प्रकृति का सान्निध्य पाने का सौभाग्य मिलता था। प्रकृति की सम्मोहन शक्ति ने उन्हें वशीभूत कर लिया था। वर्ड्सवर्थ और रॉबर्ट फ्रॉस्ट के समान ही वह प्रकृति के परम उपासक हैं। प्रकृति के प्रति उनका यह प्रेम उन्हें रोमांटिक बना देता है। वह प्रकृति को सौन्दर्य से आच्छादित कर देते हैं जहाँ

आध्यात्मिकता का विहान होने लगता है। हमारी वैदिक संस्कृति में प्रकृति व ईश्वर को प्रकृति व पुरुष के रूप में दर्शाया गया है। प्रकृति वास्तव में ईश्वर का ही एक स्वरूप है। अतत: ये कहा जा सकता है कि टैगोर प्रकृति उपासक होने के साथ ही प्रकृति प्रेमी भी हैं।

Q.13. Describe the era of 1930s and 1940s of Indian English novel writing.
1930 और 1940 के दशकों में भारतीय उपन्यास लेखन का विवरण दीजिए।

Ans. The novels of this era which Venkataramani found very fertile for his prose creation. His writing played a very important part in imagining and embodying the radical vision of anti-colonial nationalism. He tried his hand at novel writing with varying degrees of commitment, in social and political issues which preoccupied the great age of Indian nationalism. Source can say that the period spanning the 1930s and 1940s was momentous in the history of Indian novel in English.

वर्ष 1930 और 1940 के दशक में भारतीय कथा साहित्य के इतिहास में अपना विशिष्ट महत्त्व रखते हैं जिनकी रचना अंग्रेजी में की गयी। वेंकटरमाणी के लिए यह कालखण्ड काफी उर्वर रहा जिसमें उपन्यास विधा में साहित्य साधना अपने उत्कर्ष पर थी। मौलिक दृष्टि से परतन्त्रता के विपरीत राष्ट्रीयता को प्रश्रय दिया गया जिसमें वेकटरमाणी के लेखन में विशेष अवदान किया। उन्होंने विभिन्न रूपों में उपन्यास लेखन किया जिनमें सामाजिक व राजनीतिक समस्याओं को दर्शाया गया जो भारतीय राष्ट्रवाद के विशिष्ट युग में पहले से ही विद्यमान थीं।

Q.14. Enumerate five major creations of Venkataramani according to chronological order.
वेंकटरमाणी के पाँच मुख्य कृतियों का काल-क्रमानुसार नाम लिखिए।

Ans. Five major creations of Venkataramani are as follows :
वेंकटरमाणी की पाँच मुख्य कृतियाँ निम्न प्रकार हैं—

(a) Paper Boats (1921)
(b) On the Sand-dunes (1923)
(c) Murugan the Tiller (1927)
(d) Renascent India (1929)
(e) Kundan the Patriot (1932)

Q.15. Enumerate six major novels written by Bhabani Bhattacharya in chronological order.
भवानी भट्टाचार्य द्वारा प्रणीत पाँच प्रमुख उपन्यासों का कालक्रमबद्ध नामोल्लेख कीजिए।

Ans. Below are given names of the six novels, the figure in brackets against each novel is the year of its publication. The names are in chronological order :

नीचे उपन्यासों का नामोल्लेख किया जा रहा है, कोष्ठक में दी गयी संख्या प्रकाशन वर्ष को इंगित करती है। उपन्यासों के नाम कालक्रमानुसार दिए गए हैं—

(i) So Many Hungers (1947)
(ii) Music for Mohini (1952)
(iii) He Who Rides a Tiger (1954)
(iv) A Goddess Named Gold (1960)
(v) Shadow From Ladakh (1966)
(vi) A Dream in Hawaii (1978)

Q.16. In addition to fiction, what other genres have been published by R.K. Narayan?
आर०के० नारायण द्वारा उपन्यास के अतिरिक्त अन्य किन विधाओं में साहित्य रचना की गयी?

Ans. In addition to fiction, Narayan has also published a fine autobiography 'My Day' (1974) and 'My Dateless Diary (1964) about his stay as a resident writer in a U.S. University where he

wrote 'The Guide'. He has brought out a collection of legends drawn from the Mahabharata' and the Puranas entitled 'God Demons and Others' (1964). He wrote 'Ramayana' in English based on Tamil epic by Kamban. Narayan was a realist fiction writer. He also revived the books like 'Development of Maritime Laws in seventeenth century England'.

उपन्यास विधा के अतिरिक्त नारायण ने आत्मकथा 'My Days' (1974) लिखी और 'My Dateless Diary' (1964) में उन्होंने अमेरिकी विश्वविद्यालय में आवासीय लेखक के रूप में बिताए गए दिनों के बारे में लिखा, वहीं पर उन्होंने 'The Guide' की रचना की थी। महाभारत और पुराणों को आधार बनाकर उन्होंने 'Gods, Demons and Others' (1964) के रूप में पौराणिक कथाओं का एक संग्रह प्रकाशित किया। उन्होंने कम्बन के तमिल महाकाव्य को आधार बनाकर 'Ramayana' को अंग्रेजी में लिखा।

Q.17. R.K. Narayan is considered one of the main writers of social novels. Discuss briefly.

आर०के० नारायण को सामाजिक उपन्यासों के मुख्य लेखकों में से एक माना जाता है। संक्षेप में विवेचना कीजिए।

Ans. R.K. Narayan is known to be a writer of social novels which are comic in tone and accurate in detail. He is eminently successful in showing social issues in 'The Financial Expert', 'The Guide', 'The Man-Eater of Malgudi' and 'The Painter of Signs'. His backgrounds are realistic and photographic in their realism. He describes every event precisely to create a psychological and convincing effect. His limited social life and limited region is a drawback to him. He does not preach any moral in his novels. All his social novels show his charity and grace. His characters are full of life and vitality. He avoids to display false pathos or cheap morals. He is unable to draw dramatic flashes in his novel. Narayan is an Indian writer who can place the Orient into focus for Occidental eyes. Narayan generally writes novels on social issues.

आर०के० नारायण, को सामाजिक उपन्यासों के शिल्पी के तौर पर जाना जाता हैं जो स्वभावत: हास्यजनक होते हैं और जिनका विवरण यथार्थ होता है। 'The Financial Expert', 'The Guide', 'The Man-Eater of Malgudi' और 'The Painter of Signs' में उन्होंने सामाजिक सरोकार के बिन्दुओं को पूरे कौशल के साथ उजागर किया है। उनके उपन्यासों की पृष्ठभूमि भी यथार्थ होती है जो चित्रांकन में भी वास्तविक लगते हैं। प्रत्येक घटनाक्रम को वह सूक्ष्म रूप से समझते हैं जिससे मनोवैज्ञानिक व स्वीकार्य प्रभाव उत्पन्न होता है। लेकिन उनका सामाजिकता व क्षेत्रीयता का छोटा दायरा उनके उपन्यासों की एक बड़ी कमी है। अपने उपन्यासों में वह किसी नैतिकता का पाठ नहीं पढ़ाते हैं। उनके सभी उपन्यास उनके उदारमना स्वभाव को गौरव प्रदान करते हैं। उनके पात्र जीवन्तता व ओजस्विता से भरपूर होते हैं। वह अवास्तविक दु:ख और बेतुके नैतिक मूल्यों से स्वयं को अलग रखते हैं। वह कभी भी नाटकीयता के तत्त्वों को अपने उपन्यास में नहीं पनपने देते हैं। नारायण एक भारतीय साहित्यकार हैं जो पूरब के दृष्टिकोण को सम्यक रूप से पश्चिम के लोगों के बीच प्रस्तुत करते हैं। नारायण अधिकांशतया सामाजिक सरोकारों पर लेखनी चलाते हैं।

Q.18. Do you agree that Narayan was a realist fiction writer. Discuss briefly.

क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि नारायण यथार्थ कथा-साहित्य के लेखक थे? संक्षेप में विवेचना कीजिए।

Ans. Narayan published English abridgements of the 'Ramayan' (1972) and Mahabharat' (1978). He became the pioneering Indian writer in English. He reviewed the books. He was a realist fiction writer and avoided political and social commentary in his writing. Narayan's best work 'The Guide' won him the Sahitya Akademi Award in 1961, the first time an award

was given to a work in English. So, I agree with the statement that Narayan was a realistic fiction writer.

नारायण उन्होंने 'रामायण' और 'महाभारत' को सारभूत (संक्षिप्त) रूप में अंग्रेजी में लिखा। अंग्रेजी में लेखन कार्य करने वाले वह विशिष्ट भारतीय लेखक थे। उन्होंने अनेक पुस्तकों की समीक्षा भी की थी। वह यथार्थवादी कथा साहित्यकार थे और राजनीति व समाज के ऊपर उन्होंने कोई टिप्पणी कभी नहीं की। नारायण की सर्वश्रेष्ठ कृति 'The Guide' थी जिसको वर्ष 1961 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। अंग्रेजी की किसी रचना को यह पुरस्कार पहली बार दिया गया था। अंततः मैं इस बात से सहमत हूँ कि नारायण यथार्थ कथा-साहित्य के लेखक थे।

Q.19. "Mulk Raj Anand is an artist with a mission". Justify the statement.
''मुल्कराज आनन्द एक उद्देश्यपरक कलाकार हैं।'' कथन को स्पष्ट कीजिए।

Ans. It may be said that Anand is an artist with a mission. His novels are novels of protest e.g. *Coolie* in which he describes the tragic existence of the Indian masses. *Coolie* is written with a purpose. It is a picture of the very tragedy of common man on earth. Anand does so, so that the conscience of man in real life may be aroused to thinking. If R.K. Narayan is a novelist of moral vision, Anand is a novelist of reformation. *Untouchable* shows the evils of caste-system alongwith remedy for this social evil. Thus, Anand is a missionary artist. This crusading zeal for reformation and the amelioration of the plight of the underdogs has given his novel an extra-literary interest.

यह कहा जा सकता है कि आनन्द एक उद्देश्यपरक कलाकार हैं। उदाहरणार्थ *Coolie* जिसमें उन्होंने भारतीय जनमानस के त्रासदीपूर्ण अस्तित्व का वर्णन किया है। Coolie निश्चित उद्देश्य से लिखा गया है। यह दुनिया में आम आदमी की त्रासदी का एक चित्र है। आनन्द ऐसा इसलिए करते हैं जिससे वास्तविक जीवन में भी मनुष्य की आत्मा को सोचने पर मजबूर किया जा सके। यदि आर०के० नारायण नैतिक दर्शन के उपन्यासकार हैं तो आनन्द सुधार के उपन्यासकार हैं। Untouchable जाति-प्रथा की बुराइयाँ और इन बुराइयों का समाधान प्रस्तुत करता है। इस प्रकार आनन्द एक उद्देश्यवादी लेखक हैं। दलितों की दुर्दशा में सुधार के लिए उनके संघर्षपूर्ण उत्साह ने उनके उपन्यासों को साहित्य के अतिरिक्त भी रुचिकर बना दिया है।

Q.20. Enumerate some well-known stories of Mulk Raj Anand.
मुल्कराज आनन्द की कुछ प्रसिद्ध लघु कक्षाओं का नाम लिखिए।

Ans. Main short stories written by Anand are as follows :
आनन्द द्वारा लिखित मुख्य लघु कथाएँ निम्न प्रकार हैं—

(i) A Pair of Mustachios
(ii) On the Border
(iii) The Cobbler and the Machine
(iv) A Promoter of Quarrels
(v) A Dark Night
(vi) A Rumour
(vii) Mahadev and Parvati
(viii) The Lost Child
(ix) The Parrot in the Cage
(x) The Liar

Q.21. Enumerate some famous poems written by Sarojini Naidu.
सरोजिनी नायडू द्वारा लिखित कुछ प्रसिद्ध कविताओं के नाम लिखिए।

Ans. Following are some famous poems written by Sarojini Naidu :
सरोजिनी नायडू द्वारा लिखित कुछ प्रसिद्ध कविताएँ निम्न प्रकार हैं—

(i) The Queen's Rival
(ii) Palanquin Bearers
(iii) To My Fairy Fancies
(iv) Awake

(v) Pardah Nashin
(vi) If You Call Me
(vii) The Bird Sanctuary
(viii) Village Song
(ix) Songs of Radha
(x) Fisherman of Coromondel

Q.22. Depict the love as a powerful force in the poems of Sarojini Naidu?
सरोजिनी नायडू की कविताओं में प्रेम को एक प्रचण्ड शक्ति के रूप में आप निरूपित करें।

Ans. Dull would he be of soul who cannot respond to its irresistible call. Sarojini responded to it at the age of sixteen bypassing all the barriers of caste and creed. 'An Indian Love Song' depicts a Hindu beloved and a Muslim lover, where he speaks thus:

"Love recks not of feud and bitter follies
Of strange, comrade or kin
Alike in his ear sound the temple bells and the cry
Of the meuzzin."

In the same way 'If You Call Me' also expresses the force of love. Sarojini Naidu gives full vent to her artistic and lyrical genius in portraying love that is a human desire but she also shows the triumph of divine love over the temptation of human desire.

जो व्यक्ति इसकी अत्यन्त सम्मोहक पुकार पर प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करता है वह एक नीरस आत्मा का स्वामी ही हो सकता है। सरोजिनी ने इस पुकार पर प्रतिक्रिया सोलह वर्ष की आयु में की और सभी प्रकार के जाति व समुदाय के बन्धनों को तिलांजलि दे दी। 'An Indian Love Song' में एक हिन्दू प्रेमिका और मुस्लिम प्रेमी का विवरण है जब वह पुकार कर कहता है—

"सच्चा प्रेम, पुश्तैनी दुश्मनी की परवाह नहीं करता है
और अजनबियों, साथियों व परिवारीजनों की बेवकूफियों
की भी। उसके कानों को मन्दिर की घंटियों और
अजान की अनुगूंज की आवाज एक समान प्रतीत होती है।"

इसी प्रकार 'If You Call Me' में भी प्रेम के वेग का प्रदर्शन किया गया है। मानव की सहज इच्छा के रूप में प्रेम को नायडू ने पूरा महत्त्व दिया है और अपनी कलात्मकता व गीतात्मकता से उसे समृद्ध किया है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने मानवीय इच्छा के लुभावने स्वरूप पर दिव्य प्रेम को वरीयता दी है।

Q.23. Describe Sarojini's family background.
सरोजिनी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का विवरण दीजिए।

Ans. Sarojini Naidu was born on 13th February 1879 at Hyderabad in a Brahmin family of Bengal. The family had migrated from Brahman-gaon, a village in East Bengal (now in Bangladesh). She had six sisters and brothers. She was the eldest daughter of Dr Aghorenath Chattopadhyay and Varadsundari Devi. Aghorenath was a scientist while Varadsundari wrote poetry in Bengali. They were Bengalis who had discarded their Brahaminism for the Brahmo Samaj and made a new home in Hyderabad, then under the suzeranity of the Nizams. In 1898, Sarojini married the man she loved, Dr. Govindarajulu Naidu, despite parental resistance. She had four children in quick succession and devoted herself to writing poetry and enjoying a happy domestic life.

सरोजिनी नायडू का जन्म बंगाल के एक ब्राह्मण परिवार में 13 फरवरी 1879 ई० को हैदराबाद में हुआ था। यह ब्राह्मण परिवार पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) के ब्राह्मणगाँव नामक ग्राम से यहाँ आया था। उनके छह भाई–बहन थे। वह डॉ०

अघोरनाथ चट्टोपाध्याय और वरदसुन्दरी देवी की सबसे बड़ी पुत्री थीं। अघोरनाथ एक वैज्ञानिक थे जबकि वरदसुन्दरी बंगाली में कविताएँ रचती थीं। वे बंगाली थे और ब्रह्म समाज के प्रभावस्वरूप उन्होंने अपने ब्राह्मण होने को तिलांजलि दे दी थी और हैदराबाद में अपना नया निवास बना लिया था जो उस समय निजाम के अधीन हुआ करता था। अपने माता–पिता के विरोध के बावजूद भी उन्होंने 1898 में डॉ० गोविन्दराजुलु नामक व्यक्ति से विवाह किया जिसे वे प्रेम करती थीं। थोड़े–थोड़े अन्तराल के बाद उनकी चार सन्तानें हुईं और उन्होंने स्वयं को कविता लिखने में लगा दिया और सुखद घरेलू जीवन में व्यस्त हो गयीं।

Q.24. Do you agree that Sarojini Naidu was a good orator? Discuss.
क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि सरोजिनी नायडू एक अच्छी वक्ता थीं? विवेचना कीजिए।

Ans. In English and occasionally in Persianised Urdu, Sarojini Naidu's career as an orator has yet to be reviewed as an aspect of her creative use of English rhetoric. She knew all the techniques of rhetoric. Skilled in delivery, with a superb sense of timing and abundant humour, she was as resourceful in her public debates as in her poetry. Her verbal flow carried her audience along even when she was not clear in her argument. She was truly Indian.

सरोजिनी नायडू अंग्रेजी में धाराप्रवाह भाषण देती थीं और यदाकदा पारसी मिश्रित उर्दू में भी वह व्याख्यान देने में समर्थ थीं। वक्ता के रूप में उनकी ओजस्विता का आकलन होना अभी शेष है। उन्हें वाक्पटुता की सभी तकनीकों का ज्ञान था। वह शब्दों के प्रवाह को समझकर समय का निर्धारण उनके बोलने के दौरान करती थीं। हास्य का सही उपयोग भी उनकी शैली में शामिल था। सार्वजनिक मंचों से अपने संभाषण से दर्शकों को उसी प्रकार प्रभावित करने में समर्थ होती थीं जैसा कि वे अपनी कविताओं में प्रभावोत्पादक रहती थीं। उनका शब्द प्रवाह इतना ओजस्वी होता था कि जब वह अपनी विषयवस्तु को ठीक से समझा नहीं पाती थीं तब भी श्रोतागण उनके शब्दों से बँधे रहते थे। वह सच्चे अर्थों में भारतीय थीं।

Q.25. Discuss the early life of Kamala Markandaya.
कमला मार्कण्डेय के प्रारम्भिक जीवन के बारे में विवरण दीजिए।

Ans. Kamala Markandaya was born on 1st January, 1924 into an upper-middle class Brahmin family. She was a native of Mysore state and did her graduation from Madras University. She published several short stories in different magazines of India. She was an Indian novelist and journalist of fine reputation. Kamala was a discendant of diwan Purnaiya and had great fluency in Kannada and Marathi.

कमला मार्कण्डेय का जन्म 1 जनवरी, 1924 को एक उच्च मध्यमवर्गीय ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह मैसूर राज्य की निवासी थीं और उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी। भारत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में उनकी लघुकहानियों का प्रकाशन हुआ। वह भारतीय उपन्यासकार थीं और पत्रकारिता में विशेष ख्याति अर्जित की। वह दीवान पुरनय्या की वंश परम्परा से थीं और कन्नड़ व मराठी में उन्हें विशेष दक्षता प्राप्त थी।

Q.26. In what way was Kamala Markandaya the Rachel Carson of India?
कमला मार्कण्डेय किस प्रकार भारत का रशेल कार्सन थीं?

Ans. In all Kamala Markandaya's works, a common theme of social distinctions and the differences between people living in poverty and wealth, as well as the difficulties each class undergoes is prevalent. Markandaya was an evolutionary and a great preceptor of the environment surrounding her. She thinks ahead to environmental and societal problems that globalization and development bring. In many ways she resembled Rachel Carson. Therefore, Kamala was the Carson of India, calling out before we reach a point that is beyond going back.

कमला मार्कण्डेय की सभी कृतियों में सामाजिक प्रभेद और अमीर–गरीब के बीच के अन्तर का कथानक समान रूप से परिव्याप्त दिखायी देता है। सभी वर्गों की परेशानियाँ इनमें दिखाई पड़ती होती हैं। मार्कण्डेय एक क्रांतिकारी लेखिका थीं

जिन्हें अपने आस–पास के वातावरण का बोध सदैव बना रहता था। भूमण्डलीकरण और विकास के कारण जो पर्यावरणीय व सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न होती हैं, उनके बारे में वह पहले से ही समझ लेती हैं। इस रूप में अनेक बार वह रशेल कार्सन के अनुरूप प्रतीत होती हैं। इसीलिए वह भारत की रशेल कार्सन थीं जहाँ वह हमें उस बिन्दु पर पहुँचने से पहले ही सचेत कर देती हैं जहाँ से वापस लौटना सम्भव न रह जाए।

Q.27. Discuss Kamala's life and range of her characters.
कमला के जीवन और उनके पात्रों के वर्ग का विवरण दीजिए।

Ans. Kamala Markandaya was born on 1st January 1924. She was an Indian novelist and journalist. She has established herself as one of the most important Indian novelists writing in Enlgish. She was married to an Englishman Bertrand Taylor. Kamala was born in to an upper-middle class family. She was a native of Mysore and was a student of the University of Madras. She settled in Britain, where she died in 2004. Her ten novels present a remarkable range of characters from Rukmini, a poor peasant woman in 'Nectar in a Sieve', through the urban poor of A Handful of Rice', to the highest circles of princely life in 'The Golden Honeycomb.'

कमला मार्कण्डेय 1 जनवरी 1924 को पैदा हुई थीं। वे एक भारतीय उपन्यासकार व पत्रकार थीं। उन्होंने अंग्रेजी विधा से स्वयं को एक सफल उपन्यासकार के रूप में स्थापित कर लिया था। उनका विवाह एक अंग्रेज बर्ट्रेण्ड टेलर से हुआ था। कमला का जन्म एक उच्च मध्यम वर्ग के परिवार में हुआ था। वह मैसूर की मूल निवासी थीं और वह मद्रास विश्वविद्यालय की छात्रा रहीं। वर्ष 2004 में उनका देहावसान हो गया।

उनके दस उपन्यासों में पात्रों के नानाविध रूप दिखायी देते हैं। 'Nectar in a Sieve' में रुक्मिणी एक गरीब देहाती स्त्री है, और 'A Handful of Rice' में एक शहरी गरीब दिखायी देता है, तो 'The Golden Honeycomb' में रजवाड़े की शान–शौकत प्रतिबिम्बित होती है।

Q.28. Give a panorama of the early life of Nayantara Sahgal.
नयनतारा सहगल के प्रारम्भिक जीवन की चित्रावली प्रस्तुत कीजिए।

Ans. Nayantara Sahgal (b.1927) belongs to the most affluent and politically awared family. She is a member of Nehru family, the second of the three daughters born to Jawaharlal Nehru's sister Vijay Lakshmi Pandit. Nayantara Sehgal is an Indian writer who writes in English. She has written novels, autobiographies and other literary genres of great importance. She spent much of her childhood at Anand Bhavan in Prayagraj, which was the ancestral house of the Nehru family in Allahabad. She studied at Poona and later attended Woodstock, a missionary school in Mussoorie.

नयनतारा सहगल (जन्म 1927) एक अत्यन्त प्रतिष्ठित और राजनीतिक रूप से जागरूक परिवार से सम्बन्धित हैं। वह नेहरू परिवार की सदस्या हैं। जवाहरलाल नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित की तीन पुत्रियों में से वह दूसरी हैं। नयनतारा सहगल एक भारतीय लेखिका हैं जो अंग्रेजी में साहित्य साधना करती हैं। उन्होंने उपन्यासों, आत्मकथाओं और साहित्य की अन्य विधाओं में महत्त्वपूर्ण सृजन किया। उनके बचपन का अधिकांश भाग प्रयागराज के आनन्द भवन में व्यतीत हुआ जो कि इलाहाबाद में नेहरू परिवार का पैतृक आवास था। उन्होंने पूना में अध्ययन किया और बाद में मसूरी के मिशनरी स्कूल वुडस्टोक में प्रवेश लिया।

Q.29. Nayantara Sahgal's novels represent the life of rich section and political scenario of India. Discuss.
नयनतारा सहगल के उपन्यास उच्च वर्ग के जीवन और भारत के राजनीतिक परिदृश्य का वर्णन करते हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. As Nayantara belongs to a rich family, her novels also present the life of the richest sections of Indian society. In these novels are represented their hypocrisy and shallow values.

Sahgal is also concerned with the great heritage of India in which modern generation feels great pride in it. Sahgal's novels show the great interest in the way this Western-educated novelist has seen the power game in the political scenario at the apex level. Major national events provide the main theme and sometimes the background for her different novels. At different occasions she stayed with her maternal uncle Jawaharlal Nehru and there she gained first-hand knowledge of political activities of the country as well as ups and downs of political leaders.

जैसा कि नयनतारा सहगल एक धनी परिवार से ताल्लुक रखती हैं, उनके उपन्यासों में भी भारतीय समाज के सर्वाधिक सम्पन्न वर्ग को दर्शाया गया है। इन उपन्यासों में इस वर्ग के पाखण्ड व ढोंग और खोखले मानदण्डों का चित्रण किया गया है। इसके साथ ही सहगल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक संपदा को भी महत्त्व देती हैं जिसमें आधुनिक संतति, गौरव की अनुभूति महसूस करती हैं। सहगल के उपन्यासों में, राजनीति के शिखर पर जो गतिविधियाँ इस पश्चिमी संस्कृति में शिक्षित नारी ने देखीं, उनको कथानक का रूप दिया। राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ही मुख्य कथानक और उपन्यासों की पृष्ठभूमि बनाया गया है। विभिन्न अवसरों पर सहगल अपने मामा जवाहरलाल नेहरू के साथ रहीं और राजनीति के वास्तविक क्रियाकलापों से परिचित हुईं, साथ ही राजनीतिक लोगों के उतार-चढ़ाव देखे।

Q.30. Tagore's creations are mostly influenced by love theme. Discuss.
टैगोर के लेखन ज्यादातर प्रेम विषय से प्रभावित रहते हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. Love theme always influences Rabindranath's poetry. There is a wide variety of love, such as love for woman, love for humanity, love for God, love for Nature, love for his country, love four beauty and truth. His is a comprehensive view of life. He is as much a poet of love and passion, as he is a poet of love of God and religion. Although he recognises the physical basis of love, he also emphasises that love transcends into higher level of human values.

For Tagore a thing of beauty is a joy for ever and it has an edifying property. Beauty in all its aspects appeals to him. His poems contain a lot of love, beauty, colour, sights sounds.

प्रेम विषय रवीन्द्रनाथ के काव्य लेखन को हमेशा प्रभावित करता है। प्रेम की अनेक श्रेणियाँ हैं; जैसे—नारी के प्रति प्रेम, मानवता के प्रति प्रेम, ईश्वर के प्रति प्रेम, प्रकृति के प्रेम, राष्ट्र के प्रति प्रेम, सुन्दरता के प्रति प्रेम और सत्य के प्रति प्रेम। जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण काफी व्यापक है। जिस प्रकार प्रेम व संवेगों के कवि हैं उसी रूप में वह ईश्वर व धर्म के भी कवि हैं। यद्यपि वह प्रेम के भौतिक स्वरूप को मान्यता देते हैं तथापि वह मानते हैं कि मानवीय गरिमा की उच्चता के लिए भौतिक स्वरूप से ऊपर उठ जाता है।

सुन्दरता की वस्तु चिरस्थायी सुख देने वाली होती है जिसमें आध्यात्मिकता के उत्थान के तत्त्वों का समावेश हो जाता है। प्रेम के सभी प्रकार उन्हें संबल प्रदान करते हैं। उनकी कविताओं में प्रेम, सुन्दरता, इन्द्रधनुषी आभा व संगीत अद्भुत रूप से परिव्याप्त होते हैं।

Q.31. Do you agree that Gandhian vision is reflected in all over the writings of K.S. Venkataramani. Discuss.
क्या आप सहमत हो कि के०एस० वेंकटरमाणी के लेखन में सर्वत्र गांधी दर्शन की झलक दिखायी देती है? विवेचना कीजिए।

Ans. Yes, I agree because Venkataramani's many novels speak about Mahatma Gandhi and his different movements. He used his writings to make people aware about Indian movements of freedom struggle. His first novel 'Murugan the Tiller' (1927), promotes the cause of Gandhian economics through its dramatisation of a heavily allegorical relationship between two friends. One is materialist Kedari and the other public-spirited Ramu. Kedari comes to a

bad end while the idealist Ramu implements the vision of Gandhi's village-based economy by setting up a rural commune with the newly converted friend.

Kandan, the Patriot also speaks about Gandhi and his ideology.

In 'Jatadharan', the village life is sketched and Gandhian vision is reflected throughout the narative.

हाँ, मैं सहमत हूँ क्योंकि वेंकटरमाणी के बहुत–से उपन्यासों में महात्मा गांधी और उनके विभिन्न आन्दोलनों का विवरण रहता है। उन्होंने अपने लेखन के द्वारा भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलनों के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। उनका पहला उपन्यास 'Murugan the Tiller' (1927) गांधी के अर्थशास्त्र के कारक को आगे बढ़ाता है, जिसको दो मित्रों के सम्बन्धों की प्रतीक कथा के माध्यम से दर्शाया गया है। केदारी भौतिकवादी है जबकि दूसरा रामू है जो सहकार की भावना से पूरित है। केदारी का अन्त बुरा होता है जबकि आदर्शवादी रामू गांधी के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लागू करते हुए ग्राम समुदाय की स्थापना अपने नये मित्र की सहायता से करता है।

'Kandan the Patriot' में भी गांधी और उनकी विचारधारा को प्रस्तुत किया गया है।

'Jatadharan' में ग्रामीण जीवन को चरितार्थ किया गया है और पूरी कहानी में गांधी दर्शन की झलक दिखायी देती है।

SECTION-B SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Do you agree that Aurobindo is not a wide-known poet? Discuss.
क्या आप इस बात से सहमत हैं कि श्री अरविन्दो अधिक प्रख्यात कवि नहीं हैं? विवेचना कीजिए।

Ans. Sri Aurobindo's poetry stands a class apart in Indo-English poetry and offers scope for critical reassessment. George Sampson has referred to Aurobindo as more famous as an exponent of Indian nationalism than as a poet. Sri Aurobindo is not said to be widely-known poet. The reason behind this is that his aim was not to gain success and personal fame, but to express spiritual truth and experience of all kinds in poetry. He tried to use the English tongue for the highest spiritual expression. 'The Life Divine' and 'The Synthesis of Yoga' related only to an individual self-develoment. In the 'Human Cycle' originally he has indicated how these truths affect the evolution of human society. In 'The Ideal of Human Unity' he has taken the present trend of mankind towards a closer unification and tried to appreciate its tendencies and show what is wanting in them in order that real human unity may be achieved. He extended the application of this very approach to the sphere of international politics in his 'The Ideal of Human Unity'.

Thus it may be said that Sri Aurobindo never bothered to gain any fame.

श्री अरविन्दो का काव्य भारतीय अंग्रेजी कविता में एक पृथक वर्ग का ही प्रतिनिधित्व करता है जिसका पुन: मूल्यांकन व समीक्षा करने की आवश्यकता है। जॉर्ज सेम्सन ने अरविन्दो को कवि की अपेक्षा एक भारतीय राष्ट्रवादी के रूप में अधिक विख्यात माना है।

कवि के रूप में अरविन्दो को अधिक विख्यात नहीं कहा जाता है। इसके पीछे वजह यह रही कि सफलता पाना और व्यक्ति के रूप में ख्याति अर्जित करना उनका ध्येय नहीं रहा, लेकिन आध्यात्मिक सत्य को प्रस्तुत करना और काव्य में सभी तरह के अनुभवों को आत्मसात् करना रहा है। उन्होंने अंग्रेजी जबान का उपयोग आध्यात्मिक अनुभूति को प्रकट करने में किया। 'The Life Divine' और 'The Synthesis of Yoga' का सम्बन्ध प्रत्येक के व्यक्तित्व के विकास से सम्बन्धित रहा। 'Human Cycle' में उन्होंने यह दर्शाया है कि ये सत्य किस प्रकार मानव समाज के विकास को प्रभावित करते हैं। 'The Ideal of Human Unity' में समसामयिक दौर में मानव की प्रवृत्ति को समन्वयवादी स्वरूप में दिखाया है और इस झुकाव को सम्मान दिया है और उनमें क्या अन्य चीजें हों जिससे मानव की एकता को सुदृढ़ता प्रदान की जा सके। उन्होंने

अपने इस उदात्त स्वरूप को विश्व राजनीति के पटल तक विस्तृत कर दिया जो उनकी कृति 'The Ideal of Human Unity' में दिखायी पड़ता है।

इस प्रकार ये कहा जा सकता है कि अरविन्दो ने कभी भी यश पाने की कामना नहीं की।)

Q.2. Is it true that Sri Aurobindo's poetry is more suitable for expression? Explain.

क्या यह सत्य है कि श्री अरविन्दो के लिए अभिव्यक्ति के लिए कविता अधिक अच्छा माध्यम है? विवेचना कीजिए।

Ans. As per my point of view, it is true that for Aurobindo poetry is more suitable for the expression of inner experience than prose. Sometimes he made use of well-established forms, as in the sonnet 'Liberation' (1939):

"My mind, my soul grow larger than all Space
Time founders in that vastness glad and nude:
The body fades, an outline, a dim trace
A memory in the spirit's solitude.

This universe is a vanishing circumstance
In the glory of a white infinity
Beautiful and bare for the Immortal's dance
House-room of my immense felicity.

In the thrilled happy giant void within
Thought lost in night and passion drowned in bliss
Changing into a stillness hyaline,
Obey the edict of the Eternal's peace.

Life's now the Ineffable's dominion
Nature is ended and the spirit alone."

Some of his most interesting material experiments are recreations of Greek and Latin forms in English.

जहाँ तक मेरा मानना है अरविन्दो के लिए अन्तरात्मा के अनुभव की अभिव्यक्ति के लिए गद्य की अपेक्षा पद्य या कविता की भाषा अधिक उपयुक्त व अनुकूल है। कभी–कभी वह इस अभिव्यक्ति के लिए स्थापित प्रकारों का उपयोग करते हैं जैसा कि उन्होंने सॉनेट 'Liberation' में किया है—

"My mind, my soul grow larger than all Space

....

....

Narture is ended and the spirit alone."

छन्दों पर उनके कुछ अत्यधिक मनोरंजक अनुप्रयोग वास्तव में यूनानी व लैटिन प्रकारों का अंग्रेजी भाषा में पुनर्निर्माण है।

Q.3. Discuss various aspects of Rabindranath's greatness.

रवीन्द्रनाथ की महानता के विभिन्न पहलुओं का विवरण दीजिए।

Ans. Rabindranath Tagore was the most versatile writer and poet of his time. He contributed a lot to Indo-English literature. He was a great literary artist whose influence on

Indian literature is greater than any other artist. He made his country glorious and dignified, and himself too. His poetry has been compared with the poetry of Wordsworth, Shelley, Keats, Francis Thomson, T.S. Elliot, Edith Sitwell and W.H. Auden. He is incomparable as he is a class by himself. His universality is undeniable. He is a thinker, a humanist, a philosopher and above all a prophet, a mystic and a romanticist. He is no escapist. He meets the grim realities of the world. He has blended romanticism with humanism and realism. His 'Gitanjali' lyrics have many themes. He is a classical, and regarding his refinement of language and his tastes and love for God he is a mystic. The main themes of Rabindranath are Man, God, Nature, Love, Life, Death, Freedom, Childhood, Social evils, Patriotism and Religion. Tagore was the first Non-European to receive a Nobel Prize in literature.

रवीन्द्रनाथ टैगोर अपने समय के सर्वाधिक बहुआयामी लेखक व कवि थे। उनका भारतीय-अंग्रेजी साहित्य के लिए अवर्णनीय योगदान रहा है। वे एक महान साहित्यकार थे जिनका भारतीय साहित्य में अन्य किसी भी लेखक से कहीं अधिक योगदान और प्रभाव है। उन्होंने अपने राष्ट्र को गौरवान्वित किया और स्वयं को भी। उनकी काव्य साधना की तुलना वर्ड्सवर्थ, शैली, कीट्स, फ्रांसिस थॉम्सन, टी०एस० इलियट, एडिथ सिटवेल और डब्ल्यू०एच० ओडिन की कविता से की गयी है। उनकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि वह स्वयं में ही एक वर्ग हैं। उनकी सर्वव्यापकता से इनकार नहीं किया जा सकता है। वह एक चिन्तक, मानववादी, दार्शनिक और भविष्यवक्ता, रहस्यवादी व रोमांटिक हैं। वह किसी भी रूप में पलायनवादी नहीं हैं। वह विश्व की वास्तविकताओं का सामना करने में समर्थ हैं। उन्होंने रोमांटिक तत्त्वों का समावेश मानवतावाद व यथार्थवाद के साथ किया है। उनकी 'गीतांजलि' के गीतों में अनेक विषय-वस्तुएँ हैं। वह एक शास्त्रीय पुरोधा हैं लेकिन परिमार्जित भाषा व ईश्वर के प्रति प्रेमभाव उन्हें रहस्यवादी बना देता है। रवीन्द्रनाथ की विषय-वस्तुओं में शामिल हैं : मानव, ईश्वर, प्रकृति, प्रेम, जीवन, मृत्यु, स्वतन्त्रता, बाल्यकाल, सामाजिक दोष, राष्ट्रभक्ति और धर्म। साहित्य का नोबेल पुरस्कार पाने वाले टैगोर पहले ऐसे व्यक्ति थे जो यूरोप से नहीं थे।

Q.4. Throw light on post-colonial Indian fiction in the light of Bhabani Bhattacharya.

भवानी भट्टाचार्य का सन्दर्भ ग्रहण करते हुए औपनिवेशिक काल के पश्चात् के भारतीय कथासाहित्य पर प्रकाश डालिए।

Ans. Bhabani Bhattacharya was born at Bhagalpur in Bengal Presidency in 1906. He was a fiction writer of social ralities. The nation-centredness of post-colonial new generation of Indian novelists was tempered by a characteristic cosmopolitanism of outlook and experience. Bhabani Bhattacharya spent a substantial and formative period of his life lives in England. His writing is often albeit subtly, underscored by the sense of cultural schizophrenia which has become the hallmark of recent and more self-consciously post-colonial Indian fiction.

In Bhattacharya's 'So Many Hungers' (1947), Gandhi is present in this fiction of post-colonial India both in the flesh and through his ideas, in the spirit. He is present also in more hidden ways. Bhattacharya attributes his negotiations of tradition and modernity.

भवानी भट्टाचार्य का जन्म बंगाल प्रान्त के भागलपुर में सन् 1906 में हुआ था। वे एक उपन्यासकार थे जो सामाजिक वास्तविकताओं में लिखते थे। औपनिवेशिक काल के बाद ही नई पीढ़ी राष्ट्र राज्य की संकल्पना के साथ भारत के उपन्यासकारों में भी पल्लवित हुई जो चरित्र और सोच में सार्वभौमिक स्वरूप से सम्पन्न थी। भवानी भट्टाचार्य ने जीवन का महत्त्वपूर्ण रचनात्मक भाग इंग्लैण्ड में व्यतीत किया। भवानी का लेखन कार्य यद्यपि प्राय: विलक्षण होता है तथापि सांस्कृतिक रूप से विभक्त मानसिकता के कारण विदेशियों ने उनके लेखन को कम करके आँका लेकिन उन्होंने स्वत: ज्ञान से अपनी प्रामाणिकता को सिद्ध कर दिया है।

भट्टाचार्य के उपन्यास 'So Many Hungers' (1947) में औपनिवेशिक काल के बाद के भारत के इस उपन्यास में गांधी की उपस्थिति दिखायी गयी है—जिसमें वे साक्षात रूप से और विचारों में भी दिखायी देते हैं। इसके साथ ही अनेक स्थलों पर उनकी झलक मिलती है। भट्टाचार्य अपनी परम्परा और आधुनिकता को दर्शाते हैं।

Q.5. Malgudi is the main base of the novels of Narayan. Discuss.
मालगुड़ी, नारायण के उपन्यासों का मुख्य आधार है। विवेचना कीजिए।

Or **Throw light upon the Malgudi as the central characters in the novels of R.K. Nayayan.**
मालगुड़ी आर०के० नारायण के उपन्यासों का केन्द्रीय पात्र है, पर प्रकाश डालिए।

Ans. Malgudi is considered as real base of Narayan's novels. Malgudi is Narayan's Casterbridge, Malgudi is everywhere. All his ten novels and most of the short stories are set in Malgudi. It is the fictitious town with a river in one side and forests on the other. The eduational institutions, offices and markets, all are here as the case in every town of India.

Malgudi becomes the base of novels of Narayan. All things change and pass, but the old landmarks like Sarayu, Hills, Jungles, Groves remain. So the spirit of the place influences the characters and action as does Egden Health in Hardy's 'The Return of the Native'.

Malgudi represents not only the Malgudi town itself but it represents the entire India and Indian way of living. Narayan is able to transform particular region into a symbol of India and Indian life. Narayan gave it such treatment that the reader begins to feel that whatever happens in Malgudi, happens everywhere.

मालगुड़ी को नारायण के उपन्यासों का आधार माना जाता है। मालगुड़ी नारायण का कैस्टरब्रिज है जो सर्वत्र दिखायी देता है। उनके सभी दस उपन्यासों व अधिकांश कहानियों की पृष्ठभूमि मालगुड़ी में दर्शायी गयी है। यह एक काल्पनिक कस्बा है जिसके एक ओर नदी बहती है तो दूसरी ओर वनों की दृश्यावली है। जैसाकि भारत के सभी कस्बों में होता है यहाँ भी शिक्षण संस्थाएँ, कार्यालय और बाजार स्थित हैं।

मालगुड़ी, नारायण के उपन्यासों का आधार बन गया है। सभी वस्तुएँ बदलाव के साथ आती हैं और कुछ अन्तराल के पश्चात् ओझल हो जाती हैं, लेकिन यहाँ के स्थायी चिह्न; यथा—सरयू, पहाड़ियाँ, वन, उपवन यथावत् बने रहते हैं। इसीलिए पात्रों और कथानक पर स्थान विशेष का प्रभाव दिखलाई पड़ता है जैसा कि हार्डी के उपन्यास 'The Return of the Native' में Egden Heath का प्रभाव होता है।

मालगुड़ी में केवल मालगुड़ी कस्बा ही समाहित नहीं है अपितु यह सम्पूर्ण भारत और भारतीय तौर-तरीकों का प्रतिनिधित्व भी करता है। नारायण एक विशेष क्षेत्र को इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं जो पूरे भारत में प्रतिबिम्बित करने में सफल रहता है। इसकी प्रस्तुति नारायण द्वारा इस प्रकार की जाती है कि पाठक को अहसास होता है कि मालगुड़ी में जो कुछ घटित हो रहा है वैसा ही सब स्थलों पर होता है।

Q.6. The work of Bhabani Bhattacharya is greatly influenced by Gandhisn. Discuss.
भवानी भट्टाचार्य के कृतित्व गांधीवाद से बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. Gandhism has its influence on the work of Bhabani Bhattacharya which is measured not only in terms of its anti-imperial context but also for its impetus to the programme of international reform. The social realism of his fiction seeks its materials, and gains its inspiration from the nationalist mobilization and upliftment of women, workers, untouchables, and peasants.

Bhabani's narrative tends to represent the colonial encounter itself as a shadowy subplot to the larger story of socio-economic transformation. Gandhi continues to be treated as the ethical centre of the purported turning-upside-down of old hierarchies, a distinctly Nehruvian vocabulary gains currency in the novels of this period.

भवानी भट्टाचार्य के कृतित्व में गांधीवाद का प्रभाव उपस्थित रहता है जो साम्राज्यवाद की खिलाफत करते हुए ही दिखायी नहीं देता है अपितु राष्ट्र के आन्तरिक सुधार कार्यक्रम को प्रेरित करने के निमित्त गांधीवाद प्रकट होता है। भवानी भट्टाचार्य के उपन्यास में सामाजिक यथार्थवाद के लिए यह भावभूमि प्रदान करता है और राष्ट्रवादी जागरूकता के साथ ही नारी, मजदूर, अछूतों और कृषक वर्ग के उत्थान को प्रेरित करता है।

भवानी की कृतियों में उपनिवेशवाद का विरोध प्रदर्शित होता है जो मुख्य कहानी की उपकथा के रूप में सामने आता है जहाँ सामाजिक–आर्थिक बदलाव दिखायी देता है। गांधी पूर्णतया नीति विषयक पहलू के केन्द्र में रहते हैं जो पुराने पदानुक्रम को पूरी तरह से बदल देते हैं जहाँ पर नेहरूवाद भवानी भट्टाचार्य के साहित्यिक काल में उभरता हुआ दिखायी देता है।

Q.7. Enumerate the fifteen novels written by Mulk Raj Anand with their years of publication.

मुल्कराज आनन्द द्वारा लिखित पन्द्रह उपन्यासों के नाम एवं उनका प्रकाशन वर्ष लिखिए।

Ans. Following are novels written by Anand :

आनन्द द्वारा लिखित उपन्यास निम्न हैं—

(i) Untouchable (1935)
(ii) Coolie (1936)
(iii) Two Leaves and a Bud (1937)
(iv) Lament on the Death of Master of Arts (1939)
(v) The Village (1937)
(vi) Across the Black Waters (1940)
(vii) The Sword and the Sickle (1942)
(viii) The Big Heart (1945)
(ix) Seven Summers (1951)
(x) Private Life of an Indian Prince (1953)
(xi) The Old Woman and the Cow (1960)
(xii) The Road (1961)
(xiii) The Death of a Hero (1963)
(xiv) Morning Face (1968)
(xv) Confession of a Lover (1976)

Q.8. Bhabani Bhattacharya's novels are considered as sociological novels. Discuss.

भवानी भट्टाचार्य के उपन्यासों को सामाजिक उपन्यासों में गिना जाता है। विवेचना कीजिए।

Ans. Bhabani Bhattacharya belongs to social realism school of Indo-Anglian literature. He was greatly interested in social issues which prevailed in the Indian society in those days. The stories of his novels abound in social and historical realities. He did yeoman service to Indian English fiction in terms of transmuting native Indian in English. He has brought great credit to the Indian nation by their literary achievements. Bhabani Bhattacharya is greatly interested in social issues and social evils which afflict Indian society. His novels, like those of Mulk Raj Anand, may therefore be described as sociological novels. Bhabani believes that the novel should have a social purpose, his stories abound in social and historical realities, quite often bitter and gruesome, such as the Bengal famine of 1943, the tragedies of freedom struggle and partition, evils of poverty, corruption, ignorance, superstition, exploitation, greed, sexual perversions, etc.

भवानी भट्टाचार्य भारतीय–आंग्ल साहित्य के सामाजिक यथार्थवाद की शाखा का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे मुख्य रूप से उन सामाजिक समस्याओं से सरोकार रखते थे जो उस दौरान भारतीय समाज को पीड़ित किए हुए थीं। उनके उपन्यासों में ऐसे ही सामाजिक और ऐतिहासिक वास्तविकताओं से सम्बन्धित कहानियाँ उनका कथानक बनती थी। उन्होंने भारतीय स्थानीय भाव–भंगिमाओं को अंग्रेजी का कलेवर देकर निश्चयात्मक रूप से एक महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। अपनी साहित्यिक उपलब्धियों के माध्यम से उन्होंने भारत राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। भवानी भट्टाचार्य प्रधानतया सामाजिक मुद्दों और सामाजिक बुराइयों से सरोकार रखते हैं जिन्होंने भारतीय समाज को परेशानी में उलझा रखा है। भवानी भट्टाचार्य के नाटकों को मुल्कराज आनन्द के नाटकों के समान सामाजिक परिवेश के नाटकों में शामिल किया जाता है। भवानी का विश्वास है कि नाटक का कोई सामाजिक ध्येय होना चाहिए, उनकी कहानियाँ सामाजिक–ऐतिहासिक वास्तविकताओं का दृश्यांकन करती हैं जो प्राय: ही मर्मभेदी व भीषण भी होती हैं; जैसे—1943 का बंगाल अकाल, स्वतन्त्रता संग्राम के दु:खद दृश्य, देश का विभाजन, गरीबी की बुराइयाँ, भ्रष्टाचार, अज्ञानता, अन्धविश्वास, उत्पीड़न, लालच, यौन सम्बन्धी विकृत मानसिकता इत्यादि।

Q.9. Realism is one of the main elements in novels of Mulk Raj Anand. Discuss.
मुल्कराज आनन्द के उपन्यासों में यथार्थवाद मुख्य तत्त्वों में से एक है। विवेचना कीजिए।

Or **Discuss Mulk Raj Anand as the writer of realism.**
मुल्क राज आनन्द एक यथार्थवादी लेखक हैं। विवेचना कीजिए।

Anand was active in the Indian independence movement. While in London, he tried to make a living as a novelist and journalist, India's future Defense Minister V.K. wrote propaganda on behalf of the Indian cause with Krishna Menon. At the same time, he supported leftist causes elsewhere around the world, travelling to Spain to volunteer in the Spanish Civil War, although his role in the conflict was more journalistic than military. He spent his time during World War II, working as a screenwriter for the BBC in London, where he became friend with George Orwell. Orwell's review of Anand's 1942 novel *The Sword and the Sickle* hints at the importance of its publication : "Although Mr. Anand's novel would still be interesting on its own merits if it had been written by an Englishman, it would have been remembered. It is impossible to read it without remembering it." In a few pages it is also a cultural couriosity. Indian literature is a strange phenomenon, and its impact on the post-war world will make an impact. He was also a friend of Picasso and in his camera collection there were pictures of Picasso.

मुल्कराज आनंद (12 दिसम्बर 1905-28 सितम्बर 2004) अंग्रेजी में एक भारतीय लेखक थे, जो पारंपरिक भारतीय समाज में गरीब जातियों के जीवन के चित्रण के लिए उल्लेखनीय थे। एंग्लो-इंडियन फिक्शन के अग्रदूतों में से एक, वह, आर०के० नारायण, अहमद अली और राजा राव के साथ, अंतर्राष्ट्रीय पाठक संख्या हासिल करने वाले अंग्रेजी के पहले भारत आधारित लेखकों में से एक थे। आनंद को उनके उपन्यासों और लघु कथाओं के लिए सराहा जाता है, जिन्होंने आधुनिक भारतीय अंग्रेजी साहित्य के क्लासिक्स का दर्जा हासिल कर लिया है। वे उत्पीड़ितों के जीवन में अपनी बोधगम्य अंतर्दृष्टि और दरिद्रता, शोषण और दुर्भाग्य के विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। वह अपने विरोध उपन्यास "Untouchable" (1935) के लिए जाने गए, इसके बाद, उन्हें भारतीय गरीबों पर अन्य कार्यों जैसे "कुली" (1936) और "टू लीव्स एंड ए बड" (1937) के लिए जाना गया। उन्हें पंजाबी और हिन्दुस्तानी मुहावरों को अंग्रेजी में शामिल करने वाले पहले लेखकों में से एक होने के लिए भी जाना जाता है, और वे पद्म भूषण के नागरिक सम्मान के प्राप्तकर्ता थे।

पेशावर में जन्मे आनंद ने अमृतसर के खालसा कॉलेज में पढ़ाई की और इंगलैड जाने से पहले 1924 में सम्मान के साथ स्नातक किया। खुद को सहारा देने के लिए एक रेस्तरा में काम करते हुए, उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में एक स्नातक के रूप में पढ़ाई की और बाद में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, 1929 में बर्ट्रेंड रसेल और अंग्रेजी अनुभववादियों पर एक शोध प्रबंध के साथ दर्शनशास्त्र में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने ब्लूम्सबरी ग्रुप के सदस्यों के साथ दोस्ती की। उन्होंने जिनेवा में देने मे, बौद्धिक सहयोग पर राष्ट्र संघ की अंतर्राष्ट्रीय समिति में व्याख्यान दिया।

आनंद ने 1938 में अंग्रेजी अभिनेत्री और कम्युनिस्ट कैथलीन वैन गेल्डर से शादी की; 1948 में तलाक लेने से पहले उनकी एक बेटी सुशीला थी।

मुल्कराज आनंद का साहित्यिक जीवन भारत की जाति व्यवस्था की कठोरता से उत्पन्न एक पारिवारिक त्रासदी से शुरू हुआ था। उनका पहला गद्य निबंध एक मुस्लिम महिला के साथ भोजन साझा करने के लिए अपने परिवार द्वारा बहिष्कृत एक चाची की आत्महत्या की प्रतिक्रिया थी। उनका पहला उपन्यास, 'The Untouchable', 1935 में प्रकाशित हुआ, भारत की अस्पृश्य जाति के जीवन का यह एक द्रुतशीतन खुलासा है। उपन्यास शौचालय-क्लीनर बाखा के जीवन के एक दिन का अनुसरण करता है, जो गलती से एक उच्च्च जाति के सदस्य से टकरा जाता है, जिससे अपमान की एक शृंखला शुरू हो जाती है। एक ईसाई मिशनरी के साथ बात करते हुए, महात्मा गाँधी द्वारा अस्पृश्यता के बारे में एक भाषण और दो शिक्षित भारतीयों के बीच बातचीत को सुनकर, बाखा उस भाग्य की त्रासदी से बचाव की खोज करता है, लेकिन पुस्तक के अंत तक आनंद का सुझाव है कि यह तकनीक है, नए पेश किए गए फ्लश शौचालय के रूप में, जो शौचालय-क्लीनर की आवश्यकता को समाप्त करके उसका उद्धारकर्ता हो सकता है।

Untouchable, जो अंग्रेजी में पंजाबी और हिन्दी मुहावरों की स्थानीय आविष्कारशीलता को पकड़ता है, व्यापक रूप से प्रशंसित था, और आनंद ने भारत के चार्ल्स डिकेंस के रूप में अपनी प्रतिष्ठा पाई। उपन्यास का परिचय उनके मित्र ई०एम० फोरस्टर द्वारा लिखा गया था, जिनसे वे टी०एस० एलियट की पत्रिका criterion पर काम करते हुए मिले थे।

आनंद भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे। लंदन में रहते हुए, उन्होंने एक उपन्यासकार और पत्रकार के रूप में जीवनयापन करने की कोशिश करते हुए, भारत के भविष्य के रक्षा मंत्री वी०के० कृष्ण मेनन के साथ भारतीय सन्दर्भ की ओर से प्रचार लिखा। उसी समय, उन्होंने दुनियाभर में कहीं और वामपंथी कारणों का समर्थन किया, स्पेन के गृहयुद्ध में स्वयंसेवक के रूप में स्पेन की यात्रा की, हालांकि संघर्ष में उनकी भूमिका सेना की तुलना में अधिक पत्रकारिता थी। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लंदन में बीबीसी के लिए एक पटकथा लेखक के रूप में काम करते हुए समय बिताया, जहाँ वे जॉर्ज ऑरवेल के मित्र बन गए। आनंद के 1942 के उपन्यास 'द स्वॉर्ड एंड द सिकल' की ऑरवेल द्वारा की गयी समीक्षा इसके प्रकाशन के महत्त्व पर संकेत देती है—

"हालांकि श्री आनंद का उपन्यास अभी भी अपने गुणों के आधार पर दिलचस्प होगा यदि इसे एक अंग्रेज ने लिखा होता, तो इसे याद किए बिना पढ़ना असंभव है।" कुछ पन्नों में यह एक सांस्कृतिक जिज्ञासा भी है। एक अंग्रेजी भाषा के भारतीय साहित्य का विकास एक अजीब घटना है, और युद्ध के बाद की दुनिया पर इसका प्रभाव पड़ेगा। वे पिकासो के मित्र भी थे उनके व्यक्तिगत कला संग्रह में पिकासो के चित्र थे।

Q.21. The poetic works of Sarojini Naidu was predominant by the theme of love. Discusss.

सरोजिनी नायडू की काव्यात्मक रचनाओं में प्रेम के विचार की प्रधानता थी। विवेचना कीजिए।

Ans. Sarojini's work has predominance of the theme of love. It is her major theme and love lyrics form an important segment of her corpus. They are also larger in number than her poems on other themes. Out of 184 poems of hers, 66 are love lyrics. Thus more than one-third of the total poems are devoted to a lyrical presentation of love and its aftermath or consequence. Some of Sarojini's most popular and stimulating love lyrics are 'Ecstasy', 'Song of Radha : 'The Milk Maid', 'A Persian Love Song', 'Devotion', 'Humayun to Zobeida', etc. Her best love poems are contained in 'The Peacock Lute'. A critic says about her creation thus: "I know of no poetical sequence in English of such sustained passion, as of Sarojini, addressed by a woman to a man."

Sarojini Naidu is the main poetess of this genre in twentieth century. She was a versatile and dynamic genius. She composed sweet and melodious songs which are superb in the entire range of Indian English poetry. Her poems show a colourful album of Indianness.

In English, Sarojini has achieved a great fame in twentieth century. In political arena as well, she gained grand frame. She had consistently built a reputation as an anatomist of love-sick pysche. One can feel the bliss and ecstasy of love in her poem :

"Come mine eyes, O my love!
Mine eyes that are weary of bliss."

Sarojini love lyrics are direct, sensuous and romantic. Her influence is seen in many further creations in the field of Indo-Anglian writing. Her poetic talent is seen in many of her poems which have intensity of the love experience. As a poet Sarojini Naidu is sensuous, romantic and lyrical. In her selfless love for nature, in her response to sensations of many kinds, in her glow of imagination and emotion Sarojini is a true Romantic. She delights in romantic picture of life, be it love, Nature or the scenes of common life in India. Sarojini is a singing bird belonging to the flock of Elizabethan poets. In the very beginning of her poetical career Sarojini found a place in the international circle as a English composer of love lyrics. Edmund

Gosse and Arthur Symons sponsored her. But it is as an Indo-Anglian poet that she will be remembered. She built a popular image of English poetry written by Indians. Music is the soul of her poetry. The desire for beauty made her a poetess and there is beauty in her verse. Her poems are drenched in Indian myths and legends full of love and hilarity.

अपनी काव्यात्मक कृतियों में सरोजिनी ने प्रेम के प्रसंग को प्रधानता से अपनाया है। यह उनकी कविताओं का प्रमुख कथानक होता है और प्रेम के गीत उनकी कविताओं के ढाँचे को तैयार करते हैं। अन्य प्रकार की कविताओं के सापेक्ष इस प्रकार की कविताओं की संख्या भी सर्वाधिक है। सरोजिनी की एक सौ चौरासी कविताओं में से छियासठ कविताएँ प्रेम सम्बन्धी कथानक पर आधारित हैं। इस प्रकार कुल कविताओं में से एक-तिहाई प्रेम तत्त्व को दर्शाने के लिए समर्पित की गयी हैं जिनमें प्रेम और उनसे उपजे परिणाम को बताया गया है। सरोजिनी के कुछ सर्वाधिक प्रसिद्ध और प्रफुल्लित करने वाले प्रेमगीतों में 'Ecstasy', 'Song of Radha : The Milk Maid', 'A Persian Love Song', 'Devotion', 'Humayun to Zobeida' आदि सम्मिलित हैं। 'The Peacock Lute' में उनके सर्वाधिक स्फूर्त प्रेमगीतों को संकलित किया गया है। उनके सृजन के सम्बन्ध में एक समीक्षक ने इस प्रकार समीक्षा की है—"मैं किसी अन्य क्रमागत कविताओं की आवली में अंग्रेजी में नहीं जानता जिसमें सरोजिनी के समान स्थायी भावातिरेक का उन्मेष होता है। जब कोई नारी किसी पुरुष से प्रणय निवेदन कर रही हो।"

बीसवीं शताब्दी में इस विधा के अन्तर्गत सरोजिनी नायडू प्रमुख कवयित्री रही हैं। वे बहमुखी प्रतिभा की धनी ऊर्जावान नारी थीं। उन्होंने सुमधुर गानों की रचना की जो भारतीय-आंग्ल के काव्यात्मक क्षेत्र में अपनी विशिष्टता रखते हैं। उनकी कविताओं में भारतीयता को इन्द्रधनुषी रंगों में दर्शाया गया है।

बीसवीं शताब्दी की सभी भारतीय अंग्रेजी कवयित्रियों में सरोजिनी ने सर्वाधिक ख्याति अर्जित की है। राजनीतिक पटल पर भी उन्होंने अपार यश की प्राप्ति की। प्रेम दीवाने मन की संरचना को समझने वाले के रूप में उनको धीरे-धीरे लेकिन क्रमबद्ध रूप में ख्याति प्राप्त होने लगी। उनकी कविताओं में किसी भी पाठक को भाव-विभोर कर देने वाले प्रेम के स्वर्गिक आनन्द की गहन अनुभूति होने लगती है—

"Come mine eyes, O my love!
Mine eyes that are weary of bliss."

सरोजिनी के प्रेमगीत प्रभावोत्पादक, संवेदनशील और कल्पनाशील होते हैं। उनका प्रभाव बाद के भारतीय-आंग्ल साहित्य की कृतियों में स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ता है। उनका काव्य-कौशल उनकी अनेक कविताओं में झलकता है जो उनके स्वयं द्वारा अनुभूत प्रेमाख्यानों से समृद्ध हुआ है। एक कवि के रूप में सरोजिनी नायडू संवेदनशील, रोमांटिक व गीतात्मक हैं। प्रकृति के प्रति अपने निष्कपट प्रेम, विभिन्न प्रकार की भावनाओं, कल्पना की चकाचौंध व मनोभावों के आधार पर सरोजिनी वास्तविक अर्थ में एक रोमांटिक कवयित्री हैं। वह जीवन के रोमानी स्वरूप में आह्लादित हो जाती हैं, चाहे वो प्रेम तत्व हो, प्रकृति की निराली छटा हो या फिर भारत का सामान्य जनजीवन हो। सरोजिनी एक गाती हुई चिड़िया हैं जो ऐलिजाबेथ कवियों की मण्डली से सम्बन्ध रखती हैं। राजनीति में प्रवेश के प्रारम्भिक दौर में ही सरोजिनी प्रेमगीतों की कवयित्री के रूप में स्वयं को अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर स्थापित कर चुकी थीं। एडमण्ड गोसे और आर्थर साइमंस ने उनको आगे बढ़ने में सहायता की। लेकिन उन्हें भारतीय-आंग्ल कवि के रूप में विशेष रूप से स्मरण किया जाएगा। भारतीयों द्वारा रचित अंग्रेजी काव्यधारा की वे प्रमुख हस्ताक्षर बन गयीं। संगीत उनके काव्य का प्रधान पक्ष है। सुषमा का उपासक होने के कारण वह कवयित्री के ढाँचे में ढल गयीं। उनकी कविता की पंक्तियों में सुन्दरता झलकती है। उनकी कविता के कथानक भारतीय कल्पित कथाओं व पौराणिक आख्यानों को दर्शाते हैं जो प्रेम व प्रफुल्लता से परिपूर्ण होते हैं।

Q.22. Explain about of mastery of Kamala Markandaya over English language.
कमला मार्कण्डेय का अंग्रेजी भाषा पर पूरा प्रभुत्व होने का विवरण कीजिए।

Ans. Kamala Markandaya as a novelist undoubtedly has a mastery over English language. She writes like an English novelist because he has good affiliations with England. Her remarkable handling of the English language has won her critical applause.

Her another most striking features as a woman novelist is her portrayal of women in relation to the historical, cultural, political and sociological environment of a changing India. Woman characters prominently figure in her novels. The woman consciousness being central to her fiction, is but natural that woman characters should loom large in novel after novel. Kamala Markandaya is alienated from the Indo-Anglian tradition. She tries to write like an English writer. Her use of the English language differentiates and alienates her from other Indo-Anglian writers. Like other Indo-Anglian novelists, she uses the English language and yet her language is not contaminated of 'Indianism'. The vision that she enshrines in her novels through the English language is typically Indian but the medium is English.

The 'Times Literary Supplement' writes that "Miss Markandaya writes with a fresh and precise understanding of our language which lends her everyday events a beauty and significance not easily forgotten". The significant critical observation stands justified by the singular prose of 'Nectar in a Sieve' in which the novelist has described Indian life of rural areas with a variety of characters. Kamala Markandaya describes rustic life with faithful realism. This shows her mastery over the English language. The language in 'Nectar in a Sieve' is characterized by fluidity, smoothness and the purity of running water.

Because of her strong grip on story element, she get success in making her novels enjoyable. Though they are simple novels, there is something to engage the attention of reader. 'Nectar in a Sieve' is very readable not only in terms of its theme but also in terms of the story from which the theme is to be wrenched. The narrative of the novel is gripping which shows the novelist's mastery over English language. She has full command over the language in which she writes her novel. Her language has richness of colour and texture which lends a poetic touch to her description. Her language is very readable and full of ease and smoothness. But as an Indian writer in English her language seems to be artificial. In the mouth of her rural characters the use of king's English, is a product of public schools, looks unrealistic and artificial. Hence, it may be said that she has a mastery over English language.

उपन्यासकार के रूप में कमला मार्कण्डेय ने अंग्रेजी भाषा पर पूरा प्रभुत्व प्राप्त किया है। वह एक अंग्रेज उपन्यासकार की तरह लिखती, इंग्लैण्ड से उनका अच्छा सम्पर्क रहा है। अंग्रेजी भाषा पर उनका विशेष अधिकार होने के कारण समीक्षकों ने भी उनकी प्रशंसा की है।

एक स्त्री उपन्यासकार के रूप में कमला मार्कण्डेय का एक आकर्षक गुण है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व सामाजिक रूप से बदलते हुए भारत के साथ स्त्री पात्रों को चित्रित करना। स्त्री पात्रों को बहुसंख्यक रूप में उनके उपन्यासों में देखा जा सकता है। उनके कथासाहित्य में स्त्री चेतना, केन्द्रीय रूप से विद्यमान रहती है लेकिन ऐसा किया जाना सर्वथा स्वाभाविक होता है जो उनके उपन्यासों में लगातार दिखायी देता है। कमला मार्कण्डेय भारतीय-आंग्ल परम्परा से पृथक हो जाती हैं, वह एक अंग्रेज लेखक के रूप में लिखना चाहती हैं। उनकी अंग्रेजी उन्हें अंग्रेजी के अन्य भारतीय लेखकों से पृथक कर देती है। अन्य भारतीय लेखकों के समान ही वह अंग्रेजी भाषा का प्रयोग साहित्य में करती हैं तथापि उनकी अंग्रेजी 'भारतीयता' से दूषित नहीं होती है। अपने उपन्यासों में जो चित्रावली वह अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत करती हैं वह विशिष्ट भारतीयता का द्योतक होता है लेकिन माध्यम की भाषा अंग्रेजी ही होती है।

पत्रिका 'Times Literary Supplement' में मार्कण्डेय को इस प्रकार उद्धृत किया गया है—"मिस मार्कण्डेय अभिनव रूप में सुस्पष्टता के साथ हमारी भाषा को समझते हुए लेखनकार्य करती हैं जिसके कारण दिन-प्रतिदिन के घटनाक्रम उनके लेखन में सुन्दर व महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं जिन्हें सरलता से भुलाया नहीं जा सकता है।" यह समीक्षा पूरी तरह से सत्य सिद्ध हो जाती है जब हम 'Nectar in a Sieve' की विशिष्ट गद्य शैली को देखते हैं जिसमें उपन्यासकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के भारतीय जनजीवन को नानाविध पात्रों का समायोजन कर दर्शाया है। कमला मार्कण्डेय ने पूरी सदाशयता के

साथ ग्रामीण जीवन की झलक यथार्थ रूप में दिखायी है। इस स्वरूप में हम अंग्रेजी के उनके कौशल से परिचित हो जाते हैं। उपन्यास 'Nectar in a Sieve' का चित्रण भाषा की वाक्पटुता, मृदुलता और बहते हुए नीर की शुद्धता के साथ किया गया है।

कहानी तत्त्व पर पूरी पकड़ होने की वजह से वह उपन्यासों को मनोरंजक बनाने में सफल होती थीं। यद्यपि ये सामान्य घटनाक्रम की विषयवस्तु पर आधारित होते हैं तथापि उनमें कुछ ऐसा रहता है जो पाठक को सहज रूप से ही आकर्षित कर लेता है। 'Nectar in a Sieve' न केवल विषयवस्तु के परिप्रेक्ष्य में पठनीय है अपितु कहानी भी उल्लेखनीय है जहाँ से प्रतिपाद्य विषय में परिवर्तन लक्षित होता है। उपन्यास का आख्यान मन्त्रमुग्ध करने वाला है जो उपन्यासकार की अंग्रेजी भाषा पर नियन्त्रण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। अपने उपन्यास को वह जिस भाषा में लिखती हैं उसको वह पूरी दक्षता के साथ समझती हैं। उनकी भाषा, स्वरूप में बहुआयामी संरचना से समृद्ध होती है जिस कारण उनका विवरण काव्यात्मक स्पर्श की अनुभूति कराने लगता है। इनकी भाषा अत्यधिक पठनीय व ग्राह्य होती है। यह सरलता व स्पष्टता से सम्पन्न है। लेकिन अंग्रेजी में एक भारतीय लेखिका के रूप में उनकी भाषा कृत्रिमता का स्पर्श करने लगती है। उनके ग्रामीण पात्रों के मुख से इंग्लैण्ड के स्कूलों की विशिष्ट अंग्रेजी शैली को सुनकर अवास्तविकता व कृत्रिमता का बोध होने लगता है। अतः यह कहा जा सकता है कि मार्कण्डेय का अंग्रेजी भाषा पर पूरा प्रभुत्व है।

Q.23. Give the features of Kamala Markandaya's writings.
कमला मार्कण्डेय के लेखन की विशेषताएँ बताइए।

Or **Throw light upon the salient characteristics of Markandaya's writings.**
मार्कण्डेय के लेखन की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

Ans. Kamala Markandaya (1924-2004) was brought up in South India, but her works do not confine to provincial characters and themes. Kamala's writing explores a multitude of issues and the choices of themes exhibit her potential to approach the subject with appreciable maturity and good organisation. Her works are a realistic delineation of the double pulls that the Indian woman is subjected to, between her desire to assert herself as an individual and her duty in the capacity of a daughter, wife and mother. She also points out how the socio-economic conditions affect the women most. *'Nectar in a Sieve'* (1954) is her first novel, which delineates the tragic outcomes of penury, natural calamities and intruding modernization with its horrendous aftermaths. It is a well constructed novel on the classical mode on the theme of hunger and starvation. 'Some Inner Fury' (1955) and 'Possession' (1963) 'The Golden Honeycomb' (1977) are her popular novels, wherein she gives a clear and economical account of the life style of the peasants, the middle classes and the aristocracy and also focuses on the conflicting East-West relations. Kamala's ability to depict her social observations comes to the force in *'A Handful of Rice'* (1966). In *'Pleasure City'* (1982), Kamala concentrates on the intrusion of modernity in a traditional world and its consequences. The routine life of the fisher folk with its simplicity and awareness of the complexity of unknown dangers in the sea and the like are portrayed vividly by Kamala. The characterization in the novel is a testimony to Kamala's caliber to each characters realistically and humorously.

कमला मार्कण्डेय (1924-2004) का पालन-पोषण दक्षिण में हुआ, लेकिन उनकी रचनाएँ प्रांतीय पात्रों और विषयों तक सीमित नहीं हैं। कमला का लेखन कई मुद्दों की पड़ताल करता है और विषयों के विकल्प प्रशंसनीय परिपक्वता और अच्छे संगठन के साथ विषय तक पहुँचने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित करता है। एक व्यक्ति के रूप में खुद को मुखर करने की उनकी इच्छा और एक बेटी, पत्नी और माँ के रूप में उनके कर्त्तव्य के बीच, उनकी कृतियाँ भारतीय महिलाओं के दोहरे खिंचाव का एक यथार्थवादी चित्रण है। वह यह भी बताती है कि सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ महिलाओं को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं।

'नेक्टर इन द सीव' (1954) उनका पहला उपन्यास है, जो गरीबी, प्राकृतिक आपदाओं और इसके भयावह परिणामों के साथ घुसपैठ के आधुनिकीकरण के दुखद परिणामों को चित्रित करता है। यह भूख और भुखमरी के विषय पर शास्त्रीय विधा पर एक अच्छी तरह से निर्मित उपन्यास है। 'सम इनर फ्यूरी' (1955), 'पजेशन' (1963) और 'द गोल्डन हनीकॉम्ब' (1977) उनके लोकप्रिय उपन्यास हैं, जिसमें वह किसानों, मध्यम वर्गों और अभिजात वर्ग की जीवन-शैली का एक स्पष्ट आर्थिक लेखा-जोखा और परस्पर विरोधी पूर्व-पश्चिम संबंधों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। कमला की सामाजिक टिप्पणियों को चित्रित करने की क्षमता 'ए हैंडफुल ऑफ राइस' (1966) में बलवती है। 'प्लेजर सिटी' (1982) में, कमला एक पारंपरिक दुनिया में आधुनिकता की घुसपैठ और उसके परिणामों पर ध्यान केंद्रित करती है। मछुआरे के नियमित जीवन की सादगी और समुद्र में अज्ञात खतरों की जटिलता के बारे में जागरूकता और इस तरह के अन्य लोगों को कमला द्वारा स्पष्ट रूप से चित्रित किया गया है। उपन्यास में चरित्र-चित्रण वास्तविक और विनोदी रूप से पात्रों को उकेरने की कमला की क्षमता का प्रमाण है।

Q.24. What do you know about Nayantara Sahgal's life and her work in literary field?

नयनतारा के जीवन एवं उनके साहित्यिक क्षेत्र के बारे में आप क्या जानते हैं?

Ans. As Nayantara Sahgal, in her childhood days, spent much of her time at Anand Bhavan in Allahabad, so she is the one woman novelist in whose fiction the personal and political elements have been less segregated. It is the ancestral home of the Nehrus. Sahgal is the second of the three daughters of Vijay Lakshmi Pandit (Nehru's sister) and R.S. Pandit (a Sanskrit scholar and lawyer). She studied in missionary schools in India, and Wellesley College, Massachusetts, where she received a B.A. in history. After her return to India in 1947 she stayed for some time with Nehru in Delhi. Her novels reveal a close acquaintance with the political elite. Two years later she married Gautam Sahgal, a businessman, and had three children. The marriage broke up when she met E.N. Mangat Rai, a civil servant. 'Relationship' (1994) is a selection of their letters, and reveals something of the pressures brought to bear on a couple floating the middle-class conventions of the time.

Sahgal's novels have a political background or political ambience. She has a very strong emotional as intellectual attachment to her roots. She gave up the struggle to be an atheist. She sees herself both novelist and journalist. This concern with the way power is used in the public sphere is typically combined by Sahgal with an exploration of the fate of women within the domestic sphere. Nayantara Sahgal's novels present the life of the richest sections of Indian society, their hypocrisy and shallow values. At the same time, Sahgal is concerned with the Indian heritage and its value for the educated Indian. Her first novel 'A Time to Be Happy' (1958), appeared after two books of autobiography. Sanad, the protagonist and narrator, articulates the problem of identity facing the English educated elite in words that echo Nehru's 'Autobiography' (1936): "I do not belong entirely to India. I can't. My education, my upbringing, and my sense of values have all combined to make me unIndian. Of course, there can be no question of my belonging to any other country."

'Rich Like Us' (1985) is set during the emergency, but it also includes a treatment of sati as a trope for the entrapment of women in conventional marriages. The novel won the Sinclair Prize for fiction and the Sahitya Akademi Award Sahgal plots the Emergency against a slow erosion of Values among both civil servants and people at large after Independence, a process

she traces even further back in two more recent novels, 'Plans for Departure' (1986) and 'Mistaken Identity' (1988), dealing with the Raj and the Independent Movement.

In September 2018, she was elected as a vice-president of PEN International. Politics is in her blood. An important political event forms the background of each of her novels. Most of her characters belong to the affluent upper class of Indian society.

जैसा कि नयनतारा सहगल अपने बाल्यावस्था के दिनों में अधिकांश समय इलाहाबाद के आनन्द भवन में बिताया, तो वे ऐसी महिला उपन्यासकार हैं जिनके कथासाहित्य में निजता और राजनीतिक तत्वों के बीच अलगाव कम दिखायी देता है। यह भवन नेहरू घराने का पैतृक आवास रहा है। विजयलक्ष्मी पंडित (नेहरू जी की बहन) और आर०एस० पंडित (संस्कृत के विद्वान व अधिवक्ता) की तीन पुत्रियों में सहगल दूसरी पुत्री थीं। भारत के मिशनरी स्कूलों में उन्होंने अध्ययन किया और अमेरिका के वेलेजली कॉलेज, मेसाचुसेट्स से उन्होंने इतिहास में बी०ए० की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1947 में वह भारत लौट आयीं और नेहरू जी के नई दिल्ली आवास में कुछ समय के लिए रहीं। उनके उपन्यासों से प्रकट होता है कि वे राजनीतिक क्षेत्र के विशिष्ट वर्ग के लोगों से सुपरिचित थीं। दो वर्ष पश्चात् उन्होंने गौतम सहगल से विवाह किया जो एक व्यवसायी थे। इनके तीन सन्तानें हुईं। लेकिन इस विवाह का सम्बन्ध-विच्छेद हो गया जब नयनतारा की मुलाकात ई०एन० मंगतराम नामक सिविल सेवा के अधिकारी से हुई। 'Relationship' (1994) में उनके बीच पत्र व्यवहार का विवरण निहित है। इस पुस्तक में उस दबाव की झलक मिलती है जो समसामयिक दौर में मध्यम वर्ग के दम्पत्ति को झेलना पड़ता है।

नयनतारा के उपन्यासों के कथानक प्राय: राजनैतिक पृष्ठभूमि या राजनैतिक वातावरण से आच्छादित रहते हैं। वह अपने परिवेश से गहराई से भावात्मक और बौद्धिक रूप से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने स्वयं को अनीश्वरवादी बताया है। नास्तिकता या अनीश्वरवाद उनके परिवार का सिद्धान्त रहा है लेकिन वह आशावाद के संबल के साथ आगे बढ़ने में विश्वास करती हैं। वह स्वयं को उपन्यासकार और पत्रकार के रूप में देखती हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में शक्ति के प्रयोग के साथ ही सहगल ने इसमें स्त्रियों के भाग्य को विषय बनाया है जो घरेलू फलक पर उनके जीवन का लेखा-जोखा होता है। नयनतारा सहगल के उपन्यासों में भारतीय समाज के सर्वाधिक उच्च वर्ग के जीवन, उनके आडम्बर व दिखावे और उनकी मान्यताओं को दर्शाया गया है। इसके साथ ही सहगल भारत की परम्पराओं और उनके महत्त्व से भी वास्ता रखती हैं जो शिक्षित भारतीयों के लिए आवश्यक है। उनका पहला उपन्यास 'A Time to Be Happy' (1958) उनकी दो आत्मकथाओं के बाद प्रकाशित हुआ। कहानी का नायक एवं सूत्रधार सनद है जो अंग्रेजी माहौल में पढ़े-लिखे और पले उच्च वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है जो नेहरू जी की 'Autobiography' (1936) के शब्दों की अनुगूँज में कहता है—"मैं पूरी तरह से भारत का हूँ, ऐसा नहीं है। मेरी परवरिश और मानसिक सोच ने मुझे एक अभारतीय बना दिया है, तथापि यह प्रश्न ही बेमानी है कि मैं किसी अन्य देश का निवासी हूँ।।" उपन्यास 'Rich Like Us' (1985) का ताना-बाना आपातकाल के दौरान का है लेकिन इसके साथ ही इसमें सती के प्रति बरताव का भी विवेचन है जिसका लाक्षणिक रूप से इस तथ्य के लिए उपयोग किया गया है कि स्त्रियों को परम्परागत विवाह संस्था के माध्यम से किस प्रकार पुरुष के जाल में फँसाया जाता है। इस उपन्यास को सिनक्लेयर पुरस्कार और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सहगल ने आपातकाल को नैतिक मूल्यों के शनै: शनै: क्षरण के रूप में कथानक में शामिल किया है। यह सिविल सेवा के सरकारी कर्मचारियों और जनता दोनों में ही समान रूप से दिखाया गया है जो स्वतन्त्रता के बाद परिलक्षित होता है। ऐसा ही विवरण सहगल ने अपने अन्य दो उपन्यासों 'Plans for Departure' (1986) और 'Mistaken Identity' (1988) में दिखाया है जिनका कथानक ब्रिटिश राज और स्वतन्त्रता के लिए आन्दोलन है। नयनतारा सहगल के स्वावलम्बी लहजे और उनकी माँ के भी इसी प्रकार के बरताव के कारण उनकी अपनी ममेरी बहन इन्दिरा गांधी से अनबन हो गयी, जब इन्दिरा 1960 और 1970 के दशकों में अपने पद पर भयंकर रूप से स्वेच्छाचारी व निरंकुश हो गयी थीं। इन्दिरा गांधी जब जनवरी 1980 में पुन: सत्ता में आयीं तो सत्ता में आने के कुछ दिनों बाद ही उन्होंने नयनतारा के इटली में भारत की राजदूत की नियुक्ति को निरस्त कर दिया। लेकिन नयनतारा किसी भी प्रकार से भयाक्रान्त नहीं हुईं और उन्होंने निडर होकर इन्दिरा के सत्ता का केन्द्र बनने के बारे में मर्मभेदी कटु सत्य लिखा जो 1982 में प्रकाशित हुआ।

Q.25. Who is Nayantara Sahgal? Give an introduction of her life.
नयनतारा सहगल कौन हैं? उनके जीवन का परिचय दीजिए।

Ans. Nayantara Sahgal (1927) is another popular woman novelist who dominated the Post-Independence scenario of an Indian novel in English. She dealt with issues concerning women that later became major issues in the feminist movement launched in the sixties. With delicate sensitivity, she exposes the prejudices faced by woman in a male dominated society. Sahgal has a limited world of feminist Id.

Sahgal's father Ranjit Sitaram Pandit was a barrister from Kathiawad. Pandit was also a classical scholar who had translated Kalhana's epic history Rajatarangini into English from Sanskrit. He was arrested for his support of Indian independence and died in Lucknow prison jail in 1944.

Sahgal's mother, Vijayalakshmi Pandit, was the daughter of Motilal Nehru and sister of India's first prime minister, Jawaharlal Nehru. Vijayalakshmi had been active in the Indian freedom struggle, had been to jail for this cause and in 1946, was part of the first team representing newly formed India that went to the newly formed United Nations, along with M.C. Chagla. After India achieved independence, Vijayalakshmi Pandit served as a member of India's Constituent Assembly, the governor of several Indian states, and as India's ambassador to the Soviet Union, the United States, Mexico, the Court of St. James, Ireland and the United nations.

Sahgal has been married twice, first to Gautam Sahgal and later to E.N. Mangat Rai, a Punjabi Christian who was an Indian Civil Service officer. Though part of the Nehru family, Sahgal developed a reputation for maintaining her independent critical sense. Her independent tone, and her mother's led to falling out with her cousin Indira Gandhi during the most autocratic phases of the latter's time in office in the late 1960s and throughout the 1970s. Gandhi cancelled Sahgal's scheduled appointment as India's Ambassador to Italy within days of her return to power. Gita Sahgal is her daughter.

नयनतारा सहगल (1927) एक अन्य लोकप्रिय महिला उपन्यासकार हैं, जिन्होंने अंग्रेजी में एक भारतीय उपन्यास के स्वतंत्रता के बाद के परिदृश्य पर अपना दबदबा कायम रखा। उन्होंने महिलाओं से संबंधित मुद्दों का निपटारा किया जो बाद में साठ के दशक में शुरू किए गए नारीवादी आंदोलन में प्रमुख मुद्दे बन गए। नाजुक संवेदनशीलता के साथ, वह पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले पूर्वाग्रहों को उजागर करती हैं। सहगल के पास नारीवाद की सीमित दुनिया है।

सहगल के पिता रंजीत सीताराम पंडित काठियावाड़ के बैरिस्टर थे। पंडित एक शास्त्रीय विद्वान भी थे, जिन्होंने कल्हण के महाकाव्य इतिहास राजतरंगिणी का संस्कृत से अंग्रेजी में अनुवाद किया था। उन्हें भारतीय स्वतंत्रता के समर्थन के लिए गिरफ्तार किया गया था और 1944 में लखनऊ जेल में उनकी मृत्यु हो गई।

सहगल की माँ, विजयालक्ष्मी पंडित, मोतीलाल नेहरू की बेटी और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बहन थीं। विजयालक्ष्मी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय थीं, इस कारण से वह जेल गई थीं और 1946 में, नवगठित भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली टीम का हिस्सा थीं, जो एम०सी० छागला के साथ तत्कालीन नवगठित संयुक्त राष्ट्र में गई थी। भारत के स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद, विजयालक्ष्मी पंडित ने भारत की संविधान सभा के सदस्य, कई भारतीय राज्यों के राज्यपाल, और सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको, सेंट जेम्स, आयरलैंड के न्यायालय में भारत के राजदूत के रूप में कार्य किया।

सहगल ने दो बार शादी की, पहले गौतम सहगल से और बाद में ई०एन० मंगत राय, एक पंजाबी ईसाई से जो एक भारतीय सिविल सेवा अधिकारी थे। हालांकि नेहरू परिवार का हिस्सा, सहगल ने अपनी स्वतंत्र आलोचनात्मक भावना को बनाए

रखने के लिए एक प्रतिष्ठा विकसित की। उनके स्वतंत्र स्वर और उनकी माँ की वजह से, 1960 के दशक के अंत में और पूरे 1970 के दशक में इंदिरा गांधी के कार्यालय के सबसे निरंकुश चरणों के दौरान उनकी चचेरी बहन इंदिरा गांधी के साथ उनका मतभेद हो गया। गांधी ने सत्ता में वापसी के कुछ दिनों के भीतर इटली में भारत के राजदूत के रूप में सहगल की निर्धारित नियुक्ति को रद्द कर दिया। गीता सहगल उनकी बेटी है।

Q.26. Write a note on the development of Indian writing in English. **(2021)**

भारत में अंग्रेजी लेखन पर एक लेख लिखिए।

Ans. Indian English Literature refers to that body of work by writers from India, who write in the English language and whose native or co-native language could be one of the numerous regional and indigenous languages of India. English literature in India is also linked with the works of writers of the Indian diaspora born in India but residing elsewhere.

A pioneer of this literature was Raja Rammohan Roy whose prose works is noteworthy. There were poets who are considered the first of the Indian English poets : Henry Vivian Derozio, Michael Madhusudan Dutt, Aru and Toru Dutt, and Manmohan Ghose. Indian literature in English actually dates back to the 1830s to Kashiprasad Ghosh, who is considered the first Indian poet in English.

Sochee Chunder Dutt was the first writer of fiction. In the beginning, political writing in the novel or essay format dominated as can be seen in Raja Rammohan Roy' works. An outstanding Indian writer in English was Aurobindo Ghose whose poetic magnum opus was the epic 'Savitri'. In prose, his most effective work is 'The Life Divine' that outlines his metaphysics in a rich language.

Some of Rabindranath Tagore's works were originally written in English such as 'Sadhana', 'Personality' and 'The Religion of Man'. Yet another Indian writer in English was Sarojini Naidu, The Nightingale of India, who rendered familiar things with an essence of colour and romance. 'The Golden Threshold', 'The Bird of Time' and 'The Broken Wing' are her important works. Jawaharlal Nehru's famous prose works are 'The Discovery of India' and 'Glimpses of World History'.

In the genre of novel, three early writers made a mark. Mulk Raj Anand's 'Coolie', 'Untouchable', 'The Big Heart' and other novels are about the underprivileged in India. R.K. Narayan became famous for creating the imaginary 'Malgudi' as the locale for most of his novels. He has a humorous manner and an eye for the comic in the world around him. His works include 'Swami and his Friends', 'The Dark Room', 'The Guide', 'Waiting for the Mahatma' and 'The Man Eater of Malgudi'.

Raja Rao is a good short story writer and has written only four but significant novels like 'Kanthapura', 'The Serpent and the Rope', and 'The Cat and Shakespeare'. Besides the legendary and hugely venerated Indian English Literary personalities like Rabindranath Tagore or R.K. Narayan, later novelists like Kamala Markandaya ('Nectar in a Sieve', 'Some Inner Fury', 'A silence of Desire', 'Two Virgins'), Manohar Mulgaonkar ('Kistant Drum', 'Combat of Shadows', 'The Princess', 'A Bend in the Ganges' and 'The Devil's Wind'), Anita Desai ('Clear Light of Day', 'The Accompanist', 'Fire on the Mountain', 'Games at Twilight') and Nayantara Sehgal, have ceaselessly captured the spirit of an independent India struggling to break away from the British and establish a distinct identity. Khushwant Singh ('Train to

Pakistan'), Bhabani Bhattacharya (So Many Hungers, He Who Rides Tiger, Music for Mohini) are other Indian novelists famous for their writing in English.

भारतीय अंग्रेजी साहित्य भारतीय लेखकों के उस कार्य को इंगित करता है जो अंग्रेजी भाषा में लिखा गया है और जिनकी देशी व सह-देशी भाषा भारत की असंख्य क्षेत्रीय में से एक हो सकती थी। भारत में अंग्रेजी साहित्य उन प्रवासी भारतीयों के कार्य से भी जुड़ा हो सकता है जिनका जन्म भारत में हुआ परन्तु वे कहीं और रह रहे हों।

इस साहित्य के अगुआ राजा राममोहन राय थे जिनका गद्य कार्य उल्लेखनीय है। हेनरी विवियन डेरोजियो, माइकेल मधुसूदन दत्त, अरू और तोरू दत्त और मनमोहन घोष आदि को प्रथम भारतीय अंग्रेजी कवि माना जाता है। अंग्रेजी में भारतीय साहित्य की वास्तविक तिथि 1830 के दशक में काशीप्रसाद घोष से कही जाती है तथा उन्हें अंग्रेजी में प्रथम भारतीय कवि माना जाता है।

उपन्यास के प्रथम लेखक सोची चंदर दत्त थे। आरम्भ में उपन्यास व निबन्ध प्रारूप में राजनीतिक लेखन का प्रभुत्व था जैसा कि राजा राममोहन राय के कार्यों में देखा जा सकता है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर के कार्यों में से कुछ जैसे कि Sadhana, Personality और The Religion of Man मौलिक रूप से अंग्रेजी में लिखे गये थे। अंग्रेजी में एक अन्य भारतीय लेखक भारत की कोकिला सरोजिनी नायडू थीं जिन्होंने आम वस्तुओं को रंग व प्रेम के पुट से भर दिया। उनके कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य The Golden Threshold, The Bird of Time और The Broken Wing हैं।

उपन्यास के प्रारूप में आरम्भ के तीन लेखक महत्त्वपूर्ण हैं। मुल्कराज आनंद के Coolie, The Untouchable, The Big Heart और दूसरे उपन्यास भारत के वंचितों के बारे में हैं। आर०के० नारायण काल्पनिक मालगुड़ी को अपने अधिकांश उपन्यासों का स्थान बनाने के लिए प्रसिद्ध हुए। उनका स्वभाव मजाकिया है जो अपने चारों ओर हँसी के तत्त्व ढूँढ़ता है। उनके कार्यों में Swami and His Friends, The Dark Room, The Guide, Waiting for the Mahatma और The Man Eater of Malgudi सम्मिलित हैं।

राजा राव अच्छे लघु कथा लेखक हैं जिन्होंने केवल चार उपन्यास लिखे लेकिन इनमें Kanthapura, The Serpent and the Rope और The Cat and and Shakespeare उपन्यास महत्त्वपूर्ण हैं। रवीन्द्रनाथ टैगोर और आर०के० नारायण जैसे प्रसिद्ध और सम्मानित भारतीय अंग्रेजी लेखकों के अलावा कमला मार्कण्डेय (Nectar in a Sieve, Some Inner Furgy, A Silence of Desire, Two Virgins), मनोहर मूलगाँवकर (Distant Drums, Combat of Shadows, The Princess, A Bench in the Ganges and The Devil's Wind), अनीता देसाई (Clear Light of Day, The Accompanist, Fire on the Mountain, Games at Twilight) और नयनतारा सहगल ने स्वतन्त्र भारत, जो अपने ब्रिटिश काल के इतिहास से छुटकारा पाने को छटपटा रहा है, की आत्मा को निरन्तर उकेरा है। खुशवंत सिंह (Train to Pakistan), भवानी भट्टाचार्य (So Many Hungers, He Who Rides Tiger, Music for Mohini) दूसरे भारतीय उपन्यास लेखक हैं जो अपने अंग्रेजी में लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं।

❑

UNIT-II

Elements of Short Story

SECTION-A VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. What is a plot in short story?
लघुकथा में कथानक क्या है?

Ans. The plot is arguably, the most important element of a story. It is literally the sequence of events and in that sequence, we learn more about the characters, the setting and the moral of the story.

कथानक यकीनन, कहानी का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। वह वस्तुतः घटनाओं का क्रम है और उस क्रम में, हम कहानी के पात्रों, सेटिंग और नैतिकता के बारे में अधिक सीखते हैं।

Q.2. What is characterization?
चरित्र चित्रण क्या है?

Ans. Characterization deals with how the characters in the story are described. In short stories there are usually fewer characters compared to a novel. They usually focus on one central character or protagonist.

चरित्र चित्रण इस बात से सम्बन्धित है कि कहानी में पात्रों का वर्णन कैसे किया जाता है। लघुकथाओं में आमतौर पर उपन्यास की तुलना में कम पात्र होते हैं। वे आमतौर पर एक केन्द्रीय चरित्र या नायक पर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

Q.3. What is an autobiography?
आत्मकथा क्या है?

Ans. An autobiography is a biography in which the author writes about his or her own life. It is a self-written account of one's own life. The word comes from the Greek term 'auto' (meaning 'self'), 'bio' (meaning 'life') and 'graphy' (meaning 'write').

आत्मकथा एक जीवनी है जिसमें लेखक अपने जीवन के बारे में लिखता है। यह स्वयं के जीवन का एक स्व-लिखित लेखा है। यह शब्द ग्रीक शब्द 'ऑटो' (जिसका अर्थ है 'स्व'), 'बायो' (अर्थ 'जीवन') और 'ग्राफी' (जिसका अर्थ है 'लिखना') से आया है।

Q.4. What is a biography?
एक जीवनी क्या है?

Ans. A biography is a story written about someone's life. An example of biography is a book about the story of President Obama's life.

एक जीवनी किसी के जीवन के बारे में लिखी गई कहानी है। जीवनी का एक उदाहरण राष्ट्रपति ओबामा के जीवन की कहानी के बारे में एक किताब है।

TOUCH 'n' PASS

Q.5. What does a memoir mean?
एक संस्मरण का क्या अर्थ है?

Ans. A memoir is an official note or report. It is also called memorandum.
एक संस्मरण एक आधिकारिक नोट या रिपोर्ट है। इसे ज्ञापन भी कहते हैं।

Q.6. What do you mean by a personal essay?
व्यक्तिगत निबंध से आप क्या समझते हैं?

Ans. A personal essay is a short work of autobiographical notification characterized by a sense of intimacy and a conversational manner.
एक व्यक्तिगत निबंध आत्मकथात्मक अधिसूचना का एक छोटा काम है जो अंतरंगता की भावना और बातचीत के तरीके की विशेषता है।

Q.7. Describe characterisation as an element of story.
कहानी के एक तत्त्व के रूप में चरित्र-चित्रण का विवरण दीजिए।

Ans. Characterisation is often listed as one of the fundamental elements of fiction. A character is a participant in the short story, and is usually a person, but may be any personal identity, or entity whose existence originates from a fictional work or performance.
कल्पित कथासाहित्य व लघुकथा में चरित्र–चित्रण को मूल तत्त्वों में शामिल किया जाता है। पात्र ही लघु कहानी का हिस्सा होते हैं। इनके क्रियाकलापों से कहानी आगे बढती है। प्राय: पात्र वास्तविक मानव होते हैं। लेकिन अन्य मानव से विरत प्राणी या वस्तु भी कभी–कभी कहानी के अन्तर्गत पात्र बन जाते हैं जो मनगढ़ंत कार्य से उत्पन्न होते हैं या कार्य–व्यापार की परिणति से ऐसा हो सकता है।)

Q.8. Describe the semi-story and non-realistic story.
अर्धकथा और अवास्तविक कथा का विवरण दीजिए।

Ans. Semi-fictional story implements a great deal of non-fiction. For example, a fictional depiction based on a true story or a fictionalized account, or a reconstructed biography. Even when the author claims the story is true, there may be significant additions and substractions from the true story to make it more suitable for story telling.

Non-realistic story is that in which the story's events could not happen in real life. A good deal of fiction books are like this, as *Alice in Wonderland, Harry Potter* and *The Lord of the Rings*.
अर्ध काल्पनिक साहित्य ऐसी गल्प कथा है जो काल्पनिकता से विरत होती है। उदाहरण के लिए, किसी सच्चे घटनाक्रम पर कोई कहानी गढ़ी जा सकती है या किसी जीवनी को उपन्यास का स्वरूप दिया जा सकता है तो यह semi-fiction कहलाती है। यद्यपि लेखक इस रचना में दावा कर सकता है कि कथानक वास्तविक आख्यान पर आधारित है तो भी इसमें कहानी की आवश्यकता को देखकर कुछ घटाया या बढ़ाया जा सकता है, जिसका वास्तविकता से कुछ भी लेना–देना न हो।
अवास्तविक कथा के अन्तर्गत ऐसी कथाएँ व उपन्यास की कहानी शामिल होती है जो वास्तविक संसार में घटित नहीं हो सकती हैं। 'Alice in Wonderland' (एलिस जादूनगरी में), 'Harry Potter' तथा 'Lord of the Rings' इसी प्रकार की अवास्तविक कथा संसार से सम्बन्धित कहानियाँ हैं।

Q.9. Describe the plot as an element of story.
कहानी के एक तत्त्व के रूप में कथानक का विवरण दीजिए।

Ans. It is the storyline and is often listed as one of the fundamental elements of fiction or a story. Plot is what the characters did, said and thought. There are a great variety of plot forms.

Some plots are designed to achieve tragic effects, while others to achieve the effect of comedy, romance or satire.

कथानक के अन्तर्गत कहानी का सिलसिलेवार विवरण होता है तथा इसको प्रायः उपन्यास या कथासाहित्य का सर्वप्रथम तत्त्व माना जाता है। पात्रों द्वारा जो किया गया, जो कहा गया और जो सोचा गया, वह सब कथानक में समाहित है। कथानकों के स्वरूप नानाविध रूपों में हो सकते हैं। कुछ कथानक कारुणिक दृश्य उपस्थित करना चाहते हैं तो अन्य सुखानुभूति से पाठकों को सराबोर कर देना चाहते हैं। अन्य प्रकार की कथावस्तु भी हो सकती है जिनकी व्युत्पत्ति के रूप में पाठकों के सामने सुखान्तिका, रोमांस या व्यंग्य का आविर्भाव हो सकता है।

Q.10. Describe various elements of story.

कहानी के विभिन्न तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

Ans. Mainly story has three main elements of plotting, character and setting. For others they include theme, character, conflict, setting, style and so on. According to Evanovich contained within the framework of a story, major story elements of characters, action and conflict.

मुख्यतः कहानी के कथानक, पात्र व मंचसज्जा–तीन प्रमुख तत्त्व होते हैं। अन्य विद्वानों का अभिमत है कि इस सूची में प्रतिपाद्य विषय, चरित्र, द्वन्द्व स्थल या रंगमंच सज्जा, रंगढंग और अन्य शामिल हैं। **इवानोविच** के अनुसार कहानी के परिमण्डल में जिन प्रमुख तत्त्वों को शामिल किया जाना चाहिए वे पात्रों का चित्रण, कार्य–व्यापार और द्वन्द्व हैं।

Q.11. Explain spiritual autobiography.

आध्यात्मिक आत्मकथा के बारे में विवेचना कीजिए।

Ans. It is an account of an author's struggle or journey towards God. It is followed by conversion i.e., a religious conversion which is often interrupted by moments of regression. The author re-frames his life as a demostration of divine intention through encounters with the Divine. The earliest example of a spiritual autobiography is Augustine's 'Confessions'.

यह लेखक का ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त करने का या उस ओर अग्रसर होने का ब्यौरा है। आध्यात्मिक आत्मकथा जो संवाद है, एक धार्मिक संवाद जिसमें अनेक व्यवधान आते रहते हैं। लेखक अपने जीवन को पुनः ढाँचे में ढालता है और ईश्वर के साथ दिव्यता की अनुभूति प्राप्त करता है। ऑगस्टीन की कृति 'Confessions' प्रारम्भिक आध्यात्मिक आत्मकथा का उदाहरण है।

Q.12. Enumerate some well-known autobiographies.

कुछ प्रसिद्ध आत्मकथाओं के नाम लिखिए।

Ans. Some well-known autobiographies, which influenced millions and millions people throughout the world are *'Mein Kampf'* by Adolf Hitler, *'My Experiments with Truth'* by Mahatma Gandhi, *'An Autobiography'* by Jawaharlal Nehru. Benjamin Franklin and Sir Winston Churchill also wrote autobiographies, which are read with pride in literary circles.

कुछ कालजयी आत्मकथाएँ जिन्होंने लाखों–लाख लोगों के जीवन को अनुप्राणित कर आलोड़ित कर दिया हैं—Mein Kampf *(मीन कैंफ = मेरा संघर्ष)*, जिसकी रचना एडोल्फ हिटलर ने की, My Experiments with Truth *(सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा)*, इसको गांधी जी ने लिखा, An Autobiography जवाहरलाल नेहरू ने लिखी। बैंजामिन फ्रैंकलिन तथा सर विंस्टन चर्चिल ने भी आत्मकथाएँ लिखीं जिनकी सराहना की गई और साहित्यिक जगत् में गर्व के साथ उनको पढ़ा जाता है।

TOUCH 'n' PASS

Q.13. Discuss the writing of biographies by Roman Catholic Church, monks and priests?
रोमन कैथोलिक चर्च, पादरी व पुरोहितों द्वारा जीवनी लेखन के बारे में विवेचना कीजिए।

Ans. Between 5th century and 15th century, there was a decline in awareness of the classical culture in Europe. During this time, the only repositories of knowledge and records of the early history in Europe were those of the Roman Catholic Church, hermits, monks and priests, who used this historic period to write biographies. Their subjects were usually restricted to the church fathers, martyrs, popes and saints. Their works were meant to be inspirational to the people and vehicles for conversion to Christianity.

पाँचवीं शताब्दी से पन्द्रहवीं शताब्दी के बीच के दौरान यूनानी व रोमन संस्कृति से अनुप्राणित यूरोप में ज्ञान का पतन होने लगा था। इस अँधेरे युग में ज्ञान के भण्डार और यूरोपीय इतिहास को सँजोए रखने के उपागमों के रूप में रोमन कैथोलिक चर्च, पादरी और पुरोहित ही थे जिन्होंने इस ऐतिहासिक कालखण्ड में जीवनियों को लिखा। उनकी जीवनियों के विषय प्राय: गिरजाघरों के अधिष्ठाताओं, प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों, पोप और सन्तों के चरित्र हुआ करते थे। इन जीवनियों का उद्देश्य लोगों को प्रेरित करना और उन्हें ईसाई धर्म में दीक्षित करना होता था।

Q.14. What do you mean by 'travelogue'?
'Travelogue' से आप क्या समझते हैं?

Ans. Travelogue is a travel writing of literary value. Travel literature typically records the experiences of an author touring a place for the pleasure of travel. Travelogue is an individual work, a work of an author and traveller of great meritorious and literary abilities. Travel literature may be cross-cultured or transnational in focus, or may involve travel to different regions within the same country. Accounts of spaceflight may also be considered travel literature.

Travelogue वह यात्रा वृत्तान्त होता है जिसका साहित्यिक रूप में भी महत्त्व होता है। यात्रा सम्बन्धी साहित्य लेखक के अपने अनुभव पर आधारित उन यात्राओं का विवरण होता है जो उसने मनोरंजन के निमित्त की थीं। यह निजी कथा वृत्तान्त होता है जो लेखक व यात्री द्वारा सम्पन्न की जाती है और ऐसा यात्री साहसिकता व साहित्यिक योग्यताओं से सुसम्पन्न रहता है। इसका विवरण नानाविध संस्कृतियों का संगम हो सकता है, साथ ही अनेक राष्ट्रीयताओं के रंगों से भी सराबोर रह सकता है, एक ही देश के अलग-अलग क्षेत्रों की यात्राओं का विवरण भी इसमें समाहित हो सकता है। अन्तरिक्ष की सुदूर उड़ान को भी अब यात्रावृत्तान्त के घेरे में समेट लिया गया है।

Q.15. Discuss some characteristics of travelogue.
यात्रावृत्तान्त की कुछ विशिष्टताओं को बताइए।

Ans. Travelogue is a truthful account of an individual's experiences of travelling. Thoughts, feelings and reflections are important parts of our experience of travel. Therefore descriptions of a traveller's inner world are not out of place in the travelogue. Likewise, notes and observations on history, society, and culture are also common features of travelogues, as we certainly learn about the world when we travel.

यात्रावृतान्त किसी व्यक्ति की यात्रा के दौरान हुए अनुभवों का वास्तविक व सत्य पर आधारित वृतान्त है। यात्रा के दौरान हमें विचारों, अनुभवों और प्रतिक्रियाओं के रूप में अनेक अनुभूतियों की प्राप्ति होती है। इस रूप में यात्री के अन्तर्मन में व्याप्त विचार, शब्दों में प्रकट होने लगते हैं जो लेखन के स्वरूप में यात्रावृत्तान्त का आकार ले लेते हैं। इसी प्रकार से इतिहास, समाज और संस्कृति का अवलोकन और उनका लेखन भी यात्रावृत्तान्त के सामान्य गुण हैं क्योंकि यात्रा के समय हमें विश्व की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

TOUCH 'n' PASS

Q.16. Why is the periodical essay treated as 'social essay'?
नियतकालीन निबन्ध को सामाजिक निबन्ध के रूप में क्यों देखा जाता है?

Ans. The periodical essay aimed at improving the manners and morals of the people and hence, it is also termed as the social essay. It was the peculiar product of the eighteenth century. It was called 'periodical' because it was not published in book form like other types of essays, as the essays of Bacon, but it was published in journals and magazines which appeared periodically. It has an inherent social purpose.

लोगों के चाल-चलन व आचरण में सुधार लाना इस निबन्ध शैली का ध्येय था, इसलिए इस प्रकार के निबन्ध को सामाजिक निबन्ध कहा गया है। अठारहवीं शताब्दी में नियतकालिक निबन्ध एक विशिष्ट निबन्ध शैली के रूप में उभरा था। इसको नियतकालिक इसलिए कहा गया क्योंकि इसका प्रकाशन पुस्तक रूप में नहीं किया जाता था जैसा कि बेकन के निबन्धों में किया गया था अपितु इसको पत्रिका में धारावाहिक रूप में प्रकाशित किया जाता था। इस प्रकार के निबन्ध का एक निश्चित सामाजिक उद्देश्य होता था।

Q.17. Discuss the causes which contributed to the rise of the periodical essay.
उन कारकों का विवरण दीजिए जिन्होंने नियतकालिक निबन्ध के विकास में योगदान किया।

Ans. The increasing interest in the political affairs, the establishment of clubs and coffee houses, and the new printing houses contributed to the development of prose in the eighteenth century. Daniel Defoe, Jonathan Swift, Sir Richard Steele and Joseph Addison are the four great writers of the periodical essay in the age of Pope.

राजनीतिक क्रियाकलपों में लोगों की सक्रियता, क्लबों और कॉफी हाउसों की बड़े स्तर पर स्थापना और नए मुद्रणालयों का आविर्भाव, ऐसे कुछ कारण थे जिन्होंने अठारहवीं शताब्दी में गद्य के विकास में सहयोग किया। डेनियल डेफो, जोनाथन स्विफ्ट, सर रिचर्ड स्टील और जोसफ एडिसन पोप काल के चार बड़े लेखक हुए जिन्होंने नियतकालिक निबन्ध के क्षेत्र में लेखन कार्य किया।

Q.18. What do the formal essays typically contain?
विशेष रूप से औपचारिक निबन्धों में क्या अन्तर्विष्ट होता है?

Ans. The formal essays typically contain an introductory paragraph that acquaints the reader with the thesis statement, followed by several paragraphs of evidence that support the writer's argument. The essay typically ends with a conclusion that restates the thesis and reiterates the main points of the essay.

विशेष रूप से औपचारिक निबन्ध में एक परिचयात्मक अनुच्छेद होता है जो निबन्ध की विषयवस्तु से पाठक को परिचित कराता है। इसके बाद अनेक अन्य अनुच्छेद होते हैं जो लेखक के पक्ष को सशक्त करते हैं। इस प्रकार के निबन्ध का समापन उपसंहार से किया जाता है जो विषय सामग्री की पुनरावृत्ति करता है और मुख्य बिन्दुओं का एक बार पुनः दोहराव करता है।

Q.19. What are the features of a good personal essay?
एक अच्छे व्यक्तिगत निबन्ध की क्या विशेषताएँ होती हैं?

Ans. The main features of a good personal essay are an introductory paragraph, body paragraph, and a conclusion. The standard length is about five paragraphs, but personal essays can be longer or shorter, as long as they contain all three basic sections.

एक अच्छे व्यक्तिगत निबन्ध की विशेषताएँ हैं—एक परिचयात्मक अनुच्छेद, मध्य भाग और उपसंहार। इसमें लगभग पाँच अनुच्छेदों का होना ठीक रहता है। लेकिन व्यक्तिगत निबन्ध अधिक विस्तृत या छोटे भी हो सकते हैं जिनमें तीनों भागों का समायोजन होना चाहिए।

Q.20. What topics can be covered as the subject-matter of personal essay?
व्यक्तिगत निबन्ध में किस प्रकार के विषयों को विषयवस्तु के रूप में शामिल किया जा सकता है?

Ans. A variety of different subject-matters can be covered by personal essays. They could be about the first time you failed a test in an entrance examination, as estranged family member, a moral turning point encountered during adolescence, a war experience overseas, a survival of abuse, or a professor that changed the way you feel about literature. Any moment in your life that sparked growth or changed you in some way can be written about in a personal essay and enriched by your personal opinion.

व्यक्तिगत निबन्ध के विषय के रूप में विभिन्न विषयवस्तुओं को शामिल किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा में असफलता, उदासीन पारिवारिक सदस्य, किशोरावस्था में जीवन के बदलाव का बिन्दु, विदेश में युद्ध का अनुभव, अपशब्दों का अस्तित्व, प्राध्यापक जिसने साहित्य के प्रति रुचि जाग्रत की, जैसे विषय इस निबन्ध की विषयवस्तु हो सकते हैं। अपने जीवन का कोई भी भावुक या बदलाव का क्षण व्यक्तिगत निबन्ध में लिया जा सकता है और अपनी व्यक्तिगत राय से निबन्ध को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है।

SECTION-B SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Explain briefly about 'fictional autobiography'.
'कल्पित आत्मकथा' के बारे में संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

Ans. It signifies novels about a fictional character written as though the character were writing his own autobiography, meaning that the character is the first-person narrator and that the novel addresses both internal and external experiences of the character. The term may also apply to works of fiction purporting to be autobiographies of real characters, as Robert Nye's "Memoirs of Lord Byron".

Daniel Defoe's 'Moll Flanders' is an early example. Charles Dickens's 'David Copperfield' is another such classic, and J.D. Salinger's "The Catcher in the Rye" is a well-known modern example of fictional autobiography. Charlotte Bronte's "Jane Eyre" is yet another example of fictional autobiography.

इसका आशय उन उपन्यासों से है जो कल्पित पात्र के बारे में होते हैं जहाँ लगता है कि मानों पात्र स्वयं अपनी आत्मकथा का प्रणयन कर रहा है अर्थात् पात्र उत्तम पुरुष में वाचन कर रहा होता है और उपन्यास में आन्तरिक और बाह्य दोनों रूपों में पात्र के अनुभवों का समावेश रहता है। इस शब्दावली का प्रयोग ऐसी कृतियों के लिए भी किया जा सकता है जो वास्तविक पात्रों की आत्मकथा प्रतीत होती हों जैसा कि रॉबर्ट नई की कृति 'Memoirs of Lord Byron' से आभास मिलता है।

डेनियल डैफो की कृति 'Moll Flanders' इस प्रकार की रचना का प्रारम्भिक उदाहरण है। चार्ल्स डिकन्स की कृति 'David Copperfield' इसी प्रकार का शास्त्रीय उदाहरण है। जे० डी० सेलिंगर की कृति 'The Catcher in the Rye' कल्पित आत्मकथा का आधुनिक उदाहरण है। शरलट ब्रोण्टे की 'Jane Eyre' भी कल्पित आत्मकथा का उदाहरण है।

Q.2. Describe any three famous narrative techniques.
तीन प्रसिद्ध आख्यान तकनीकों का विवरण दीजिए।

Ans. The three major techiques are described herewith :

1. **In medias res :** The story begins in the middle of a sequence of events in this narrative technique. It is a specific form of narrative hook.
2. **Framing device :** The use of framing device allows from stories to exist. It is a single action, scene, event, setting, or any element of significance at the beginning and end of a work.

3. **Flashforward technique :** This technique is also called prolepsis, a scene that temporarily jumps the narrative forward in time. Flashforward often represents events expected, projected, or imagined to occur in the future. They may also reveal significant parts of the story that have not yet occurred, but soon will in greater detail.

तीन तकनीकों का विवरण निम्नवत् है—

1. **In medias res :** इस आख्यान तकनीक में कहानी का जन्म कुछ विशिष्ट घटनाओं के बीच में होता है। यह आख्यान को उत्तेजित करने की एक विशिष्ट तकनीक है।
2. **Framing अयुक्ति :** इस तकनीक के द्वारा कहानी के अस्तित्व को बनाए रखा जाता है। यह स्वयं में एक पूर्ण कार्यव्यापार, दृश्य, घटना, रंगमंच सज्जा या अन्य कोई महत्त्वपूर्ण तत्त्व हो सकता है जो कहानी के प्रारम्भ या अन्त में दिखायी देता है।
3. **Flashforward तकनीक :** इस तकनीक को पूर्वानुमान तकनीक भी कहा जाता है। इसमें कोई दृश्य अचानक ही कहानी में प्रकट होकर स्वरूप में बदलाव ला देता है। यह तकनीक भविष्य में होने वाले या अपेक्षित घटनाक्रम का आभास करा देती है। इसमें कहानी के महत्त्वपूर्ण चरण को प्रकट कर दिया जाता है जो अब तक घटित नहीं हुआ है लेकिन शीघ्र ही भविष्य में पूरी, शक्ति से प्रकट होने वाला है।

Q.3. Describe the beginning of biographies in England and America.
इंग्लैण्ड और अमेरिका में जीवनियों की शुरुआत का विवरण दीजिए।

Ans. In the case of England, biographies began appearing during the reign of Henry the Eighth. John Foxe wrote 'Actes and Monuments' in 1563. This work is also known as 'Foxe's Book of Martyrs'. It was the first book as dictionary of the biography in Europe. Then came 'The History of the Worthies of England' in 1662. A notable early collection of biographies of eminent men and women in the United Kingdom was 'Biographia Britannica' (1747-1766).

The American biography followed the English model, incorporating Thomas Carlyle's view that biography was a part of history. Carlyle asserted that the lives of great human beings were essential to understand society and its institutions. While the historical impulse would remain a strong element in early American biography, American writers carved out a distinct approach. What emerged was a rather didactic form of biography, which sought to shape the individual character of a reader in the process of defining national character.

इंग्लैण्ड में हेनरी अष्टम के शासन के दौरान जीवनियों को लिखने का प्रचलन होने लगा था। जॉन फॉक्स ने 'Actes and Monuments' वर्ष 1563 में लिखी। इस पुस्तक का एक अन्य शीर्षक 'Foxe's Book of Martyrs' भी है। यूरोप में जीवनी के शब्दकोश के रूप में यह पहली पुस्तक है। इसके बाद वर्ष 1662 में The History of the Worthies of England पुस्तक का प्रकाशन हुआ। ब्रिटेन में लब्धप्रतिष्ठ स्त्री व पुरुषों का एक प्रारम्भिक उल्लेखनीय जीवनी संग्रह 'Biographia Britannica' (1747-1766) का प्रकाशन हुआ।

अमेरिका के जीवनी लेखकों ने अंग्रेजों की परम्परा का निर्वहन किया जिसमें थॉमस कार्लाइल के विचारों को अंगीकार किया गया कि जीवनी भी इतिहास का ही एक भाग है। कार्लाइल का अभिमत था कि महान व्यक्तियों की जीवनी के द्वारा समाज और उसकी संस्थाओं को समझने का सही माध्यम है। प्रारम्भिक अमेरिकी जीवनियों के लेखन में ऐतिहासिकता तीव्रता के साथ उभरी, लेकिन बाद में अमेरिकियों ने अंग्रेजी परम्परा को तिलांजलि दे दी। इसके बाद जो परम्परा अस्तित्व में आयी उसमें जीवनी का शिक्षात्मक स्वरूप उभर कर सामने आया जिसके राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करने के निमित पाठक के चरित्र को विशिष्ट आकार में सँवारा गया।

Q.4. Write an introductory note on memoir.
Memoir अर्थात् संस्मरण पर एक परिचयात्मक लेख लिखिए।

Ans. The word 'Memoir' has been derived from 'memoria', a Latin word meaning memory, which is a sketch or record of events from personal knowledge. There are two things which are uncommon to other devices. Firstly, the record is not kept systematically and secondly, it may not take into account the chronological sequence of events.

It is a record of events, written from personal knowledge or special sources of information. Factually it is a short biographical sketch, which includes a scientific record of personal investigation on a subject.

Historically memoir has been defined as a subcategory of biography or autobiography. In the late twentieth century, the genre is differentiated in form, presenting a narrowed focus.

A *biography* or *autobiography* speaks about the story of a life while a memoir often tells the story of a particular event or time. This may include touchstone moments and turning points from the author's life. The author of a memoir is called as memoirist or memorialist.

'Memoir' शब्द की व्युत्पत्ति लैटिन शब्द *memoria* से हुई है जिसका आशय है—स्मृति या याददाश्त। यह निजी जानकारी के आधार पर घटनाक्रमों का रेखाचित्र या विवरण होता है। इसमें अन्य विधाओं से हटकर दो गुण अलग प्रकार के होते हैं। पहला, घटनाक्रम का विवरण सुव्यवस्थित नही होता है, दूसरा इसमें काल क्रमानुसार तथ्यों का संकलन करना आवश्यक नहीं होता है।

यह एक प्रकार का संस्मरण है जिसमें तमाम घटनाक्रम दर्ज रहते हैं, इसमें संस्मरण-लेखक की निजी जानकारी और विशिष्ट स्रोतों से प्राप्त विवरण रहता है। वास्तव में यह एक लघु जीवनी का खाका ही होता है, जिसमें निजी रूप में देखी-भाली विषयवस्तु का वास्तविक चित्रांकन किया जाता है।

ऐतिहासिक रूप से संस्मरण को जीवनी या आत्मकथा का ही उपभाग माना जाता रहा लेकिन बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में इस विधा के स्वरूप में बदलाव किया गया जिसमें छोटे फलक पर प्रकाश डाला जाता है।

किसी जीवनी या आत्मकथा में जीवन की कहानी को विस्तार से बताया जाता है जबकि संस्मरण प्राय: किसी विशिष्ट घटनाक्रम या कालखण्ड की कहानी का उद्बोधन करता है। इसमें मार्मिक क्षणों और जीवन के बदलाव वाले समय को लेखक स्वयं निरूपित करता है।

Q.5. Discuss some of the major early memoirs.
कुछ प्रसिद्ध प्रारम्भिक संस्मरणों का विवरण दीजिए।

Ans. In the ancient times, Julius Caesar wrote 'Commentarii de Bello Gallico' (Commentaries on the Gallic Wars). In this work Caesar describes the battle that took place during the nine years that he spent fighting local armies in the Gallic Wars. His second memoir 'Commentarii de Bello Civili' (Commentaries on the Civil War) is an account of the events that took place between 49 and 48 BC in the civil war against Gnaeus Pompeius and the Senate.

The noted Libanius, teacher of rhetoric who lived between AD 314 and 394, framed his life memoir as one of his literary orations. This kind of memoir refers to the idea in ancient Greece and Rome, that memoirs were like 'memos', or pieces of unfinished and unpublished writing, which a writer might use as a memory aid to make a more finished document later on.

प्राचीन काल में जूलियस सीजर ने 'Commentaries on the Gallic Wars' लिखी थी। इस संस्मरण में सीजर ने नौ वर्ष तक चले युद्ध का विवरण दिया है। इस गैलिक युद्ध में उसे स्थानीय सैन्य टुकड़ियों से संघर्षरत होना पड़ा था। उसका दूसरा

संस्मरण 'Commentaries on the Civil War' उन घटनाओं का विवरण है जो 49 से 48 ईसा पूर्व में घटित हुई थी जब नियस पोम्पियस और सीनेट के खिलाफ गृहयुद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। लिबेनियस जो अलंकारशास्त्री था और 314 से 394 ईस्वी तक उसका जीवन रहा, उसने अपने जीवन पर संस्मरण लिखा जो उसकी एक अद्वितीय कृति मानी गयी है। इस प्रकार के अन्य अनेक संस्मरणों को प्राचीन यूनान और रोम में लिखा गया। ये Memos के रूप में अपरिष्कृत भाषा में लिखे गए और अप्रकाशित रूप में होते थे। इस प्रकार के लेखन का उपयोग लेखक द्वारा अपनी स्मृति को ताजा करने के लिए किया जाता था जिसकी सहायता से बाद में परिष्कृत विवरण तैयार किया जा सकता था।

Q.6. Discuss about various travelogue writers.
यात्रावृत्तान्त के लेखकों के बारे में विवरण दीजिए।

Ans. A famous Arab traveller Ibn Batutta, from Morvcco (1304-1377) recorded his travel across the known world in detail. The travel genre was a fairly common genre in medieval Arabic literature. Other later examples of travel literature include of the Grand Tour Aristocrats, clergy and others with money and leisure time travelled Europe to learn about the art and architecture of its past. Robert Louis Stevenson (1850-1894) was a pioneer in tourism literature. Captain James Cook's diaries (1784) were the equivalent of today's best sellers.

Travel literature often intersects with essay writing, as in V.S. Naipaul's India : A Wounded Civilization, where a trip becomes the occasion for extended observations on a nation and people. Travel and nature writing merge in many works. Charles Darwin wrote his famous account of the journey of Beagle, the voyages in the Pacific, at the intersection of science, natural history and travel. Travelogue writing also occurs when an author, famous in another field, travels and writes about his or her experiences, such writers include Samuel Johnson, Charles Dickens, R.L. Stevenson, Hilaire Belloc, D.H. Lawrence, etc.

मोरक्को के मशहूर अरब यात्री इब्नबतूता (1304-1377), ने निकट और सुदूर पूरब की यात्राओं का विवरण दिया है। मध्यकाल का वह सर्वाधिक ख्यातिप्राप्त यायावरी लेखक था। इसके बाद के काल में नियोजित यात्राओं का विवरण मिलता है, जिसमें पादरी वर्ग की शिरकत भी थी। इसमें तमाम धनाढ्य और समय वाले लोग शामिल थे जो यूरोप की यात्राओं पर निकल पड़ते थे और पुरातनकालीन कला और भवन निर्माण का अवलोकन किया करते थे। रॉबर्ट लुई स्टीवेंसन (1850-1894) ने इस क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कर ली थी। कैप्टन जैम्स कुक की डायरियाँ (1784) भी वर्तमान में सर्वाधिक बिक्री वाले साहित्य के समान थीं।

यायावरी साहित्य कभी-कभार निबन्ध विधा की झलक भी देने लगता है, जैसा कि वी०एस० नयपॉल की रचना India: A Wounded Civilization (भारत : एक आहत सभ्यता) से प्रकट होता है जहाँ यात्रा विवरण पूरी तरह से राष्ट्र और उसकी प्रजा को समर्पित हो जाता है। अनेक रचनाओं में यात्रा और प्रकृति का मेल हो जाता है। चार्ल्स डार्विन ने अपना Beagle यात्रा के संस्मरणों को लिखा जो उसने प्रशान्त महासागर के लिए की थी। इस वृत्तान्त में विज्ञान, प्राकृतिक इतिहास व यात्रा सबकुछ एक साथ गुंथे हुए दिखाई देते हैं। Travelogue के अन्तर्गत किसी विशेष क्षेत्र में ख्यातिनाम व्यक्ति की यात्राओं का भी वृत्तान्त हो सकता है, जब ऐसा व्यक्ति अपने अनुभवों का संकलन करता है। ऐसे लेखकों में शामिल हैं—सैमुअल जॉनसन, चार्ल्स डिकिंस, आर०एल० स्टीवेंसन, हिलेरी बैलॉक, डी०एच० लॉरेंस आदि।

Q.7. What do you know about the term 'essay' in English literature?
अंग्रेजी साहित्य में निबन्ध के बारे में आप क्या जानते हैं?

Ans. The term 'essay' has been derived from the French word 'essayer' meaning to try. Originally, French essayist Montaigne used the form as a means to express his views on a given

topic. The emphasis in his writings lay centred on subjectivity. He called his pieces of prose rose literature as 'Essai' meaning an attempt. About the specification of the subject of composition he used to say: "I am myself the subject of my book." William Hudson says: "The true essay is essentially personal. It belongs to the literature of self-expression. Treatise and dissertation may be objective, but the essay is subjective." Essay is a literary composition which is shorter than a treatise. The literal meaning of the word is 'a trial' or 'an attempt'.

शब्द essay की व्युत्पत्ति फ्रेंच भाषा के शब्द essayer से हुई है, जिसका अर्थ प्रयास करना होता है। सबसे पहले फ्रांसीसी निबन्धकार मोटेन ने किसी निश्चित विषय पर अपने विचारों को प्रकट करने के लिए इस विधा को अपनाया था। उसके लेखों में स्थूलता को विशिष्टता प्रदान की गई थी। उसने अपनी गद्य की इस साहित्यिक विधा को 'Essai' नाम दिया, जिसका अर्थ प्रयास करना था। इस विधा की विषयवस्तु के सम्बन्ध में वह कहा करता था—'I am myself the subject of my book'. (अपने द्वारा रचित पुस्तक की विषयवस्तु मैं स्वयं हूँ)। विलियम हडसन का कथन है—'वास्तविक essay में लेखक के व्यक्तित्व की झलक दिखाई पड़ती है। यह स्वयं को अभिव्यक्त करने का साहित्य है, treatise और dissertation की रचना यथार्थवादी हो सकती है, लेकिन essay को तो आत्मपरक ही होना चाहिए। निबन्ध एक साहित्यिक रचना है जो विस्तृत लेख से छोटा होता है। शाब्दिक रूप में इसका अर्थ कोशिश या प्रयास होता है।

Q.8. Describe the various aspects of periodical essays.
नियतकालिक निबन्धों के विभिन्न पहलुओं का विवरण दीजिए।

Ans. The term 'periodical essays' may be applied to any group of essays that appear serially. Charles Dickens once referred to himself as a periodical essayist. Various twenty-first century columnists whose syndicated work appears with some frequency might be given this designation. The term 'periodical essay' appears to have been first used by George Colman the Elder and Bonnell Thornton in their magazine 'Connoisseur' (1754-56).

The confluence of three separate cultural developments appears to have caused the emergence of periodical essay early in the eighteenth century. The first of these was the rise of publications that conveyed news, commentary and political propaganda. Second cause was governmental licensing control over publishing had been allowed to lapse, and lastly, at the beginning of eighteenth century a variety of publications were serving a wide reading audience.

शब्दावली 'periodical essays' या 'नियतकालिक निबन्धों' का प्रयोग उन निबन्ध समूहों के लिए किया जा सकता है जो धारावाहिक रूप में प्रकाशित किए जाते हैं। एक बार चार्ल्स डिकन्स ने स्वयं को धारावाहिक निबन्धकार कहा था। इक्कीसवीं शताब्दी के अनेक स्तम्भकार लेखक जो व्यावसायिक रूप से धारावाहिक स्वरूप में अपने लेखों का प्रकाशन कराते हैं उनको इस श्रेणी में समाहित किया जा सकता है। Periodical essay की शब्दावली का प्रयोग सर्वप्रथम जॉर्ज कोलमैन द् ऐल्डर और बोनेल थॉर्नटन ने अपनी पत्रिका 'Connoisseur' में 1754 से 1756 के बीच किया था।

अठारहवीं शताब्दी के प्रारम्भिक वर्षों में नियतकालिक निबन्ध के सांस्कृतिक विकास में तीन पृथक-पृथक कारकों का योगदान रहा जिनका आपस में सम्मिलन हो गया। इनमें पहला कारक प्रकाशन क्षेत्र का उत्थान था, जिस कारण समाचार, टीका-टिप्पणी व राजनीतिक प्रचार का विस्तार हो सका। दूसरा कारक था सरकार द्वारा प्रकाशन से लाइसेन्स नियमावली को समाप्त करना और अन्त में अठारहवीं शताब्दी के प्रारम्भिक दौर में विभिन्न प्रकाशनों ने पाठकों की संख्या में बढ़ोतरी करने का कार्य किया।

Q.9. What is meant by formal essay? Discuss.
औपचारिक निबन्ध का क्या तात्पर्य है? विवेचना कीजिए।

Ans. The formal essay is a well-ordered kind of composition. In its own way it is as much a work of art as a picture is. Like a picture it must have unity of design, proportion of parts, and

consistency of colouring. Mostly narrative and descriptive type of essays are included in this genre. But essays of expository and argumentative nature are generally excluded from this species.

A formal essay is a piece of writing that informs or persuades its audience. There are other kinds of essays. For example, the narrative essay relays a story with a moral or lesson. The personal essay illustrates the writer's opinion on a topic. A formal essay is more objective than the narrative or personal essay because it is usually based on provable facts and examples.

A formal essay is commonly a piece of non-fiction writing that states a thesis and provides evidence to back it up. This type of essay is assigned to high school and college students in language arts classes as part of their writing education.

औपचारिक निबन्ध सुव्यवस्थित प्रकार की रचना होती है। यह उतनी ही कला का कार्य होता है जितनी कला की आवश्यकता किसी चित्र का आलेख बनाने में होती है। चित्र के समान ही इस विधा में अभिकल्पना की एकरूपता होनी चाहिए, अंगों में सामंजस्य (अनुपात) होना चाहिए और रंगों की समरूपता व नियमितता होनी चाहिए। अधिकांशत: विवरणात्मक व वर्णनात्मक प्रकार के निबन्धों को इस श्रेणी में रखा जाता है। लेकिन व्याख्यात्मक निबन्धों व तार्किक एवं युक्तियुक्त विषयों से सम्पन्न निबन्धों को प्राय: इस श्रेणी से बाहर ही रखा जाता है।

औपचारिक निबन्ध किसी निबन्ध का ऐसा प्रकार है जो पाठक को किसी विषय की सूचना देता है या अवगत कराता है। अन्य प्रकार के भी निबन्ध होते हैं। उदाहरण के लिए विवरणात्मक निबन्ध किसी कहानी का विवरण देता है जिसमें कोई नैतिकता या शिक्षा होती है। व्यक्तिगत निबन्ध में लेखक किसी विषय पर अपनी निजी राय व्यक्त करता है। औपचारिक निबन्ध विवरणात्मक या निजी निबन्ध के सापेक्ष, अधिक वस्तुनिष्ठ होता है क्योंकि यह प्राय: प्रमाणित करने योग्य तथ्यों व उदाहरणों पर आधारित होता है।

औपचारिक निबन्ध प्राय: कथासाहित्य से अलग प्रकार का लेखन होता है जिसमें किसी विषय या धारणा के बारे में बताया जाता है और उसके समर्थन में प्रमाण दिए जाते हैं। इसी प्रकार के निबन्ध को हाईस्कूल और कॉलेज के छात्रों को भाषा के अन्तर्गत लेखन कार्य के रूप में करने को दिया जाता है। औपचारिक निबन्धों का आकार भिन्न-भिन्न हो सकता है।

Q.10. Discuss about the format required for a formal essay?
औपचारिक निबन्ध में आवश्यक प्रारूप की विवेचना कीजिए।

Ans. A formal essay contains an introduction, body paragraphs, and a conclusion. The introduction is the first paragraph of a formal essay. It may have three things. The first item is the hook, the part that grabs reader's attention. Statistics, quotations from famous people or strong questions are included in the device of hook. After the hook, we should have two or three sentences of background information on our topic. Our introduction paragraph should end with the thesis statement, which is the main idea of our essay. After this follows the body part, which consists of many paragraphs. The essay ends with a concluding sentence or concluding paragraph.

औपचारिक निबन्ध में परिचय, मुख्यभाग और उपसंहार शामिल होते हैं। किसी भी औपचारिक निबन्ध का पहला अनुच्छेद, परिचय का होता है। इसमें तीन तथ्यों का समावेश रहता है। पहले तथ्य के रूप में hook (गिरफ्त में लेना) होता है जो पाठक का ध्यान आकर्षित करता है। सांख्यिकीय आँकड़े, प्रसिद्ध व्यक्ति का कोई उद्धरण या कोई जीवन्त प्रश्न, इस विधा में शामिल हैं। Hook के बाद दो या तीन वाक्यों में, निबन्ध की पृष्ठभूमि का उल्लेख रहता है। परिचय के अन्तिम भाग में निबन्ध की धारणा सम्बन्धी कथन होना चाहिए जो हमारे निबन्ध का वर्ण्य विषय है।

इसके बाद मुख्य विषय का समावेश किया जाता है जो body part के रूप में जाना जाता है। इसमें अनेक अनुच्छेद होते हैं। यही निबन्ध का मुख्य भाग होता है। अन्त में निबन्ध की समाप्ति उपसंहार से की जाती है जिसमें निबन्ध का समापन एक वाक्य या एक अनुच्छेद में किया जा सकता है।

Q.11. What is personal essay? Discuss.
व्यक्तिगत निबन्ध क्या है? विवेचना कीजिए।

Ans. The genre of essay is commonly used by diplomats and shatesmen to elaborate their personal view.

A personal essay is a piece of writing that serves to describe an important lesson gathered from a writer's life experiences. The essay often describes a significant event from a first-person perspective, and can be done in various writing styles, like a formai essay or as creative non-fiction. Personal essays usually have a conversational tone that creates a connection with the reader. This type of essay can be inspiring and uplifting.

निबन्ध की इस विधा का प्रयोग अधिकांशतः राजनयिकों व राजनेताओं द्वारा अपनी व्यक्तिगत विचारधारा को बड़े पैमाने पर विस्तार देने के लिए किया जाता है।

व्यक्तिगत निबन्ध लेखन का ऐसा भाग है जो लेखक के जीवन के अनुभवों का विवरण प्रस्तुत करता है। इस प्रकार के निबन्ध में उत्तम पुरुष में प्रायः किसी महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम का सुनियोजित रूप से वर्णन किया जाता है। औपचारिक निबन्ध या अकथनात्मक सृजन की भाँति कई प्रकार की शैलियो में भी इसका वर्णन कर सकते हैं। इस प्रकार के निबन्ध को परम्परागत शैली में लिखा जाता है जो स्वयं को पाठक से एकाकार कर लेता है। इस प्रकार का निबन्ध प्रेरणास्पद हो सकता है, साथ ही जीवन को उच्च्च आयामों का स्पर्श कराने वाला भी।

SECTION-C LONG ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. How many elements do you find in a short story device of literature? Elaborate each of them.
साहित्य की विधा लघुकथा में कितने तत्त्वों का समावेश रहता है? सभी का विस्तृत विवरण दीजिए।

Or **What are the elements of a short story?** **(2021)**
लघुकथा के क्या तत्त्व हैं?

Ans. Following are the main elements of a short sotry :

1. **Characterisation :** It is often listed as one of the fundamental elements of fiction. A character is a participant in the short story, and is usually a person, but may be any personal identity, or entity whose existence originates from a fictional work or performance.

   It is the information the author gives the reader about the characters who are mentioned direct or indirect in the narration of the story.

   Characters are of four following types :

   (i) Static : These type of characters are often stereotypes, have one or two characteristics that never change that are emphasized *e.g.*, brilliant detective, drunk, scrounger, cruel stepmother, etc.

   (ii) Flat Characters : These are the personalities that are presented only briefly and not in depth.

   (iii) Dynamic : Many-sided personalities that change, for better or worse, by the end of the story are called dynamic characters.

   (iv) Rounded Characters : These are many-sided and complex personalities that you would expect of actual human beings.

2. **Setting :** It is the time and location in which a story takes place. For some stories the setting is very important while for others it is not. Setting is done according to:
   (i) **Place :** Where is the action of the story taking place?
   (ii) **Time :** When is the story taking place? (historical period, time of day, year, etc.)
   (iii) **Mood or atmosphere :** What feeling is created at the beginning of the story? Is it bright and cheerful or dark and frightening?
   (iv) **Weather conditions :** Is it rainy, sunny, stormy, etc?
3. **Plot :** It is the storyline and is often listed as one of the fundamental elements of fiction. Plot is what the characters did, said and thought. There are a great variety of plot forms. Some plots are designed to achieve tragic effects, while others to achieve the effect of comedy, romance or satire. It is the sequence of events in a story or play. It is beginning, middle and end. Short story generally has only plot with one setting. Plot has five parts as follows :
   (i) **Introduction :** The beginning of the story where the characters and the setting is revealed.
   (ii) **Rising Action :** This is where the events in the story become complicated and the conflict in the story is revealed (events between the introduction and climax).
   (iii) **Climax/Turning Point :** This is the highest point of interest and the turning point of the story. The reader wonders what will happen next; will the conflict be resolved or not?
   (iv) **Falling Action :** The events and complications begin to resolve themselves. The reader knows what has happened next and if the conflict was resolved or not (events between climax and denouement).
   (v) **Resolution/Denouement :** This is the final outcome of untangling of events in the story.
4. **Conflict :** It is the opposition of forces which ties one incident to another and makes the plot move further. In short story there may be only one central struggle. The protagonist very suffer external conflict or interconflict. First one is with a force outside while in second one the person struggles within self.

   Following are the major types of conflicts :
   (i) **Human vs. Machine :** It places a character against robot forces with artificial intelligence. *I, Robot* (the film) and the *Terminator* series are good examples of this conflict.
   (ii) **Human vs. Self (psychological) :** The leading character struggles with himself/herself; with his/her own soul, ideas of right or wrong, physical limitations, choices, etc.
   (iii) **Human vs. Human (physical) :** The leading character struggle with his physical strength against other men, forces of nature, or animals.
   (iv) **Human vs. Nature :** The leading character struggles the forces of nature.
   (v) **Human vs. Society (social) :** The leading character struggles against ideas, practices, or customs of other people.

TOUCH IN PRESS

(vi) **Human vs. Supernatural :** The theme that places a character against supernatural forces. *Dracula* and *Christabel* are the type of this. It is also common in comic books.

5. **Theme :** It is author's main idea that he is trying to convey. The theme may be the author's thoughts about a topic or view of human nature. Some simple examples of common themes from literature, TV, and film are :
   (i) Things are not always as they appear to be
   (ii) Love is blind
   (iii) Believe in yourself
   (iv) People are afraid of change
   (v) Don't judge a book by its cover
   (vi) As you sow, so shall you reap.
6. **Point of View :** It helps in signifying the way a story is told. It is defined as the angle or perspective from which the story is told. Mostly a story is narrated in the third person e.g., *'Tom Jones'* by Fielding, *'War and Peace'* by Tolstoy, *'An Astrologer's Day'* by R.K. Narayan, *'The Selfish Giant'* by Oscar Wilde. Some novels and stories are written in first person e.g., Moby dick' by Melville, *'Great Expectations'* by Charles Dickens, *'Pen Pal'* by Srinivas Rao, *'A Special Experience'* by Prem Chand. The second person is not used very often for the narrative point of view. The main character in the story is referred to using the second person pronoun 'you'.

लघुकथा के मुख्य तत्त्व निम्न प्रकार हैं—

1. **पात्र या चरित्र :** कल्पित कथासाहित्य व लघुकथा में चरित्र-चित्रण को मूल तत्त्वों में शामिल किया जाता है। पात्र ही कहानी का हिस्सा होते हैं। इनके क्रियाकलापों से कहानी आगे बढती है। प्राय: पात्र वास्तविक मानव होते हैं। लेकिन अन्य मानव से विरत प्राणी या वस्तु भी कभी-कभी कहानी के अन्तर्गत पात्र बन जाते हैं जो मनगढ़ंत कार्य से उत्पन्न होते हैं या कार्यव्यापार की परिणति से ऐसा हो सकता है।

   इसके अन्तर्गत लेखक पाठक को उन पात्रों का परिचय प्रस्तुत करता है जो कहानी में स्पष्ट रूप से या परोक्ष रूप से प्रकट होते हैं और कहानी को आगे बढाते हैं।

   पात्रों के निम्न प्रकार होते हैं—
   (i) **स्थिर पात्र :** रूढ़ पात्र जो एक-दो गुणों से सम्पन्न होते हैं और इनमें कोई बदलाव नहीं आता है; जैसे— जासूस, शराबी, दूसरों की वस्तु हड़पने वाला, दुष्ट सौतेली माँ आदि।
   (ii) **एक आयामी पात्र :** विशिष्टताविहीन उथले चरित्र से सम्पन्न पात्र।
   (iii) **गतिशील पात्र :** ऊर्जावान पात्र जो किसी अच्छाई या बुराई के परिणामस्वरूप कहानी के अन्त में अपने व्यक्तित्व में आमूल-चूल परिवर्तन ले आता है।
   (iv) **बहुआयामी पात्र :** नानाविध गुणों से सम्पन्न, जो मानव होने के नाते होने चाहिए।
2. **मंचसज्जा** (Setting) : जिस समय व जिन परिस्थितियों में कहानी का अस्तित्व रहा होता है या दर्शाना होता है उसके अनुरूप पृष्ठभूमि की तैयारी को मंचसज्जा या सैटिंग कहा जाता है। कई कहानियों में तो मंचसज्जा का महत्त्व कई गुना बढ़ जाता है। विशेष रूप से ऐतिहासिक या युद्ध की पृष्ठभूमि वाली कहानियों में जबकि अन्य कहानियों में इसका स्थान गौण ही रहता है।

TOUCH n PASS

मंचसज्जा के अन्तर्गत निम्नांकित को रखा जाता है—

(i) स्थल : भौगोलिक पृष्ठभूमि जहाँ पर कार्यव्यापार सम्पन्न होता है।

(ii) समय : ऐतिहासिक कालखण्ड की अवधि समय, दिन व वर्ष।

(iii) परिवेश या माहौल : कहानी के शुरुआती दौर में वातावरण। वह गमगीन है या खुशनुमा है आदि।

(iv) मौसम की दशा : बरसात, तेज धूप, तूफानी हवाएँ या कुछ और।

3. कथानक : इसके अन्तर्गत कहानी का सिलसिलेवार विवरण होता है और इसका प्राय: उपन्यास या कथासाहित्य लघुकथा का सर्वप्रमुख तत्त्व माना जाता है। पात्रों द्वारा जो किया गया, जो कहा गया और जो सोचा गया, वह सब कथानक में समाहित है। कथानकों के स्वरूप नानविध रूपों में हो सकते हैं। कुछ कथानक कारुणिक दृश्य उपस्थित करते हैं तो अन्य सुखानुभूति से पाठक को सराबोर कर देना चाहते हैं। पाठक के समक्ष सुखान्तिका, रोमांस या व्यंग्य का आविर्भाव हो सकता है। कहानी को सिलसिलेवार आगे बढ़ाना व घटनाओं का जारी रहना ही कथानक है। इसका आरम्भ, मध्य व अन्त निश्चित होता है। प्राय: लघुकथा में एक ही कथानक रखा जाता है और रंगमंच भी उसके अनुरूप एक ही होता है। कथानक के पाँच भाग होते हैं—

(i) आरम्भ : कहानी की शुरुआत जब पात्र व रंगमंच की प्रतीति होती है।

(ii) आरोहण : कार्यव्यापार आगे बढ़ता है और उलझनें आकार लेने लगती हैं।

(iii) चरम : कहानी अपने चरम पर पहुँचती है जहाँ से गहरा बदलाव आता है।

(iv) अवरोहण : कहानी की सनसनी में उतार आता है और वह समाधान की ओर बढ़ती है।

(v) नियताप्ति/फलागम : कहानी के समस्त घटनाचक्र व कार्यव्यापार का यह निचोड़ होता है और कहानी अपना उद्देश्य प्राप्त कर पूर्णता को प्राप्त हो जाती है।

4. द्वन्द्व : यह स्थापित शक्तियों व बलों के खिलाफ कार्य करता है। जिस कारण एक घटनाचक्र अगले घटनाचक्र से जुड़ता जाता है और कथानक आगे बढ़ता जाता है। लघुकथा में प्राय: एक ही मूल द्वन्द्व दिखाया जाता है। नायक आन्तरिक द्वन्द्व से घिरा होता है या वह बाहरी अवरोधों का सामना कर रहा होता है। आन्तरिक द्वन्द्व की स्थिति में वह स्वयं से ही कशमकश करता है जबकि बाहरी द्वन्द्व के अवरोध निम्नांकित हो सकते हैं—

(i) मानव बनाम तकनीक बनावटी बुद्धि वाले रोबोट की ताकत के विरुद्ध पात्र संघर्ष करता है। I. Robot तथा Terminator series इसी तरह के संघर्ष के उदाहरण हैं।

(ii) मानव बनाम स्वयं मनोवैज्ञानिक पात्र स्वयं से संघर्ष करता है, अपनी आत्मा से, सही या गलत विचारों से, शारीरिक सीमाओं और चयन आदि से संघर्ष करता है।

(iii) मानव बनाम मानव मुख्य पात्र अपने शारीरिक बल से अन्य व्यक्तियों, प्राकृतिक शक्तियों या पशुओं का सामना करता है।

(iv) मानव बनाम प्रकृति मुख्य पात्र प्राकृतिक ताकतों का सामना करता है।

(v) मानव बनाम समाज (सामाजिक) मुख्य पात्र अन्य लोगों के विचारों, आदतों या रिवाजों के विरुद्ध बोलता है।

(vi) मानव बनाम अलौकिक तत्त्व अलौकिक शक्तियों के विरुद्ध पात्र संघर्ष करता है। ड्रैकुला और क्रिस्टेबिल इसी तरह के पात्र हैं।

5. प्रतिपाद्य विषय : यही लेखक का वह विचार होता है जिसके लिए कहानी गढ़ी गयी है। प्रतिपाद्य विषय की उत्पत्ति लेखक के विचारों का परिणाम होती है। कुछ लोक प्रचलित विचार बिन्दु निम्नांकित रूप में हो सकते हैं—

(i) चीजें जैसी प्रतीत होती हैं वैसी होती नहीं। या, हर चमकती चीज सोना नहीं होती है।

(ii) प्यार अंधा होता है।

(iii) अपना हाथ जगन्नाथ।

(iv) नए आविष्कार का जन्म अभाव से होता है।
(v) लैला की खूबसूरती मजनू की निगाह से देखो।
(vi) जैसी करनी वैसी भरनी।

6. **दृष्टिकोण :** यह कहानी कहने के ढंग का निरूपण करने में सहायता करता है। यह कहानी के कथानक के कोण या भाव को परिभाषित करता है। किसी कहानी को उत्तम पुरुष (मैं), मध्यम पुरुष (तुम) या अन्य पुरुष (वह) वृत्तान्त के रूप में सुनाया जा सकता है। प्रेमचन्द की कहानी 'अनुभव' उत्तम पुरुष में लिखी गयी है जिसको स्वतन्त्रता सेनानी की पत्नी स्वयं सुना रही है। अधिकांशत: कहानी अन्य पुरुषों में लिखी जाती हैं; जैसे—फील्डिंग ने 'Tom Jones' को तथा टॉलस्टॉय ने 'War and Peace' को अन्य पुरुष में ही लिखा है। आर०के० नारायण की An Astrologer's Day' एवं ऑस्कर विल्डे की The Selfish Giant' भी ऐसी ही कहानियाँ हैं। कुछ उपन्यास और कहानियाँ उत्तम पुरुष में लिखी गई हैं; जैसे—Melville की Moby Dick', Charles Dickens की Great Expectations', Srinivas Rao की Pen Pal, Prem Chand की 'A Special Experience' विवरणात्मक दृष्टि से मध्यम पुरुष प्राय: प्रयोग नहीं किया जाता। कहानी का मुख्य पात्र सर्वनाम 'You' मध्यम पुरुष (Second Person) को बताता है।

Q.2. What is autobiography? How will you distinguish it from other similar genres?

आत्मकथा क्या है? अन्य समान विधाओं से इसमें आप किस प्रकार प्रभेद करेंगे?

Ans. In an autobiography, the author writes the story of his own life and achievements. Every man's life is best written by himself so autobiography is preferred to biography.

The word 'autobiography' has been derived from Greek language. Three Greek words give the meaning to this word as-*autos*: self, *bios* : life, *graphein* : to write, this way meaning the story of a person's life written by himself. In terms of literature it covers a broader range. This is why, we have the autobiographical element in literature.

Roy Pascal differentiates autobiography from the periodic self-reflective mode of journal or diary writing by noting that autobiography is a review of a life from a particular moment in time, while the diary moves through a series of moments in time. The memoir form is closely associated with autobiography but it tends to focus less on the self and more on others during the autobiographer's review of their own life.

Autobiographical works are by nature subjective. The inability or unwillingness of the author to accurately recall memories has in certain cases resulted in misleading or incorrect information.

Some well-known autobiographies, which influenced millions and millions people throughout the world are *'Mein Kampf'* by Adolf Hitler, *'My Experiments with Truth'* by Mahatma Gandhi, *'An Autobiography'* by Jawaharlal Nehru. Benjamin Franklin and Sir Winston Churchill also wrote autobiographies, which are read with pride in literary circles.

आत्मकथा में रचनाकार अपने जीवन का स्वयं विवरण प्रस्तुत करता है जिसमें उसकी उपलब्धि अर्थात् सफलताओं व असफलताओं का यथावत विवरण रहता है। किसी व्यक्ति के जीवनचक्र को स्वयं उसके द्वारा ही सर्वश्रेष्ठ रूप में लिखा जा सकता है। यही कारण है कि जीवनी (biography) की अपेक्षा आत्मकथा (autobiography) को अच्छा माना गया है और पसन्द किया जाता है।

शब्द autobiography की व्युत्पत्ति यूनानी भाषा से हुई है, जिसका अर्थ होता है the story of a person's life written by himself. साहित्यिक क्षेत्र में इसका फलक अधिक बड़ा हो जाता है। इसीलिए साहित्य में autobiographical element पाया जाता है।

रॉय पासकल आत्मकथा का प्रभेद दैनन्दिनी या डायरी से करते हुए कहते हैं कि डायरी में प्रतिदिन के क्रियाकलापों को लेखनबद्ध किया जाता है जबकि आत्मकथा किसी विशेष कालखण्ड के जीवन का चित्रांकन करता है। डायरी में सिलसिलेवार अभिलेख दर्ज किया जाता है। संस्मरण भी आत्मकथा से काफी सादृश्यता रखता है लेकिन इसमें स्वयं के बारे में विवरण न देकर आत्मकथाकार आस-पास के परिवेश के बारे में बताता है।

आत्मकथा का लेखनकार्य स्वाभाविक रूप में अपने अनुभवों पर आधारित होता है। लेकिन कभी-कभी लेखक अपने कुछ क्रियाकलापों को बताने का इच्छुक नहीं होता है या अपनी अयोग्यता समझता है, ऐसी स्थिति में परिणाम यह होता है पाठक को अधूरी जानकारी या गलत जानकारी प्राप्त हो जाती है।

कुछ कालजयी आत्मकथाएँ जिन्होंने लाखों-लाख लोगों के जीवन को अनुप्राणित कर आलोड़ित कर दिया हैं—Mein Kampf (मीन कैंफ = मेरा संघर्ष), जिसकी रचना एडोल्फ हिटलर ने की, My Experiments with Truth (सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा), इसको गांधी जी ने लिखा, An Autobiography जवाहरलाल नेहरू ने लिखी। बैंजामिन फ्रैंकलिन तथा सर विंस्टन चर्चिल ने भी आत्मकथाएँ लिखीं, जिनकी सराहना की गई और साहित्यिक जगत् में गर्व के साथ उनको पढ़ा जाता है।

Q.3. Many fictional works of travel literature are based on factual journeys. Discuss.

कथासाहित्य के अन्तर्गत अनेक यात्रावृत्तान्त वास्तविक यात्राओं पर आधारित हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. In 1589, Richard Hakluyt (1552-1616) published 'Voyages', a foundational text of travelogue literature genre. Travel literature became popular in China during the Song Dynasty (960-1279) of medieval China, and was often written in narrative, prose, essay and diary form.

Fictional travelogues make up a large proportion of travel literature. Many fictional works of travel literature are based on factual journeys as Joseph Conrad's 'Heart of Darkness' and presumably Homer's Odyssey. While other works though based on imaginary and even highly fantastic journeys nevertheless contain factual elements, as Dante's Divine Comedy, Jonathan Swift's Gulliver's Travels, Voltaire's Candide, Samuel Johnson's The History of Rasselas: Prince of Abissinia. Very little literature is available on Indian travelogue. The most dignified and blazing travelogue from Indian subcontinent is worth quoting here. It is a long inspiring journey made by Mahapandit Rahul Sankrityayan himself to Russia, China and Tibet. One can peep into his wide experiments, knowledge and philosophy in the pages of 'Volga se Ganga' (1944), a journey from Volga to Ganga. This is the most enhanting book on travel account ever written on this planet, the earth. And we Indians can boast ourselves to have such a rich and encouraging literature on travelogue.

वर्ष 1589 ई० में Richard Hakluyt (1552-1616) ने 'Voyages' (समुद्री यात्राएँ) का प्रकाशन किया जो travelogue साहित्य विधा संस्थापक पाठ्य सामग्री का एक अनुपम नगीना माना गया। चीन के मध्यकालीन कालखण्ड में सौंग वंश के शासनकाल में यायावरी साहित्य अत्यधिक लोकप्रिय हुआ। यह साहित्य प्राय: कथा आख्यान के रूप में, विवरणात्मक रूप में, निबन्धात्मक रूप में और कभी-कभी डायरी लेखन के रूप में भी होता था। कथासाहित्य के अन्तर्गत यात्रा वृत्तान्तों को बड़े पैमाने पर लिखा गया। अनेक ऐसी साहित्यिक भावभूमि का आधार वास्तविक यात्राओं का विवरण था।

इस प्रकार के यायावरी साहित्य में जोसफ कोनरैड की रचना 'Heart of Darkness' (अंधकार में डूबा मन) और होमर की कालजयी कृति 'Odyssey' (भ्रमणकथा) शामिल हैं। अन्य रचनाओं में कल्पना का पुट कुछ अधिक है और खाली पुलाव पकाने वाली बातें भी हैं। तथापि उनमें सत्यता का अंश भी शामिल है, ऐसी रचनाओं में शामिल हैं—दान्ते की 'Divine Comedy, जोनाथन स्विफ्ट की 'Gulliver's Travels', वॉल्टेयर की 'Candide', सैमुअल जॉनसन की The History of Rasselas: Prince of Abissinia. भारत में यात्रा वृत्तान्त पर बहुत ही कम साहित्य मौजूद है। लेकिन भारत के एक यात्रा वृत्तान्त का उल्लेख करना यहाँ पर समीचीन रहेगा, जिसका विश्वसाहित्य की कोई भी कृति मुकाबला नहीं कर सकती है। इसमें रोंगटे खड़े कर देने वाली प्रेरणादायक यात्रा का विवरण घनीभूत रूप से विद्यमान है, इस यात्रा को महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति के सहारे रूस, चीन और तिब्बत के इलाकों में होकर पर किया था। उनकी यात्राओं के गहन अनुभव, ज्ञान के उन्मेष और जीवन दर्शन की व्याख्या को बोल्गा से गंगा (1944) नामक यात्रा वृत्तान्त में देखा-समझा जा सकता है। किसी भी कालखण्ड में इस भू-मण्डल पर लिखी गई यह सर्वोत्कृष्ट कृति है और केवल इसी एक रचना को आधार बनाकर हम भारतीय अपने आप में गर्व महसूस कर सकते हैं कि यहाँ की माटी में इतने अच्छे और उत्साही यायावरी साहित्य का सृजन हुआ।

Q.4. What are the elements of a short story?
लघु कथा के आवश्यक तत्त्व/विशेषताएँ क्या हैं?

Ans. There are some characteristic elements which are essential to make a short story good. They are as follows :

1. **Short story should be interesting :** A short story should be so much interesting that it can drew the attention of the readers and can entertain them which is the primary aim of a short story. By ridiculing human follies, it should convey some moral message. But the manner with which it deals with human follies should be interesting enough. If the short story is interesting, it will make the reader absorb and thus it enables the readers to forget all the problems and worries of life.
2. **Brevity :** One of the important elements of a short story is brevity. A short story is limited to a little space and little time. Infact brevity is the key-note of a short story. It can be read at a single sitting. There should be used absolute economy of means and it should avoid everything that is superfluous. There is to be no word which is unable to move the action of the story.
3. **Its subject :** Short story may be written on any subject. Everything between earth and heaven is suitable for the subject of a short story. It's subject must be developed in an effective manner within the short space. It must be complete without any suggestion. Anything that is not directly connected with its subject should be avoided.
4. **Single purpose :** There must be single aim or purpose of the short story. The attention must be focused throughout upon the single purpose of the story and everything not directly linked with the purpose or aim must be rigorously excluded.
5. **Characterization :** Due to the limit of space, the evolution of characters is not possible in the short story. The writer can not portray a character in full. Only some aspects and certain features of a character are represented in a short story.
6. **A few characters :** The introduction of a dozen or half a dozen characters is not possible in a short story. If there are many characters in the story; it will then result in over crowding. Consequently none of the characters will be developed in an effective manner.

7. **Singleness of effect :** It must also have singleness of effect. All the events, all the incidents, all the characters of the story must be invented to create that pre-conceived effect. By focusing the attention on the one point, a powerful effect must be created on the reader.
8. **Dialogue :** The place of dialogue is very significant in the story. It is dialogues that add to the interest of the story and make it easy to read as well as interesting. Through dialogue we get an idea about the character of an individual. But the dialogues must be brief and to the point. It should avoid long speeches.
9. **Suitable atmosphere :** One of the important elements of the short story is its suitable atmosphere. The atmosphere must be according to the story. If there is a tragic story, the atmosphere may be of tragic gloom. If the story is detective, the atmosphere may be of mystery and horror. In all, a suitable atmosphere adds charm to the story.
10. **Language :** The language of the short story should be free from ambiguity. It should be easy, simple and direct to the point. The words must be used economically. Every word and sentence must take the action of the story a step further. There should be no place of words and sentences which are superfluous.

कुछ ऐसी विशेषताएँ हैं जो लघु कथा को अच्छा बनाने के लिये आवश्यक हैं। वे निम्नलिखित है—

1. **लघु कथा रुचिप्रद होनी चाहिए**—लघु कथा इतनी रुचिप्रद हानी चाहिए कि यह पाठक का ध्यान आकर्षित कर सके एवं उनका मनोरंजन कर सके जो कि लघु कथा का प्राथमिक उद्देश्य है। मानवीय कमियों का उपहास करके इसे नैतिक संदेश प्रदान करना चाहिए। किन्तु वह पद्धति जिसके द्वारा यह मानवीय कमियों के साथ व्यवहार करता है काफी रुचिप्रद होनी चाहिए। यदि लघु कथा रुचिप्रद हैं, तो पाठक को ध्यानमग्न कर देगी तथा इस प्रकार यह पाठक को जीवन की सभी समस्याओं एवं चिन्ता को भुलाने में सक्षम बना देती है।

2. **संक्षिप्तता**—लघु कथा के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों में से एक है उसकी संक्षिप्तता। एक लघु कथा कम समय एवं कम स्थान तक सीमित होती है। वास्तव में संक्षिप्तता लघु कथा की कुंजी है। इसे एक बार बैठकर पढ़ा जा सकता है। इसमें शब्दों की सम्पूर्ण मितव्ययिता प्रयुक्त होनी चाहिए तथा इसे उन सभी वस्तुओं से बचना चाहिए जो अनावश्यक हैं। इसमें ऐसा कोई शब्द नहीं होना चाहिए जो कहानी को आगे बढ़ाने में अयोग्य हो।

3. **इसका विषय**—लघु कथा को किसी विषय पर लिखा जा सकता है। पृथ्वी तथा स्वर्ग के मध्य प्रत्येक वस्तु लघु कथा की विषय-वस्तु के लिये उपयुक्त हैं। इसकी विषय-वस्तु प्रभावशाली रूप में विकसित होनी चाहिए। यह बिना किसी सुझाव के पूर्ण होनी चाहिए। कोई भी वस्तु, जो इसके विषय से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित हैं, से बचना चाहिए।

4. **एकाकी उद्देश्य**—लघु कथा का एकाकी उद्देश्य होना चाहिए। ध्यान पूर्णतया कहानी के एकाकी उद्देश्य पर केन्द्रित होना चाहिए तथा प्रत्येक वस्तु जिसका उद्देश्य से प्रत्यक्ष सम्बन्ध नही हैं उसे निकाल देना चाहिए।

5. **पात्र-चित्रण**—स्थान की सीमा के कारण, लघु कथा में चारित्रिक विकास सम्भव नही हैं। लेखक एक पात्र को पूर्ण रूप से चित्रित नही कर सकता केवल पात्र के कुछ पहलू और निश्चित गुणों को लघु कथा में प्रस्तुत किया जाता है।

6. **कुछ पात्र**—लघु कथा में एक दर्जन अथवा आधा दर्जन पात्रों का परिचय सम्भव नही हैं। यदि कहानी में अनेक पात्र होंगे, तो इसका परिणाम अत्यधिक भाड़ में होगा। परिणामस्वरूप किसी भी पात्र को प्रभावशाली तरीके से विकसित नही किया जा सकेगा।

7. **एकाकी प्रभाव**—इसमें प्रभाव की एकाकीपन भी होना चाहिए। उस एकाकी प्रभाव की रचना करने के लिये कहानी की सभी घटनाओं, क्षणों और सभी पात्रों का अविष्कार करना चाहिए। एक बिन्दु पर ध्यान केन्द्रित करके पाठकों पर एक प्रभावशाली प्रभाव उत्पन्न करना चाहिए।

8. **संवाद**—कहानी में संवाद का स्थान अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। यह संवाद ही हैं जो कहानी की रुचि को बढ़ाते हैं तथा इसे पढ़ने में सरल साथ ही साथ रुचिपूर्ण बनाते हैं। संवाद के माध्यम से हम व्यक्ति के चरित्र के विषय में अनुमान लगाते हैं किन्तु संवाद संक्षिप्त एवं बिन्दु पर केन्द्रित होने चाहिए। इसे लम्बें संवादों से भी बचना चाहिए।
9. **उपयुक्त वातावरण**—लघु कथा के महत्त्वपूर्ण गुणों में से एक है इसका उपयुक्त वातावरण कहानी के अनुसार होना चाहिए। जैसे कि यदि दुखद कहानी हैं तो वातावरण त्रासदीपूर्ण होना चाहिए। यदि कहानी जासूसी है तो वातावरण रहस्य एवं भययुक्त हो सकता हैं। कुल मिलाकर उपयुक्त वातावरण कहानी के आकर्षण को बढ़ाता है।
10. **भाषा**—लघु कथा की भाषा अस्पष्टता से मुक्त होनी चाहिए। यह सरल एवं साधारण होनी चाहिए तथा सीधे लक्ष्य पर होनी चाहिए। शब्दों का कम से कम प्रयोग होना चाहिए। प्रत्येक शब्द एवं वाक्य कहानी के घटनाक्रम को एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। उन शब्दों तथा वाक्यों का कोई स्थान नही होना चाहिए जो अनावश्यक हो।

Q.5. Define Autobiography.What are its main characteristics?
आत्मकथा से क्या आशय है ? इसकी विशेषताएँ बताइए।

Ans. An autobiography is an account of one's own self. Generally it presents a continuous narrative of major events in the life of an author. The word 'Autobiography' is composed of two words; 'Auto' means self and 'Biography' means 'life-story'. Therefore an autobiography is a story of experiences and achievements of writer's own life. It must suffer a constitutional flaw because it must come to an end before the author's death. Yet Dr. Johnson preferred autobiography to biography. He is of the opinion that 'no man's life could be better written than himself.' Longfellow says, 'Autobiography is a product of first hand experience, Biography of second hand knowledge.' An autobiography presents personal experiences directly, unhampered by the artificiality of impersonal forms of an author. The psychoanalytic critics consider writing of an autobiography as writer's attempt to 'reconstruct the self.'

The earliest example of the full and candid expression of the self in Europe is found in St. Augustine's autobiography entitled *Confessions* in 5th century. Rousseau's autobiography published under the same title in 18th century became a model for the later writers. Some of the permanent contributions to English literature are the autobiographies of David Hume, Edward Gibbon, Benjamin Franklin, Leigh Hunt, H.G. Wells, Winston Churchill and Rudyard Kipling etc. Mahatma Gandhi's *My Experiments with Truth* and Pt. Jawahar Lal Nehru's *Discovery of India* are Indian autobiographies of great literary significance.

Main Features of an Autobiography are given below—

1. An autobiography is a record of experiences and achievements of the writer's own self. It narrates the struggles and deeds which helped him to achieve name and fame in life.
2. An autobiography should be entirely frank, honest and truthful presentation of the writer's inner life as well as public career.
3. It is a string of trying situations that a writer has experienced in his life. But the writer depicts these situations in an exciting and lively manner.
4. It has a clear and characteristic style that gives a well-planned and convincing description of the personality of the writer and his works which earned him fame.
5. An autobiography should have a touch of humour in it. A good autobiographer is one who does not even hesitate to cut jokes on himself in the interest of truthful and honest presentation.

आत्मकथा किसी व्यक्ति का स्वयं का विवरण है। सामान्यत: यह किसी लेखक के 'जीवन' की महत्त्वपूर्ण घटनाओं का निरन्तर वर्णन प्रस्तुत करती है। Autobiography शब्द दो शब्दों से बना है। 'Auto' जिसका अर्थ 'स्वयं' होता है तथा 'Biography' जिसका अर्थ जीवनी होता है। अत: आत्मकथा लेखक के स्वयं के जीवन के अनुभवों एवं उपलब्धियों की कहानी है। इसमें (आत्मकथा) में एक संरचनात्मक दोष है क्योंकि यह लेखक की मौत से पहले ही पूर्ण हो जाती है, फिर भी डॉ० जॉनसन ने जीवन कथा (Biography) की अपेक्षा आत्मकथा को ज्यादा श्रेष्ठ माना। उसका मानना है कि 'किसी व्यक्ति के जीवन के बारे में उसके स्वयं से अच्छा किसी के द्वारा नहीं लिखा जा सकता।' लॉन्गफैलो कहता है 'आत्म कथा प्रथम (First hand) अनुभव का परिणाम है जीवन-कथा पुराने (Second-hand) ज्ञान का परिणाम है।' आत्मकथा लेखक की व्यक्तित्व शून्य आकृतियों की कृत्रिमता द्वारा बिना बाधक बने सीधे-तौर पर व्यक्तिगत अनुभवों को पेश करती है। मनोविशलेषक समालोचक आत्मकथा लिखने को लेखक का 'स्वयं का पुनर्निर्माण' करने का प्रयास मानते हैं।

यूरोप में स्वयं की परिपूर्ण तथा स्पष्ट अभिव्यक्ति का सबसे पहला उदाहरण 5वीं सदी में सेन्ट ऑगस्टाइन की Confessions नाम की आत्मकथा में पाया जाता है। 18वीं सदी में इसी नाम से प्रकाशित रूसों की आत्मकथा बाद के लेखकों के लिए एक आदर्श बनी। अंग्रेजी साहित्य में डेविड ह्यूम, एडवार्ड गिबन, बेन्जामिन फ्रैन्कलीन, ले हन्ट, एच०जी० वैल्स विन्सटन चर्चिल तथा रूडयार्ड किपलिंग की आत्मकथाएँ अंग्रेजी साहित्य की स्थायी देन हैं। महात्मा गांधी की 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' एवं पं. जवाहर लाल नेहरू की 'भारत की खोज' बहुत ही साहित्यिक महत्त्व की भारतीय आत्मकथाएँ हैं।

आत्मकथा की मुख्य विशेषताएँ

1. आत्मकथा लेखक के खुद के अनुभवों तथा उपलब्धियों का लेख प्रमाण (record) है। यह उन कृत्यों एवं संघर्षों का वर्णन करती है जिन्होंने उसे जीवन में नाम व प्रसिद्धि अर्जित करने में मदद की।
2. आत्मकथा में लेखक के आंतरिक जीवन के साथ उसके सामाजिक चरित्र (Public Career) का भी पूर्णत: स्पष्ट, ईमानदारी तथा सच्ची प्रस्तुतिकरण होना चाहिए।
3. यह एक कष्टकारी परिस्थितियों का धागा है जिनका लेखक ने अपने जीवन में अनुभव किया है।
4. इसकी एक स्पष्ट एवं विशिष्ट शैली होती है जो लेखक के व्यक्तित्व तथा उसकी कृतियों, जिन्होंने उसे प्रसिद्धि दिलाई, का एक सुनियोजित और विश्वसनीय विवरण प्रदान करता है।
5. आत्मकथा में हास्य का पुट होना चाहिए। एक अच्छा आत्मकथा लेखक सच्ची एवं ईमानदार प्रस्तुति करने के लिए यहाँ तक कि अपने आप का मजाक बनाने से भी नहीं हिचकिचाता है।

❑

TOUCH n PASS

UNIT-III

Prose Devices

SECTION-A VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. What is the importance of sentence patterns?
वाक्य पैटर्न का महत्त्व क्या है?

Ans. When we are writing an assignment, the pattern and structure of a sentence will be the most important things to consider. In order to make the sentences meaningful and effective, we will have to learn how to make correct sentences using different patterns.

जब हम एक सत्रीय कार्य लिख रहे होते हैं, तो वाक्य के पैटर्न और संरचना पर विचार करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण चीजें होंगी। वाक्यों को अर्थपूर्ण और प्रभावी बनाने के लिए, हमें सीखना होगा कि विभिन्न पैटर्न का उपयोग करके सही वाक्य कैसे बनाएँ।

Q.2. How many types of imagery are?
चित्र कितने प्रकार के होते हैं?

Ans. There are five most common types of imagery used in creative writing :

1. Visual Imagery, 2. Auditory Imagery, 3. Olfactory Imagery, 4. Gustatory Imagery and 5. Tactile Imagery.

रचनात्मक लेखन में पाँच सबसे सामान्य प्रकार की इमेजरी का उपयोग किया जाता है—

1. दृश्यात्मक छायांकन, 2. श्रवण छायांकन, 3. घ्राण छायांकन, 4. उत्साहपूर्ण छायांकन एवं 5. स्पर्शनीय छायांकन।

Q.3. What is a subject matter?
विषय वस्तु क्या है?

Ans. The subject matter of a story can also help to establish its mood. For example, a story about war is likely to feature a happy mood.

एक कहानी की विषय वस्तु भी उसके मूड को स्थापित करने में मदद कर सकती है। उदाहरण के लिए, युद्ध के बारे में एक कहानी में एक खुश मिजाज होने की संभावना है।

Q.4. What type of device is an analogy?
सादृश्य किस प्रकार का उपकरण है?

Or **Define the term 'analogy'.** **(2021)**
सादृश्य को परिभाषित कीजिए।

Ans. An analogy is a literary device often used in literature and poetry to make connections between familiar and unfamiliar things, suggest a deeper significance, or create imagery in the reader's mind.

एक सादृश्य एक साहित्यिक उपकरण है जिसका उपयोग अक्सर साहित्य और कविता में परिचित और अपरिचित चीजों के बीच संबंध बनाने, गहरे महत्त्व का सुझाव देने या पाठक के दिमाग में कल्पना बनाने के लिए किया जाता है।

Q.5. What do you mean by a plot?
प्लॉट से आप क्या समझते हैं?

Ans. The plot is the story and more specifically, how the story develops, unfolds and moves in time.

कथानक कहानी है और अधिक विशेष रूप से, कहानी कैसे विकसित होती है, सामने आती है और समय के साथ आगे बढ़ती है।

Q.6. What do you refer to 'point of view' as a prose device?
एक गद्य विधा के रूप में 'दृष्टिकोण' से आप क्या समझते हैं?

Ans. Point of view is a prose device which is ulilized as a literary device to indicate the angle or perspective from which a story is told. Point of view refers to the 'eyes' of the narrative voice that determine the position or angle of vision from which the story is being relayed. Point of view is one of the most crucial choices made by fiction writers since it governs the reader's access to the story and determines how much the reader is able to know at any given moment with regard to what is taking place in the narrative

दृष्टिकोण (Point of View) एक गद्य विधा है जिसका उपयोग साहित्यिक युक्ति के रूप में कहानी के दृष्टिकोण को इंगित करने के लिए किया जाता है। वास्तव में दृष्टिकोण को आख्यान की आवाज के लिए 'आँखें' कहा गया है जिसके माध्यम से कहानी की स्थिति या उसके दृष्टिकोण का निर्धारण होता है और कहानी आगे बढ़ती जाती है। कहानी–कथा लेखकों के लिए दृष्टिकोण अत्यधिक विशिष्ट पसन्द होती है, क्योंकि यही वह तत्व है जिसके कारण पाठक की पहुँच कहानी तक हो पाती है और इसी से आभास मिलता है कि कहानी तक पाठक की पहुँच किस सीमा तक हो सकी है और आख्यान में क्या घटित हो रहा है।

Q.7. Differentiate among analogy, metaphor and simile.
सादृश्य, रूपक और उपमा में अन्तर बताइए।

Ans. These are all figures of speech which are used to create comparisons between different entities. These literary devices are often confused for each other, though they can be distinguished. A simile utilizes the words 'like' or 'as' to make a comparison. A metaphor uses figurative language to compare two things by stating that one is the other. An analogy creates a comparison with the intent of explanation or indicating a larger point.

ये तीनों ही अलंकार हैं जो भिन्न वस्तुओं के बीच साम्यता बताने का कार्य करते हैं। इन साहित्यिक विधाओं के सम्बन्ध में प्राय: अस्पष्टता बनी रहती है जबकि इनमें अन्तर स्पष्ट किया जा सकता है। उपमा के अलंकार में 'like' या 'as' का उपयोग किया जाता है। रूपक में आलंकारिक भाषा का प्रयोग करते हुए एक वस्तु को दूसरी वस्तु के रूप में स्थापित कर दिया जाता है। सादृश्य में अधिक विस्तार के साथ तुलना की जाती है।

Q.8. Discuss about anecdote as a prose device.
उपाख्यान की एक गद्य विधा के रूप में विवेचना कीजिए।

Ans. A short and interesting story, or an amusing event, often proposed to support or demonstrate some point and to make the audience laugh is termed as an anecdote. Anecdotes can include an extensive range of tales and stories. In fact, it is a short description or an account of any event that makes the reader laugh or blood over the topic presented for the purpose.

There are several types of anecdotes. Amusing anecdotes are often used in literature, or at such events as family reunions, wedding receptions, and other get-togethers. Teachers tell anecdotes to their students in classrooms about eminent people and celebrities.

एक छोटी व मनोरंजक कहानी जो आश्चर्यजनक घटनाक्रम को दर्शाती है और किसी बिन्दु के समर्थन में तथ्य प्रस्तुत करती है जिस कारण दर्शक-दीर्घा में हास्य का संचार हो जाता है, को उपाख्यान कहा जाता है। आख्यान के अन्तर्गत बड़ी संख्या में विविध कथाएँ व कहानियाँ हो सकती हैं। वास्तव में, यह एक लघु आकार का विवरण होता है जो किसी भी घटनाक्रम से सम्बन्धित हो सकता है। यह पाठक को हँसने पर मजबूर कर देता है या फिर उस विषय पर सोचने के लिए विवश कर देता है।

उपाख्यान के अनेक प्रकार हो सकते हैं। मनोरंजक आख्यानों का समावेश साहित्यिक कृतियों में किया जाता है या अन्य समारोहों में; जैसे—पारिवारिक मिलन, वैवाहिक स्वागत और अन्य मिलन समारोह। अध्यापकगण भी अपने छात्रों को कक्षाओं में प्रतिष्ठित लोगों और स्वनामधन्य व्यक्तियों के आख्यान सुनाते हैं।

Q.9. What do you understand by 'antithesis'?
विरोधालंकार से आप क्या समझते हैं?

Ans. Antithesis may be defined as a literary device which means opposite or contrast. It is a rhetorical device in which two opposite ideas are put together in a sentence or stanza to achieve a contrasting effect. Antithesis emphasizes the idea of contrast by parallel structures of the contrasted phrases or clauses. The structure of phrases and clauses are similar, in order to draw the attention of the listeners or readers.

"Setting foot on the moon may be a small step for a man but a giant step for mankind."

The use of contrasting ideas, "a small step" and "a giant step," in the sentence above emphasizes the significance of one of the biggest landmarks of human history.

विरोधालंकार या antithesis को एक साहित्यिक युक्ति के रूप में परिभाषित किया है जिसका आशय विपरीत या विसंगति है। यह एक प्रकार की वाक्पटुतापूर्ण युक्ति है जिसमें दो विरोधी वस्तुओं को किसी वाक्य या पद्यांश में एक साथ प्रयोग किया जाता है ताकि विरोधाभासी प्रभाव की उत्पत्ति हो सके। विरोधालंकार में विरोधी वस्तुओं का आभास कराया जाता है जिसमें समान रूप से विरोधी वाक्यांशों या उपवाक्यों को एक साथ रखा जाता है जिससे श्रोता या पाठक का ध्यान आकर्षित किया जा सके।

"Setting foot on the moon may be a small step for a man but a giant step for mankind."

इस वाक्य में विरोधाभासी शब्दावली 'a small step' और 'a giant step' का प्रयोग किया गया है। इस वाक्य में मानव इतिहास की एक सर्वाधिक युगान्तरकारी घटना के महत्त्व को प्रतिपादित किया गया है।

Q.10. Give an example of antithesis given by Charles Dickens in 'A Tale of Two Cities'.
चार्ल्स डिकिंस 'A Tale of Two Cities' में दिया गया Antithesis या विरोधालंकार का साहित्य में एक उदाहरण दीजिए।

Ans. The opening lines of 'A Tale of Two Cities' by Charles Dickens provide unforgettable example of antithesis thus:

चार्ल्स डिकिंस द्वारा लिखित 'A Tale of Two Cities' में अविस्मरणीय विरोधालंकार का उदाहरण निम्नवत् प्रकट किया गया है—

"It was the best of times, it was the worst of times, it was the age of wisdom, it was the age of foolishness, it was the epoch of belief, it was the epoch of incredulity, it was the season of Light, it was the season of Darkness, it was the spring of hope, it was the winter of despair, we had everything before us, we had nothing before us, we were all going direct to Heaven, we were all going direct to the other way."

यह एक अच्छा समय था। यह सबसे खराब समय भी था। यह बुद्धिमत्ता का युग था। यह मूर्खताओं का भी युग था। यह विश्वास का युग था। यह अविश्वास का भी युग था। यह प्रकाश का मौसम था। यह अंधकार का मौसम भी था। यह उम्मीदों का वसंत था। यह निराशा का भी जाड़ा था। हमारे सामने सबकुछ था और हमारे सामने कुछ भी नहीं था। हम सभी सीधे स्वर्ग की ओर जा रहे थे। हम सभी सीधे गलत राह में भी जा रहे थे।

Q.11. Give any five examples of common antithesis which are commonly used.
किन्हीं पाँच सामान्य विरोधालंकारों का उदाहरण दीजिए जिन्हें सामान्यतः उपयोग किया जाता है।

Ans. Following are the five common antithetical statements which have become part of our everyday speech:

पाँच सामान्य विरोधालंकारों के उदाहरण निम्न हैं जो प्रतिदिन की बोलचाल में प्रयोग किए जाते हैं—

(i) Man proposes, God disposes.
(ii) Give every man thy ear, but few thy voice.
(iii) Love is an ideal thing, marriage a real thing.
(iv) Speech is silver, but silence is gold.
(v) Patience is bitter, but it has a sweet fruit.

(i) मनुष्य लाख कोशिश करे, वही होता है, जो ईश्वर चाहता है।
(ii) सभी की बात सुनो, परन्तु सभी को सलाह मत दो।
(iii) प्रेम एक आदर्श है, परन्तु विवाह वास्तविकता है।
(iv) भाषण चाँदी की तरह हो सकता है, परन्तु खामोशी सोने की तरह होती है।
(iv) धैर्य कड़वा हो सकता है, परन्तु इसका फल हमेशा मीठा होता है।

Q.12. Explain about pathos as a literary device.
साहित्यिक विधा के रूप में करुणा (Pathos) का विवरण दीजिए।

Ans. Pathos may be described a literary device that is designed to inspire emotions from reader. Pathos, Greek for "suffering" or "experience", originated as a conceptual mode of persuasion with the Greek philosopher, Aristotle. Aristotle believed that utilizing pathos as a means of stirring people's emotions is effective in turning their opinion towards the speaker. This is due in part because emotions and passion can be engulfing and compelling, even going against a sense of logic or reason.

Pathos या करुणा को एक साहित्यिक विधा के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जो पाठक की भावनाओं को प्रकट करती है। करुणा का आशय परेशानियों का अनुभव होता है। ग्रीक भाषा में करुणा (Pathos) से तात्पर्य 'कष्ट' या 'अनुभव' से है जिसका पश्चिमी साहित्य में आविर्भाव अरस्तू नामक यूनानी दार्शनिक से माना जाता है। अरस्तू का विश्वास था कि लोगों की भावनाओं को उत्तेजित करने के लिए करुणा एक अच्छा माध्यम है जिसके द्वारा विचार को उचित रूप से प्रस्फुटित किया जा सकता है। इसमें मनोवेगों और मनोविकारों, दोनों तत्त्वों का सम्मिश्रण हो जाता है जिसको पाठक सुनने के लिए लालायित हो जाता है और तब तर्क और विवेक की आवश्यकता भी शून्य हो जाती है।

Q.13. What do you mean by 'Diction' as a literary device?
एक साहित्यिक विधा के रूप में पदयोजना से आपका क्या अभिप्राय है?

Ans. Diction refers to the linguistic choices made by a writer to convey an idea or point of view, or tell a story, in an effective way. The author's selection of words or vocabulary and the artistic arrangements of these words constitute the style and establish the voice of a literary

work. Therefore, analyzing the style of a work of literature is an attempt to identify and understand diction, the type and quality of individual words that comprise the vocabulary of the work. Diction is closely connected to characterization. The words associated with a literary character represent their ideals, values and attitudes.

पदयोजना द्वारा भाषा की शैली का वरण लेखक द्वारा किया जाता है ताकि वह किसी विषयवस्तु को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर सके या किसी कहानी को प्रभावोत्पादक रूप में कह सके। लेखक द्वारा शब्दों का चयन और शब्दावली का ज्ञान और इनका सम्यक रूप से प्रस्तुतीकरण ही लेखक की शैली को आकार देता है और साहित्यिक कृति की आवाज को सार्थकता प्रदान करता है। इसलिए किसी साहित्यिक कृति की शैली का विश्लेषण करना पदयोजना को समझना ही है जिसमें अलग-अलग शब्दों का प्रकार व शब्दावली शामिल होती है। पदयोजना का सम्बन्ध चरित्र-चित्रण से गहराई से जुड़ा हुआ है।

Q.14. Explain the sentence pattern.
वाक्य पैटर्न की विवेचना कीजिए।

Ans. Sentence patterns are made up of phrases and clauses. **A phrase** is a group of connected words but it is not a complete sentence because it is missing a subject and/or verb. **A clause** contains a subject (Actor) and/or verb (Action). Phrases are just one component that makes up a complete sentence.

Two types of clauses—

1. **An independent clause** is a complete thought. It can stand alone as a complete sentence.
2. **A dependent clause**)subordinate clause) cannot stand alone as a complete sentence. It begins with a subordinating conjunction (because, when, while, after,..........)

The possibilities are endless for different types of sentences.

वाक्य पैटर्न उपवाक्य एवं वाक्यांशों से बनते हैं। एक वाक्यांश जुड़े हुए शब्दों का एक समूह है लेकिन यह एक पूर्ण वाक्य नहीं है; क्योंकि इसमें एक कर्त्ता और/या क्रिया गायब है। एक उपवाक्य में एक विषय (कर्त्ता) और क्रिया (कार्रवाई) होता है। वाक्यांश केवल एक घटक है जो एक पूर्ण वाक्य बनाते हैं।

दो प्रकार के उपवाक्य—

1. **एक स्वतंत्र उपवाक्य** एक पूर्ण विचार है। यह एक पूर्ण वाक्य के रूप में हो सकता है।
2. **एक आश्रित उपवाक्य** (अधीनस्थ उपवाक्य) अकेला एक पूर्ण वाक्य नहीं हो सकता। यह एक अधीनस्थ के साथ शुरू होता है (क्योंकि, कब, जबकि, बाद में, ...।)

विभिन्न प्रकार के वाक्यों के लिए संभावनाएँ अनंत हैं।

Example :

1. Subject + Verb + Adv
2. Adj + Sub + Adv + Verb + Prepositions phrase

Patterns :

Sub + Verb

Sub+Verb+Obj

Sub+Verb+Adj — Verb

Sub+Verb+Adv — Object : Direct, Indirect

Sub+Verb+Narration

SECTION-B SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. How does Shakespeare's plays feature the literary device of imagery for reader? Discuss giving some examples.

शेक्सपियर के नाटकों में साहित्यिक विधा imagery (कल्पना) का प्रयोग पाठक के लिए हुआ है। उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

Ans. Writers use imagery to create pictures in the mind of reader, often with words and phrases that are uniquely descriptive and emotionally charged to emphasize an idea. William Shakespeare's works feature imagery as a literary device for reader and audience as a means to enhance their experience of his plays. Shakespeare's artistic use of language and imagery is considered to be some of the greatest in literature.

Some famous examples of imagery from Shakespeare's plays are given below :

कल्पना का प्रयोग लेखकों द्वारा पाठक के मन-मस्तिष्क में चित्रावली प्रकट करने के निमित्त किया जाता है जिसका माध्यम शब्द और शब्दसमूह होते हैं जिनका प्रणयन विवरणात्मक व भावनात्मक विशिष्टता के साथ किया जाता है ताकि एक विचार पर विशेष बल दिया जा सके। विलियम शेक्सपियर के साहित्यिक कृतित्व में imagery का बाहुल्य दिखायी देता है जो शेक्सपियर के नाटकों सम्बन्धी उनकी अनुभूति में बढ़ोतरी करने वाला प्रमाणित होता है। शेक्सपियर की कलात्मकता में उनके द्वारा भाषा व imagery का प्रयोग बहुआयामी है जो साहित्य में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

शेक्सपियर के नाटकों के imagery सम्बन्धित कुछ उदाहरण निम्नांकित हैं—

(i) "And thus I clothe my naked villainy
With odd old ends stol'n out of holy writ:
And seem a saint, when most I play the devil." Richard III

(ii) "We are such stuff as dreams are made on, and our little life is rounded with a sleep." The Tempest

(iii) "Sigh no more, ladies, sigh no more,
Men were deceivers ever,
One foot in sea and one on shore,
To one thing constant never." Much Ado About Nothing

(iv) "If I be waspish, best beware my sting." The Taming of the Shrew

(v) "Good-night, sweet prince; And flights of angels sing thee to the rest." Hamlet

(vi) "Lovers and madmen have such seething brains,
Such shaping fantasies, that apprehend
More than cool reason ever comprehends." A Midsummer Night's Dream.

(vii) "There's daggers in men's smiles." Macbeth

(viii) "My bounty is as boundless as the sea, My love as deep." Romeo and Juliet

Q.2. Differentiate between mood and atmosphere.

मिजाज और वातावरण में अन्तर कीजिए।

Ans. Mood is a literary device that is created directly by the writer to evoke an emotion in the reader while, atmosphere is a general feeling or sensation generated by the environment of a scene in a literary work. Atmosphere may be described as a feeling imposed on the reader

rather than an emotion evoked in a reader. To illustrate, the atmosphere of a very dramatic scene in literature may be described as restrictive. However, 'restrictive' is not applicable in describing the mood and emotion of the reader in response to the scene. Instead, restrictive applies to the atmospheric feeling of the environment created in the scene, not the mood. Establishing mood in a story, poem, novel, or other fictional work is an essential literary device. Mood engages the reader with the narrative and helps them understand many aspects of a story on an emotional level. Because of this, the reader can make further connections with the literary work as the writer is able to express deeper meaning.

Mood ऐसी साहित्यिक विधा है जो पूर्णतया लेखक द्वारा सृजित होती है ताकि पाठक भावातिरेक में झूलने लगे। जबकि भावनाओं की अनुभूति के लिए वातावरण की उत्पत्ति, दृश्य की परिकल्पना के द्वारा साहित्यिक कार्य में किया जाता है। वातावरण को हम एक एहसास के रूप में मान सकते हैं जो पाठक पर आरोपित किया जाता है न कि पाठक के भीतर से इसकी उत्पत्ति होती है। उदाहरणत: किसी नाटकीय दृश्य के वातावरण को प्रतिबंधित किया जा सकता है। लेकिन ऐसा दृश्य के समानान्तर पाठक को भावनाओं में करना सम्भव नहीं है। प्रतिबंधात्मकता वातावरण में तो की जा सकती है लेकिन चित्रवृत्ति में परिवर्तन सम्भव नहीं है।

किसी कहानी, कविता, उपन्यास या अन्य कथा साहित्य के कार्य में स्थापित मनोदशा या चित्रवृत्ति एक आवश्यक साहित्यिक युक्ति होती है। इसके द्वारा पाठक कहानी के साथ एकाकार हो जाता है और भावनात्मक स्तर पर कहानी के अनेक पहलुओं को समझ पाने में सफल होता है। इसी के साथ पाठक उस साहित्यिक कृति की अगली तारतम्यता को महसूस कर लेता है जिसमें लेखक का दृष्टिकोण अधिक गहराई से प्रस्फुटित होता है।

Q.3. What do you mean by humour?
हास्य से आप क्या समझते हैं?

Ans. Meaning : The funny or amusing qualities of somebody/something are called humour. It refers to being able to see when something is funny and to laugh at things is also called humour.

Example : Ramesh has good at sense of humour.

Purpose :

1. To keep somebody happy by doing what he/she wants.
2. The faculty of perceiving and expressing or appreciating what is abusing and crucial: a writer with humour & zest: An instance of being or attempting to be comical, or amusing something humorous.

Tendency of experiences to provoke laughter and provide amusement.

— laugh at something funny (pun or joke)

— humour depends on a host of variables in geographical location, culture, maturity level of education, intelligence and context.

Psychological Theories consider human induced behaviour to be very healthy.

Spiritual : a gift from God

Mystical : an unexplainable mystery

This can facilitate social interaction

अर्थ—किसी व्यक्ति/वस्तु का मजाकिया या मनोरंजन गुण।

यह देखने में सक्षम होना कि कब कुछ मजेदार है और किसी चीज पर हँसना हास्य कहलाता है।

उदाहरण—रमेश का सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा है।

उद्देश्य—

1. किसी को जो वह चाहता/चाहती है उसे करके खुश रखने के लिए।
2. गाली देने वाली और महत्त्वपूर्ण चीजों को समझने और व्यक्त करने या उनकी सराहना करने की क्षमता: हास्य और उत्साह के साथ एक लेखक: हास्यपूर्ण, या मनोरंजन होने या होने का प्रयास। कुछ हास्यपूर्ण करना।
   (i) हँसी भड़काने और मनोरंजन प्रदान करने के लिए अनुभवों की प्रवृत्ति।
   (ii) किसी मजेदार बात पर हँसना।

हास्य भौगोलिक स्थिति, संस्कृति, शिक्षा के परिपक्वता स्तर, बुद्धि और संदर्भ में कई चरों पर निर्भर करता है।

मनोवैज्ञानिक सिद्धांत—मानव प्रेरित व्यवहार पर विचार करना जिससे स्वस्थ रहें।

आध्यात्मिक—भगवान की ओर से एक उपहार

रहस्यमय—एक अस्पष्ट रहस्य

यह सामाजिक संपर्क को सुगम बना सकता है।

SECTION-C LONG ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Explain the theme as a component of fiction.
Theme या विषय-वस्तु की कथा-साहित्य का एक अवयव के रूप में विवेचना कीजिए।

Ans. A theme is a central topic, subject or message within a narrative. The most common contemporary understanding of theme is an idea or point that is central to a story, which can be summed in a single word, such as 'love', 'death', betrayal, etc. Typical examples of themes of this type are 'conflict between the individual and society', 'coming of age', 'humans in conflict with technology', 'nostalgia' and 'the dangers of unchecked ambition'.

Themes often explore historically common or cross-culturally recognizable ideas, such as ethical questions and are usually implied rather than stated explicitly. An example of this would be whether one should live a seemingly better life, at the price of giving up parts of one's humanity, which is a theme in Aldous Huxley's Brave New World. Along with plot, character, setting and style, theme is considered one of the components of fiction. A theme may be exemplified by the actions, utterances or thoughts of a characier in a novel.

Theme allows for literature to remain meaningful. It can be revisited by many readers at once or by a single reader across time. For example, William Shakespeare's well-known tragedy 'Romeo and Juliet', has been performed and read countless times and by countless people since its publication in 1597.

विषयवस्तु के आख्यान में कोई मूल प्रसंग, विषय या सन्देश होता है। विषयवस्तु के सम्बन्ध में हमारे युग की सोच के रूप में यह कोई विचार या बिन्दु होता है जो कहानी के केन्द्र में रहता है जिसको एक शब्द में अभिव्यक्त किया जा सकता है, जैसे—'प्रेम', 'मृत्यु', 'विश्वासघात' आदि। इस प्रकार की विशिष्ट विषयवस्तु है 'व्यक्ति और समाज का टकराव', 'यौवन की ओर', 'तकनीक और मानव का संघर्ष', 'घर की याद' और 'अति महत्त्वाकांक्षा के खतरे'।

ऐतिहासिक रूप से समान पहलुओं पर विषयवस्तुओं का चयन किया जा सकता है अथवा संस्कृति के समान अवयवों का समावेश विचारों में प्रकट किया जा सकता है जैसे प्रजातीय प्रश्न जो प्राय: अन्तर्निहित होते हैं न कि सुस्पष्ट रूप से प्रकट रूप में। इसका एक उदाहरण यह हो सकता है कि क्या कोई मानवता की शर्त पर अच्छा जीवन जीने का दिखावा कर सकता है जो कि Aldous Huxley की पुस्तक 'Brave New World' की विषयवस्तु है। कथानक, पात्र, रंगमंच सज्जा व शैली के साथ ही विषयवस्तु को कथा-साहित्य का आवश्यक अवयव माना जाता है। किसी विषयवस्तु को नाटक में पात्र के कार्यव्यापार, कथन या विचार द्वारा अनुकरणीय बनाया जा सकता है।

विषयवस्तु के सहारे साहित्य अर्थवान हो जाता है। इसको अनेक पाठकों द्वारा पढ़ा जा सकता है फिर किसी एक पाठक द्वारा बार–बार पढ़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए विलियम शेक्सपियर की लोकप्रिय त्रासदी 'Romeo and Juliet' अपने प्रकाशन वर्ष 1597 के बाद से ही बार–बार प्रदर्शित की गयी और असंख्य लोगों द्वारा बार-बार पढ़ी गयी।

Q.2. Describe the first person point of view and give some examples of such literary works.

उत्तम पुरुष दृष्टिकोण का विवरण देते हुए इस प्रकार की कुछ साहित्यिक कृतियों का उल्लेख कीजिए।

Ans. In first person point of view, one of the story's characters is narrating the literary work. This viewpoint is indicated by the use of first person pronouns, including "I," and the reader assumes that the character is close to the story's action. First person narrative voice provides the reader an intimate and close look into a character's thoughts, but the perspective of the story is limited by what the character is able to see and know.

As a literary device, point of view is generally expressed through the use of pronouns. Each has its advantages and limitations. First and third person points of view are far more common than second person point of view in literature. First person narrative allows the writer to establish intimacy with the reader by allowing access to the narrator's inner thoughts. Third person narrative is flexible in that the writer can focus on more than one character's actions and thoughts.

Some well-known examples of literary works with first person point of view are given below:

(i) 'The Great Gatsby'.
(ii) 'Jane Eyre'
(iii) 'The Yellow Wallpaper'
(iv) 'Moby Dick'
(v) 'The Adventures of Huckleberry Finn'

उत्तम पुरुष के दृष्टिकोण से कहानी को सम्बन्धित कर पात्र ही साहित्यिक कृति में उल्लिखित घटनाक्रम का विवरण देता है। इस दृष्टिकोण में उत्तम पुरुष स्वयं को 'मैं' के रूप में सम्बोधित करता है और पाठक को अहसास होता है कि यह पात्र कहानी के कथानक से गहराई से जुड़ा हुआ है। उत्तम पुरुष वाचन के द्वारा पाठक पात्र के विचारों को घनिष्ठता से अंगीकार कर पाता है। लेकिन कहानी का सापेक्ष महत्त्व कम रह जाता है क्योंकि कहानी को पात्र जितना देख व समझ पाता है, वही सीमित सामग्री पाठक तक पहुँचती है।

एक साहित्यिक विधा के रूप में दृष्टिकोण का प्रस्तुतीकरण सर्वनामों के माध्यम से होता है, जिनमें से प्रत्येक में अनुकूल स्थितियाँ व सीमाएँ निहित हैं। मध्यम पुरुष की अपेक्षा उत्तम पुरुष व अन्म पुरुषों का उपयोग साहित्य में अधिक सामान्य है। उत्तम पुरुष कथानक में लेखक पाठक से अधिक अन्तरंगता स्थापित कर लेता है जिससे सूत्रधार के विचारों को घनीभूत रूप से अंगीकार कर लिया जाता है। अन्य पुरुष दृष्टिकोण में अधिक लचीलापन होता है क्योंकि इसमें लेखक एक से अधिक पात्रों के क्रियाकलापों व विचार भंगिमाओं पर एकाग्रचित्त हो सकता है। उत्तम पुरुष के दृष्टिकोण से लिखी गयी कुछ सुविख्यात साहित्यिक कृतियाँ निम्नवत् हैं—

(i) 'The Great Gatsby'.
(ii) 'Jane Eyre'
(iii) 'The Yellow Wallpaper'
(iv) 'Moby Dick'
(v) 'The Adventures of Huckleberry Finn'.

Q.3. Discuss inversion as a prose device.
एक गद्य विधा के रूप में व्युत्क्रम का विवरण दीजिए।

Ans. It is a reversal of position, order, form or relationship as :

1. Inversion is a change in normal word order e.g., the place of verb before the subject,
2. The process or result of changing or reversing the relative positions of the notes of a musical interval, chord or phrase.

Examples :

1. The ocean blue
2. Writes the girl

While the correct placement of words is :

(i) The blue Ocean

(ii) The girl writes.

Writers use inversion to maintain a particular meter or rhyme scheme in poetry or to emphasise a specific work in prose.

Example : My teacher, kind and generous,

An inverted sentence is a sentence in a normally subject- first language in which the predicate (verb) comes before the subject (Noun).

Example : Down the street lived the man and his wife

The law of inversion is the practice of inverting a lesson and looking at it from a different perspective.

Four Kinds of inversions :

1. General
2. Terbulent
3. Subsistence
4. Frontal

Example : The dog ran down the street

Inv.—Down the street ran the dog

Inversion is usually used :

1. After negative adverbial expression
2. After negative adverbial expression of place
3. After seledom, rarely, never, or little
4. After hardly, scarcely, barely, no sooner or when nothing happens after another.

इसका अर्थ है—स्थिति, क्रम, रूप या संबंध का उलटा होना जैसे—

1. **सामान्य शब्द क्रम में परिवर्तन**—विषय से पहले क्रिया का स्थान,
2. एक संगीत अंतराल राग या वाक्यांश के नोट्स की सापेक्ष स्थिति को बदलने या उलटने की प्रक्रिया या परिणाम।

उदाहरण—

1. सागर नीला
2. लिखती है लड़की।

जबकि शब्द है—(i) नीला सागर (ii) लड़की लिखती है।

लेखक कविता में एक विशेष मीटर या कविता योजना को बनाए रखने के लिए या गद्य में एक विशिष्ट कार्य पर जोर देने के लिए उलटा लिखते हैं।

उदाहरण—मेरे शिक्षक, दयालु और उदार

एक उल्टा वाक्य एक सामान्य रूप से विषय—पहली भाषा में एक वाक्य है जिसमें विधेय (क्रिया) विषय (संज्ञा) से पहले आता है—

उदाहरण—सड़क के नीचे वह आदमी और उसकी पत्नी रहते थे।

व्युत्क्रम का नियम एक पाठ को उलटने और इसे एक अलग दृष्टिकोण से देखने का अभ्यास है।

चार प्रकार के व्युत्क्रम—

(i) सामान्य (ii) अशान्त (iii) निर्वाह (iv) ललाट

उदाहरण—कुत्ता सड़क पर नीचे भाग गया।

व्युत्क्रम—नीचे सड़क पर भागा कुत्ता

व्युत्क्रम का आमतौर पर उपयोग किया जाता है—

1. नकारात्मक क्रिया विशेषण के बाद
2. स्थान की नकारात्मक क्रियाविशेषण अभिव्यक्ति के बाद
3. शायद ही कभी (Seldom), मुश्किल से (Rarely) कभी नहीं (Never) अथवा कुछ (Little)।
4. मुश्किल से (hardly), मुश्किल से (Scarcely), मुश्किल से ही (Barely) या (so sooner) या जब एक के बाद कुछ कल नहीं होता है।

Q.4. What is meant by antithesis?
प्रतिपक्षी से आप क्या समझते हैं?

Ans. It is the opposite of something : A difference between two things (Love is the antithesis of hate)

Contrast

1. Her behaviour was the very antithesis of cowardice (Contrast of Feeling)
2. Give me liberty or give me death (Contrast of Ideas)

Rhetoric : The placing of a sentence or one of its parts against another to which it is opposed to form a balanced contrast of ideas.

It is a figure of speech in which irreconcliable opposites or strongly contrasting ideas are placed in Juxtaposition and sustained e.g., as art is long, the time is fleeting.

In poetry the effect of antithesis is often one of tragic irony or reversal.

An **oxymoron** is a phrase that was of two contradicting or opposing series. Antithesis is a device that presents two contrasting ideas in a sentence but not in the same phrase.

Oxymoron : beautifully ugly, regularly irregular

Antithesis : United we stand, divided we fall

Juxtaposition : sets up a comparison and contrast between two concepts that can be either similar or different.

In other words, It is a figure of speech involving a seeming contradiction of ideas, words, clauses or sentences within a balanced grammatical structure.

Examples :

1. Man proposes, God disposes.
2. In peace you are for war and in war you long for peace.
3. To err is human, to forgive divine.

TOUCH 'n' PASS

4. Give every man thy ear, but follow thy voice.
5. It was the age of wisdom, it was the age of foolishness.
6. It was the season of light, it was the season of darkness.
7. It was the spring of hope, it was the winter of despair.
8. Live together as brothers or perish together as fools.
9. He who desires peace, should prepare for war.
10. Love is an ideal thing, marriage a real thing.

यह किसी चीज का विपरीत अर्थ है—दो चीजों के बीच का अंतर है (जैसे प्रेम घृणा का विलोम है।)

कंट्रास्ट—

1. उसका व्यवहार कायरता के विपरीत था। (भावनाओं का प्रतिपक्ष)
2. मुझे आजादी दो या मुझे मौत दो **(विचारों का प्रतिपक्ष)**

बयानबाजी—एक वाक्य या उसके एक हिस्से को दूसरे के खिलाफ रखना, जो संतुलित विचारों के विपरीत है।

यह एक अलंकार है जिसमें असंगत, विपरीत या अत्यधिक विपरीत विचारों को एक साथ रखा जाता है। जैसे—कला दीर्घकालीन, समय भाग रहा है।

कविता में विरोधाभास का प्रभाव दुखद, विडंबना या उलटफेर का होता है।

विरोधाभास एक वाक्यांश है जिसमें दो अनुबंध या विरोधी शृंखला हैं। विलोम एक ऐसा उपकरण है जो एक वाक्य में दो विपरीत विचारों को प्रस्तुत करता है लेकिन एक ही वाक्यांश में नहीं।

विरोधाभास—Beautifully ugly, Regularly irregular.

Antithesis : United we stand, divided we fall

निकट स्थिति—यह दो अवधारणाओं के बीच तुलना और विपरीतता स्थापित करता है जो या तो समान या भिन्न हो सकते हैं।

दूसरे शब्दों में, यह एक अलंकार है जिसमें एक संतुलित व्याकरणिक संरचना के भीतर विचारों, शब्दों, खंडों या वाक्यों के प्रतीत होने वाले विरोधाभासों को शामिल किया गया है।

उदाहरण—

1. मनुष्य जो चाहता है, ईश्वर वह नहीं करते।
2. शांति में आप युद्ध की इच्छा करते हैं और युद्ध में आप शांति की लालसा रखते हैं।
3. मानव गलती करता है, ईश्वर क्षमा कर देते हैं।
4. सबकी सुनों, अपनी करो।
5. यह ज्ञान का युग था, यह मूर्खता का युग था।
6. यह प्रकाश का मौसम था, यह अंधकार का मौसम था।
7. यह आशा का वसंत था, यह निराशा की शरद् ऋतु थी।
8. भाइयों की तरह एकसाथ रहें या एकसाथ मूर्खों की तरह नष्ट हों।
9. जो शांति चाहता है, उसे युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।
10. प्यार एक आदर्श चीज है, विवाह एक वास्तविक चीज है।

❑

TOUCH 'n' PASS

UNIT-IV

Short Stories

1. The Last Leaf
2. The Lament
3. The Diamond Necklace

SECTION-A VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Who is the writer of the story 'The Last Leaf'?
'द लास्ट लीफ' कहानी के लेखक कौन हैं?

Ans. The story *'The Last Leaf'* is written by O Henry.
कहानी 'द लास्ट लीफ' ओ हेनरी द्वारा लिखी गई है।

Q.2. Who is the writer of the story 'The Lament'?
'द लैमेंट' कहानी के लेखक कौन हैं?

Ans. Anton Chekhow is the writer of the story *'The Lament'*.
एंटोन चेखो 'द लैमेंट' कहानी के लेखक हैं।

Q.3. Who was Anton Chekhow?
एंटोन चेखोव कौन थे?

Ans. Anton Chekhow was a Russian playwright, a writer of short stories and one of the most prominent dramatists in theater history.
एंटोन चेखोव एक रूसी नाटककार, लघु कथाओं के लेखक और थिएटर इतिहास के सबसे प्रमुख नाटककारों में से एक थे।

Q.4. Who was William Sydney Porter?
विलियम सिडनी पोर्टर कौन थे?

Ans. William Sydney Porter (1862-1910) was an American short story writer who wrote under the pseudonym O Henry.
विलियम सिडनी पोर्टर (1862-1910) एक अमेरिकी लघु कथाकार थे जिन्होंने छद्म नाम ओ हेनरी के तहत लिखा था।

Q.5. What kind of a man Mr. Loisel was?
मिस्टर लोसैल किस तरह के आदमी थे?

Ans. Mr. Loisel was a very simple hearted and loving person.
मिस्टर लोसैल बहुत ही सरल दिल और प्यार करने वाले व्यक्ति थे।

Q.6. Who was Matilda married to?
मटिल्डा का विवाह किससे हुआ था?

Ans. Matilda was married to a poor clerk.
मटिल्डा की शादी एक गरीब क्लर्क से हुई थी।

Q.7. Give a brief introduction of O' Henry.
ओ' हेनरी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

Ans. O' Henry was an American short story writer born in the year 1862. His stories are known for their surprising ending. William Sydney was born on 11 September 1862 in Greensboro, North Carolina. His mother died when he was three. He and his father moved into the home of his parental grandmother. As a child, Porter was always busy in reading. He read whatever his hands lay upon, from classics to cheap novels. His aunt tutored him until he was 15.

Some of his famous short stories included 'The Four Million', 'The Gift of Magi', 'Telemachus, Friend' and 'The Last Leaf', etc.

ओ' हेनरी एक अमेरिकी लघुकथा लेखक थे जिनका जन्म सन् 1862 में हुआ था। उनकी कहानियाँ आश्चर्यजनक अन्त के लिए जानी जाती है। विलियम सिडनी का जन्म 11 सितम्बर 1862 को नॉर्थ कैरोलिना राज्य के ग्रीन्सबोरो में हुआ था। जब वह केवल तीन वर्ष के थे तो उनकी माँ का देहान्त हो गया। फिर वह अपने पिता के साथ अपनी दादी के यहाँ रहने लगे। बाल्यावस्था में पोर्टर सदैव पढ़ने में व्यस्त रहते थे। साहित्यिक या साधारण जो भी उपन्यास उनको मिलते थे, उन्हें वह पढ़ने लगते थे। उनकी चाची ने उनकी पन्द्रह वर्ष की आयु होने तक उन्हें पढ़ाया। उनकी कुछ प्रसिद्ध लघुकथाओं में शामिल हैं—'The Four Million', 'The Gift of Magi', 'Telemachus, Friend' और 'The Last Leaf' इत्यादि।

Q.8. Explain the theme of story 'The Last Leaf'.
कहानी 'The Last Leaf' की विषयवस्तु की विवेचना कीजिए।

Or **What is the significance of the title 'The Last Leaf'?** **(2021)**
शीर्षक 'The Last Leaf' का क्या महत्त्व है?

Ans. According to the theme of 'The Last Leaf' that life is precious so faith and hope should never be lost. The word 'last' reflects the main idea of the story which is the last breath of Johnsy. It conveys the message of courage, hope and optimism. The last leaf saves Johnsy's life. Hence, the title suits the story.

'The Last Leaf' की विषयवस्तु के अनुसार, जीवन अनमोल है और इसलिए विश्वास व आशा को कभी नहीं खोना चाहिए। शब्द 'अन्तिम' कहानी के मुख्य विचार को दर्शाता है जो जोन्सी की अन्तिम साँस है। यह कहानी साहस, विश्वास और आशा का संचार करती है। आखिरी पत्ती जोन्सी का जीवन बचाती है। इसलिए शीर्षक कहानी के अनुरूप है।

Q.9. What is the matter of that last leaf in the story 'The Last Leaf'?
कहानी 'The Last Leaf' में उस आखिरी पत्ती का क्या सार है?

Ans. It was autumn and the creeper leaves were falling gradually. This depressed an already ill Johnsy and strangely enough she associated her falling health with leaves. She believed that she would die with the last leaf fell.

पतझड़ का मौसम था और लता की पत्तियाँ धीरे–धीरे गिर रही थीं। इसने पहले से ही बीमार जोन्सी को और अधिक निराश कर दिया और आश्चर्यजनक रूप से उसने अपने गिरते स्वास्थ्य को पत्तियों से जोड़ दिया। उसका मानना था कि अन्तिम पत्ती के गिरने के साथ ही उसकी भी मृत्यु हो जाएगी।

Q.10. What do you know about Anton Chekhov?
एण्टोन चेखोव के बारे में आप क्या जानते हैं?

Ans. Anton Chekhov (1860-1904) was born at Taganrog in Russia. This place is near the sea of Azov. Chekhov was the grandson of a serf. The very fabric of Russian society was permanently altered when Chekhov was only one year old, as serfs were freed on 19 February 1861.

एण्टोन चेखोव (1860-1904) का जन्म टगनरॉग (रूस) में हुआ था। यह स्थल एजोव सागर के समीप स्थित है। चेखोव एक कृषिदास या असामी के प्रपौत्र थे। जब चेखोव केवल एक वर्ष के ही थे तब रूस के सामाजिक ताने-बाने में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ क्योंकि 19 फरवरी 1861 को सभी कृषिदासों को स्वतन्त्र कर दिया गया था।

Q.11. Discuss about literary works of Chekhov.

चेखोव के साहित्यिक कार्यों की विवेचना कीजिए।

Ans. Chekhov is one of the important literary figures of Russia and great playwright and story writer of modern times. Older social order plays a central role in many of Chekhov's writings. His family moved to Moscow which was a centre for intellectuals of Russia. There he attended medical school at the University of Moscow and prepared himself for his lifelong profession as a physician. He also began writing to help support his family. He worked as a freelance writer for newspapers and magazines.

चेखोव रूस के एक महत्त्वपूर्ण साहित्यकार हैं जो आधुनिक युग के विशिष्ट नाटककार व लघुकथा लेखक हैं। चेखोव की रचनाधर्मिता में प्राचीन सामाजिक व्यवस्था का मुख्य अवदान रहता है। उनका परिवार मास्को में निवास करने लगा जो रूस में बुद्धिजीवियों का केन्द्र हुआ करता था। वहाँ पर उन्होंने मास्को विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में प्रवेश लिया और जीवनवृत्ति के लिए चिकित्सा के व्यवसाय को चुना। अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए उन्होंने लेखनकार्य को अपनाया। समाचारपत्रों व पत्रिकाओं के लिए उन्होंने स्वतन्त्र पत्रकार के रूप में कार्य किया।

Q.12. Is it better to talk to women? Why?

क्या स्त्रियों से बातें करना अधिक अच्छा होता है? क्यों?

Ans. It is said that it is much better to talk to women rather than talking to men because two words are more than enough to make women sob and understand the listener, unlike men.

ऐसा कहा जाता है कि पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों से बातें करना अधिक अच्छा होता है क्योंकि दु:ख के दो शब्द सुनकर ही स्त्रियाँ सुबकियाँ भरने लगती हैं जबकि पुरुषों पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

Q.13. Explain surroundings and environment near the stove.

अँगीठी के समीप के परिवेश व पर्यावरण की विवेचना कीजिए।

Ans. Iona seated beside a large stove that was dirty. The air of the surrounding was thick and suffocating. It was hot around the stove, on the floor, and on the benches. The people around were snoring along with the presence of sleepers.

आयोना एक बड़ी अँगीठी के समीप बैठा था जो काफी गन्दी थी। आस-पास की वायु भी घनी और दमघोंटू थी। अँगीठी के आस-पास, फर्श पर और बैंचों पर काफी गर्मी थी। कुछ लोग सोए हुए थे और उनमें से कुछ खर्राटे भर रहे थे।

Q.14. What happened to Iona's son?

आयोना के पुत्र को क्या हुआ था?

Ans. Iona's son Barin was admitted to the hospital. According to lona, he suffered from high fever. And after three days of being admitted in the hospital, he died. Iona rushed to the hospital to collect his dead son's clothes.

आयोना के पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आयोना ने बताया कि उसको तीव्र बुखार हो गया था। और अस्पताल में भर्ती होने के तीन दिन पश्चात् उसकी मृत्यु हो गयी। अपने मृत पुत्र के वस्त्रों को लेने के लिए वह अस्पताल गया।

Q.15. What did the coachman and the passerby do?

कोचवान और राहगीर ने क्या किया?

Ans. A coachman from a private carriage sworm at the officer and a passerby ran across the road. He also rubbed his shoulder against the horse's nose, looked at him furiously and swept the snow from his sleeve.

एक निजी गाड़ी के गाड़ीवान ने ऑफिसर को गाली दी और राहगीर सड़क के दूसरी ओर भाग गया। उसने घोड़े की नाक के पास अपने कन्धे को रगड़ा उसको क्रोध से देखा और अपनी आस्तीन से बर्फ को झाड़ा।

Q.16. What was the most painful thing for Iona? Discuss

आयोना के लिए सबसे अधिक दुःखदायी चीज क्या थी? विवेचना कीजिए।

Ans. Iona had not been able to speak about his son's death properly to anyone. He suffered from negative thoughts as his son fell ill, and the words said before he died, his illness, his death, his funeral and the journey to the hospital to collect the dead son's clothes. When he was alone, he dared not to think of his son. He could speak about him to anyone but to think of him, and picture it to himself was unbearably very painful for Iona.

आयोना अपने पुत्र के दिवंगत होने के बारे में ठीक तरह से किसी को भी बताने में सफल नहीं हुआ था। जब उसका पुत्र बीमार हुआ तो उसके मन में नकारात्मक विचार पनपने लगे थे। पुत्र की मृत्यु के समय पुत्र द्वारा कहे गए शब्दों का स्मरण होने लगा, उसकी बीमारी का ध्यान आने लगा और उसकी मृत्यु व अन्तिम संस्कार याद आने लगे और वह वाकया भी जब वह पुत्र के वस्त्रों को लेने अस्पताल गया। जब वह अकेला था तो पुत्र के बारे में नहीं सोचता था। वो किसी से भी पुत्र के बारे में बातें कर सकता था। लेकिन स्वयं उसके बारे में सोचना और समझना उसके लिए सबसे अधिक दुःखदायी चीज थी।

Q.17. What did Iona understand at the last?

अन्त में आयोना को क्या बोध हुआ?

Ans. Iona faced his son's illness, his health and his days in hospital and then his funeral. He sufferred a lot due to this. His daughter remained in the village. He understood that it would have been better if he had shared and talked to women instead of men as two words are enough to make women sub and his horse which was his companion for a lifetime. He was there with him throughout all the circumstances.

आयोना ने अपने पुत्र की बीमारी, उसका स्वास्थ्य, अस्पताल में बिताए उसके दिन और फिर उसका अन्तिम संस्कार का सामना किया। इन सबने आयोना को काफी पीड़ा पहुँचायी। इस दौरान उसकी पुत्री गाँव में ही निवास करती रही। आयोना को बोध हो गया कि यदि उसने अपने दुःखों को स्त्रियों के बीच बाँटा होता तो पुरुषों की तरह रूखा उत्तर नहीं मिलता अपितु वे सिसकियाँ भरकर रोने लगतीं। इसी प्रकार उसके घोड़े ने उसका साथ निभाया। सभी परिस्थितियों में वह आयोना के साथ नजर आया।

Q.18. What was Iona looking for in the crowd?

भीड़ में आयोना किसकी खोज कर रहा था?

Ans. Iona was alone and surrounded by silence when reached to the destination. His grief, which had abated for a short while, returned and tried to rend his heart with great force. With an anxious and hurried look, he searched among the crowd passing on either side of the street to find whether there was just one person who would listen to him. But the crowd hurried by without noticing him or his troubles. It had managed to hide itself in such an insignificant shell that nobody could see during the day or the night.

अपने उद्देश्य के लिए भटकते हुए आयोना ने देखा कि वह अकेला है और नीरवता ने उसे घेर लिया है। थोड़ी देर के लिए उसका दुःख दूर हो गया लेकिन वह पुनः लौट आया और उसके हृदय पर प्रहार करने लगा। एक उत्सुक व चलायमान दृष्टि से उसने भीड़ में देखा, जो सड़क के दूसरी ओर गतिशील थी। उसने सोचा कि सम्भवतया कोई उसकी दुःख से भरी कहानी को सुनेगा। लेकिन भीड़ में किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। यह भीड़ एक महत्त्वहीन आवरण में समाती जा रही थी जहाँ दिन या रात्रि में कोई भी देखने में असमर्थ था।

Q.19. Write a brief note about Loisel's life.
लोसैल के जीवन पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

Ans. Matilda Loisel is a pretty and charming young woman, but she has been born into a poor family, and so she is married to a lowly clerk in the Ministry of Education, who can afford to provide her only with a modest though not uncomfortable lifestyle. She regrets her lot in life and spends endless hours imagining a more extravagant existence. While her husband expresses his pleasure at the small, modest supper she has prepared for him, she dreams of an elaborate feast served on fancy china and eaten in the company of wealthy friends.

मटिल्डा लोसैल एक सुंदर और आकर्षक युवती है, लेकिन वह एक गरीब परिवार में जन्मी है, और इसलिए उसका विवाह शिक्षा मंत्रालय में एक कनिष्ठ क्लर्क के साथ हो जाता है, जो उसकी सामान्य जरूरतों को पूरा कर सकता है, लेकिन अमीरी नहीं। वह अपने जीवन से दु:खी होती है और लंबा समय समृद्ध जीवन की कल्पना करते हुए गुजारती है। जबकि उसका पति उस साधारण भोजन से भी प्रसन्न होता है जो वह उसके लिए तैयार करती है, लेकिन वह स्वयं कल्पना करती है कि उसे महँगी चाइना क्रॉकरी में शानदार भोजन खाने को मिले जो वह अमीर मित्रों के साथ बैठकर खाए।

Q.20. Why do we feel sympathy towards Matilda?
मटिल्डा के प्रति हम सहानुभूति क्यों महसूस करते हैं?

Ans. Matilda was a woman of self-respect. She did not tell Madame Forestier that she had lost the necklace. She decided to suffer in life but not to lose her self-respect. She worked hard for ten years. She faced difficulties. But she did not grumble. She suffered for no faults of hers. So we feel sympathy towards her.

मटिल्डा स्वाभिमानी महिला थी। उसने हार के खो जाने के बारे में मैडम फॉरेस्टियर को कुछ नहीं बताया। वह दु:ख सहने के लिए तैयार थी लेकिन उसने अपने स्वाभिमान पर आँच नहीं आने दी। उसने लगातार दस वर्षों तक कठोर परिश्रम किया। उसने अनेक परेशानियों को झेला। लेकिन वह असन्तोष से ग्रसित नहीं हुई। उसने ऐसे अपराध के लिए दु:ख भोगा जिसके लिए वह अपराधी नहीं थी। इसीलिए हम मटिल्डा के प्रति सहानुभूति महसूस करते हैं।

Q.21. We should be content with what life gives us. Discuss
जिन्दगी जो कुछ हमें देती है उससे हमें सन्तुष्ट रहना चाहिए। विवेचना कीजिए।

Ans. We should be always content with what life gives us. We should never try to exceed our limit. The contentment is a must in life. Pomp and show is a wrong nature. Never be a borrower nor a lender.

जिन्दगी जो कुछ हमें देती है उससे हमें सदैव सन्तुष्ट रहना चाहिए। हमें अपनी सीमा कभी नहीं लाँघनी चाहिए। जीवन में सन्तुष्टि का होना परम आवश्यक है। दिखावा करना गलत प्रकृति है। कभी कर्जदार मत बनो और न ही साहूकार बनो।

Q.22. What is the reason behind Matilda's sadness?
मटिल्डा की अप्रसन्नता का क्या कारण था?

Ans. Matilda was a pretty young lady. She was born by an error of destiny into the family of clerks. She suffered because she felt she was born for luxuries. She had no jewellery her friend possessed. Being over ambitious she was always unhappy.

मटिल्डा एक सुन्दर नवयुवती थी। भाग्य से वह एक ऐसे परिवार में पैदा हुई थी जो क्लर्कों का था। वह दु:खी रहती थी क्योंकि वह सोचती थी कि उसका जन्म विलासिता के लिए हुआ है। उसके पास अपनी सहेली के समान गहने नहीं थे। बहुत अधिक महत्त्वाकांक्षी होने के कारण वह सदैव अप्रसन्न रहती थी।

Q.23. What would have happened if Matilda had spoken the truth to Madame Forestier?
यदि मटिल्डा ने मैडम फॉरेस्टियर से सच बता दिया होता तो क्या होता?

Ans. If matilda had spoken the truth to Forestier then she would have saved herself and her husband a great deal of trouble. If Matilda had been truthful with Madame Forestier, she could have known from her that the necklace was of false diamond. But Matilda had not the courage to speak the truth which cost her family full ten years. Matilda could easily have avoided a great deal of misery in her life by her confession. But she tried to hide the truth from her friend and so she and her husband had to face a lot of hardships.

यदि सही घटनाक्रम से मटिल्डा ने मैडम फॉरेस्टियर को अवगत करा दिया होता तो उसने बड़ी परेशानी से स्वयं व अपने पति को बचा लिया होता। यदि उसने मैडम फॉरेस्टियर को सत्य बता दिया होता तो उनसे पता चल जाता कि हार नकली हीरे का है। लेकिन मटिल्डा में इतना साहस नहीं था कि वह सत्य का उद्घाटन करे और इसीलिए उसके परिवार को दस वर्षों तक कष्ट झेलना पड़ा। मटिल्डा चाहती तो इस दु:खदायी स्थिति को रोक सकती थी यदि वह वास्तविकता को बता देती। लेकिन उसने अपनी सहेली से तथ्य को छिपाया और इसी कारण उसको और उसके पति को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

SECTION-B SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Draw a character-sketch of Johnsy and Sue.
जोन्सी और सू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

Ans. Johnsy and Sue were both young artists who lived together. Johnsy fell ill very seriously and had pneumonia. She had the fancy idea that she would die once the last leaf on the ivy creeper, outside her window, would fall down. The leaves were falling down very fast as the weather was stormy. Only one leaf remained. She felt that the last leaf will fall in the night and she would die. But Behrman went out in the cold night and painted a leaf on the wall. Johnsy saw this leaf the next morning and got back her will to live. But her foolish attitudes lead to the death of Behrman. She was a weak-hearted woman. Sue tried her best to feel Johnsy better and help in to get over her illness. But Johnsy would not listen to her. She was adamant. Sue sought the help of Behrman to solve the issue. Behrman solved the problem by painting a leaf on the wall.

जोन्सी और सू युवा कलाकार थीं जो दोनों साथ रहती थीं। जोन्सी गम्भीर रूप से बीमार हो गयी और उसे निमोनिया हो गया। वह इस विचार से ग्रसित थी कि जब लता की अन्तिम पत्ती झड़ जाएगी तो उसके जीवन की डोर भी टूट जाएगी। तूफानी मौसम होने के कारण पत्तियाँ तेजी से झड़ती जा रही थीं। केवल एक ही पत्ती बची। उसने सोचा कि यह अन्तिम पत्ती रात्रि में झड़ जाएगी और उसकी मृत्यु हो जाएगी। लेकिन बेरमन ने ठण्डी रात्रि में बाहर निकलकर दीवार पर पत्ती का चित्र बना दिया। अगली सुबह जोन्सी ने पत्ती को दीवार पर लगे हुए देखा तो उसमें जीने की ललक जाग उठी, लेकिन उसका मूर्खतापूर्ण कृत्य बेरमन की मृत्यु का कारण बना। वह एक कमजोर दिल की युवती थी। सू ने पूरी कोशिश की कि जोन्सी अच्छा महसूस करे और उसकी सहायता करे। लेकिन जोन्सी उसकी नहीं सुनती थी। वह जिद्दी थी। सू ने बेरमन की सहायता ली ताकि समस्या को सुलझाया जा सके। बेरमन ने दीवार पर पत्ती की चित्रकारी कर समस्या को सुलझा दिया।

Q.2. Write a note on the character of Behrman.
बेरमन के चरित्र पर एक लेख लिखिए।

Or **Discuss the plot of the story 'The Lament'.** **(2021)**
'The Lament' कहानी की विवेचना कीजिए।

Ans. Behrman was an old man living on the ground floor of the house where Sue and Johnsy lived. His lifelong dream was to paint a masterpiece. Sue told him about the condition of Johnsy. Johnsy felt that she would die, once the last leaf fell from the ivy creeper. Behrman thought of a plan to save Johnsy. He went out in the rainy and stormy night and painted a picture of a leaf on the ivy. Johnsy saw the leaf the next morning and got back her will to live. But Behrman died of pneumonia because he had been out all night in the cold. Thus Behrman made the supreme sacrifice of giving up his life for the sake of another person. He was a great soul.

बेरमन एक वृद्ध आदमी था जोकि मकान के भूमितल पर रहता था जहाँ सू और जोन्सी रहती थीं। उसका एक सपना था कि वह एक अद्भुत चित्रकारी करे। सू ने उसे जोन्सी की परेशानी से अवगत कराया। जोन्सी सोचती थी कि जैसे ही लता से आखिरी पत्ती झड़ जाएगी उसी क्षण उसकी भी मृत्यु हो जाएगी। अन्तिम पत्ती के गिरने के समय बेरमन ने एक योजना पर कार्य किया ताकि जोन्सी को बचाया जा सके। वह आँधी–बारिश के दौरान रात्रि में बाहर गया और दीवार पर एक पत्ती बना दी। जोन्सी ने अगली सुबह पत्ती को सही स्थल पर लगे हुए देखा और उसमें जीने की उमंग जाग उठी। लेकिन बेरमन की निमोनिया के कारण मृत्यु हो गयी क्योंकि ठण्ड में भी वह रातभर बाहर रहा था। इस प्रकार दूसरे का जीवन बचाने के लिए उसने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया। वह हुतात्मा था।

Q.3. Give a brief narration of the story 'The Lament' in your own words.
कहानी 'The Lament' का विवरण अपने शब्दों में कीजिए।

Ans. 'The Lament' is a tale about a man named Iona. He is mourning over his dead son. Throughout the story, this sledge driver tries over and over again to talk to someone about his son's death. Iona's son tragically died a week ago and still has not told any person.

Readers are aware of the setting when an officer yells at Iona saying, "Sledge to Vyborgskaya!" It is a village in Russia. The story claims that Iona is 'white like a ghost and sits on the box without stirring, bent as double as the living body can be bent'. Iona's first fare was a military officer. At first, this man seemed interested in Iona's story, but when Iona turned around to talk to him in more detail, the officer started shouting at him about his driving. Iona's next fare was three abnoxious youngmen. They were unruly but Iona gave them a ride hoping they would just listen to him. But they replied that we shall all die, and Iona received no sympathy. Finally, when he could no longer hold his thoughts in any longer, he took his horse back to the stable. He came upon another cabman and told him about his grief only to find the cabman was fast asleep. Iona wanted to tell someone the details of his son's death yet no one showed an interest.

'The Lament' एक कहानी है जो आयोना नामक व्यक्ति से सम्बन्धित है। वह अपने पुत्र की मृत्यु पर शोकमग्न है। पूरी कहानी में यही दिखाया गया है कि यह स्लेज गाड़ीवान बार–बार प्रयास करता है कि कोई व्यक्ति उसके पुत्र की मृत्यु के बारे में उससे सुने। आयोना का पुत्र एक सप्ताह पूर्व मृत्यु को प्राप्त हो चुका था तथापि यह तथ्य वह अभी तक किसी को नहीं बता पाया है।

पाठकों की मंचसज्जा की पूरी जानकारी है जब यह अधिकारी आयोना से जोर से कहता है, "स्लेज को विबोर्गस्कया ले चलो!" यह रूस का एक गाँव है। कहानी में बताया गया है कि आयोना भूत की तरह सफेद है और बिना हिले–डुले बक्से पर बैठा रहता है और उसके शरीर का झुकाव भी काफी अधिक हो जाता है। इस दौरान उसको पहले यात्री के रूप में एक सैन्य अधिकारी मिलता है। पहले तो वह आयोना की कहानी में रुचि लेता है लेकिन जब आयोना विस्तार से बताना चाहता है तो अधिकारी उसकी ड्राइविंग पर चिल्लाने लगता है। आयोना को इसके बाद तीन युवक यात्री के रूप में मिले जो गलत प्रकार के थे। लेकिन आयोना ने उन्हें स्लेज पर बैठा लिया ताकि वे उसकी बातें सुन सकें। लेकिन उन लोगों ने कहा कि एक दिन तो हम सभी की मृत्यु होनी है। इस प्रकार आयोना के प्रति कोई सहानुभूति प्रकट नहीं की गयी। अन्त में जब वह किसी

को भी अपनी भावनाओं से अवगत नहीं करा पाया तो उसने अपने घोड़े के साथ अस्तबल में प्रवेश किया। वहाँ उसे दूसरा गाड़ीवान मिला जिसको उसने अपनी व्यथा सुनानी शुरू की तो देखा कि गाड़ीवान तो गहरी नींद में सो चुका है। आयोना अपने पुत्र की मृत्यु के बारे में बताना चाहता था लेकिन उसे सुनने के लिए कोई तैयार ही नहीं था।

Q.4. Write a short note about Monsieur Loisel.
मॉनसेर लोसैल के चरित्र के बारे में विवरण दीजिए।

Ans. On account of his simplicity, honesty and hardwork Monsieur Loisel gets the sympathy of readers. Though he was poor, he was very honest. In the hour of need he handed over the whole amount to buy the garments for his wife. He loved his wife from the bottom of his heart. It was his love for her that he could not see tears in her eyes. He was a very hardworking man. To repay the debt he worked hard day and night.

His role in the story is highly significant. He is remembered by the readers because of courage, his heroism and hard work. His character shows his high sense of sacrifice.

अपनी सादगी, ईमानदारी और कठोर परिश्रम के कारण मॉनसेर लोसैल पाठक की सहानुभूति प्राप्त करने में सफल होता है। यद्यपि वह गरीब था तथापि ईमानदार था। आवश्यकता के समय उसने पूरी धनराशि अपनी पत्नी की पोशाक खरीदने के लिए दे दी। वह अपनी पत्नी को मन की गहराई से प्रेम करता था। यह उसका प्रेम ही था जिस कारण वह उसकी आँखों में आँसू नहीं देख सकता था। वह कठोर परिश्रम करने वाला व्यक्ति था। उधार की धनराशि चुकाने के लिए उसने दिन-रात मेहनत की। कहानी में उसकी भूमिका महत्त्वपूर्ण है। अपने साहस, नायकत्व व कठोर परिश्रम के कारण पाठकों में उसकी स्मृति चिरस्थायी हो जाती है। उसके चरित्र में उसके उदात्त त्याग की अनुभूति होती है।

Q.5. Draw a character sketch of Mrs. Loisel.
श्रीमती लोसैल का चरित्र-चित्रण कीजिए।

Ans. Matilda was born in a poor family. She was very beautiful. By virtue of her good looks, she felt that she was born for all delicacies and luxuries. She wished to be admired and loved and to be married to some rich and renowned person. But she had to marry a petty clerk. She dreamt of lavish parties and rich dresses and jewels. Her dreamy ambitious and vain nature pushed her into trouble. She paid a heavy price for her foolish desires. She borrowed a necklace to wear at a ball. But the necklace was lost. That ruined her physical and mental beauty. But, she was brave and honest, she worked hard day by day to pay off her loan.

मटिल्डा ने एक गरीब परिवार में जन्म लिया था। वह बहुत सुंदर थी। अपनी सुन्दरता के कारण वह समझती थी कि वह सब प्रकार के सुख और व्यंजन भोगने के लिए पैदा हुई है। वह चाहती थी कि सब उसकी प्रशंसा करें और स्नेह करें। वह किसी धनवान व प्रसिद्ध व्यक्ति से विवाह करना चाहती थी। लेकिन उसे एक मामूली से क्लर्क से विवाह करना पड़ा। वह शानदार पार्टियों में जाने की कल्पना करती थी और महँगी पोशाकें व गहने पहनना चाहती थी। उसके ख्याली पुलाव और दिखावटी स्वभाव ने उसे परेशानी में ढकेल दिया। अपनी मूर्खतापूर्ण इच्छाओं के लिए उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। नृत्यपार्टी के लिए उसने एक हार उधार लिया जो खो गया। इस घटना ने उसकी शारीरिक व मानसिक सुन्दरता को बरबाद कर दिया। लेकिन वह साहसी व ईमानदार थी, उसने लगातार कठोर परिश्रम किया ताकि उधार को चुकाया जा सके।

SECTION-C LONG ANSWER TYPE QUESTION

Q.1. Write the summary of 'The Last Leaf'.
द लास्ट लीफ का सारांश लिखिए।

Ans. Sue and Johnsy were two friends and artists. They lived together in a small flat situated on the third storey of an old flat. Johnsy falls ill with pneumonia in November. Sue was worried

and sent for the doctor. He told Sue that Johnsy had lost the will to live. Medicine would not help her.

Sue tried her best to make Johnsy take interest in things around her. She talked about clothes, fashion and brought her drawing board into Johnsy's room and started painting. She also whistled while painting.

Johnsy looked at an ivy creeper outside on the wall shedding its leaves. She started counting backward from twelve. She asked what it was all about. Johnsy said that she would die with the falling of the last leaf. Sue told her that was all nonsense. But it had no effect on Johnsy.

Behrman, an old painter, lived on the ground floor. He had a dream that he would one day paint a masterpiece. Sue told Behrman about Johnsy's strange fancy. Both he and Sue went to Johnsy's room while she was sleeping. They saw the ivy creeper had only one leaf left on it. It was raining and seemed that the last leaf would fall anytime.

Johnsy awoke for her sleep and saw the last leaf. It was green and healthy Johnsy looked at it every hour but it did not fall even in the stromy evening. This received Johnsy's will to live. Johnsy admitted that she was a wicked girl. The last leaf had shown that. It was a sin to want to die. She asked for a mirror and had lots of hot soup.

Next morning Sue told Johnsy about Behrman. He had been ill for only two days. The guard found him on his bed. His clothes and shoes were wet. He had been shivering in the stromy night. He had painted the last leaf on the wall that night. He caught pneumonia and died. The last leaf was his master piece. He painted in the night when the last leaf fell.

सू और जॉन्सी दो युवा दोस्त और कलाकार थे। पुराने घर की तृतीय मंजिल पर स्थित एक छोटे से फ्लैट में साथ रहते थे। नवम्बर में जॉन्सी निमोनिया से गम्भीर रूप से बीमार हो गई। सू चिन्तित हुई और डॉक्टर को बुलाया। उसने सू को बताया कि जॉन्सी ने जीने की इच्छा खो दी है। दवाई से उसको कोई मदद नहीं मिलेगी।

सू ने जॉन्सी को अपने आसपास की चीजों में दिलचस्पी लेने के लिए हर संभव कोशिश की और अपना ड्राइंग बोर्ड भी जॉन्सी के कमरे में ले आई और पेन्टिंग शुरू कर दी। पेंटिंग करते समय सीटी भी बजाई।

जॉन्सी ने एक आइवी लता को बाहर दीवार पर अपनी पत्तियों को बहाते हुए देखा। वह बारह से पीछे की ओर गिनने लगी। सू ने पूछा कि यह सब क्या है? जॉन्सी ने कहा है कि वह आखिरी पत्ता गिरने के साथ मर जाएगी। सू ने उससे कहा कि यह सब बकवास है लेकिन जॉन्सी पर इसका कोई भी असर नहीं हुआ।

एक पुराने चित्रकार बेहरमन भूतल पर रहते थे। उसका स्वप्न था कि वह एक दिन एक उत्कृष्ट कृति को बनाये। सू ने बेहरमन को जॉन्सी की अजीब कल्पना के बारे में बताया। जब वह सो रही थी तो वह और सू, दोनों जॉन्सी के कमरे में चले गए। उन्होंने देखा कि आइवी लता पर केवल एक ही पत्ता बचा था। बारिश हो रही थी और लग रहा था कि आखिरी पत्ता कभी भी गिरेगा।

जॉन्सी निद्रा से जागी और उसने आखिरी पत्ता देखा। यह हरा और खिला हुआ था। जॉन्सी ने हर घण्टे इसे देखा लेकिन यह तूफानी शाम में भी नहीं गिरा था। इसने जॉन्सी की जीवित रहने की इच्छा को पुन: जीवित किया।

जॉन्सी ने यह माना कि वह एक दुष्ट लड़की थी। आखिरी पत्ते ने उसे सिखाया कि मरना पाप था। उसने शीशा माँगा और गरमागरम सूप भी।

अगली सुबह सू ने जॉन्सी को बेहरमन के बारे में बताया। वह सिर्फ दो दिन से बीमार थे। गार्ड ने उसे अपने बिस्तर पर पाया। उसके कपड़े और जूते गीले थे। वह तूफानी रात में कांप रहे थे। बेहरमन ने उस रात दीवार पर उस आखिरी पत्ते को रंग दिया था। उसे निमोनिया हो गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। जिस रात आखिरी पत्ता गिरा उसने उसी रात इसे चित्रित किया था।

Q.2. What is the main theme in Anton Chekhov's "The Lament" also called "Misery"?

Anton Chekhov के "The Lament", का जिसको "Misery" भी कहते हैं, मुख्य विषय (theme) क्या है?

Ans. "The Lament" also known as "Misery" is a short story by Anton Chekhov about a Russian sledge driver whose son has recently died and his reactions.

The central theme of the story, as the title suggests, is "Misery". Iona Potapov, the driver, takes several fares and each time tries to share his grief with his passengers.

"Drive on ! drive on ! ..." says the officer. "We shan't get there till tomorrow going on like this. Hurry up!"

The sledge-driver cranes his neck again, rises in his seat, and with heavy grace swings his whip. Several times he looks round at the officer, but the latter keeps his eyes shut and is apparently disinclined to listen.

However, his fares all have their own problems in life, or simply do not care; Iona is unable to unburden himself by sharing his grief and so continues on, "white like a ghost".

Iona looks round at them. Waiting till there is a brief pause, he looks round once more and says :

"This week....er... my...er... son died!"

"We shall all die, ..." says the hunchback with a sigh, wiping his lips after coughing. "Come, drive on ! drive on !"

Without any sympathetic human contact, Iona feels the pain of his son's passing more powerfully than if he had said nothing. Finally, he turns to his faithful mare, who can't comprehend his sorrow but listens patiently.

"Are you munching ?" Iona asks his horse, seeing her shining eyes. 'There, munch away, munch away.

He said good-bye to me. . . . He went and died for no reason . . . . Now, suppose you had a little colt, and you were own mother to that little colt. . . . And all at once that same little colt went and died....You'd be sorry, wouldn't you?..."

The little horse munches, listens, and breathes on his master's hands. Iona is carried away and tells his all about it.

It is in the act of telling the story that Iona finds a measure of peace. He has tried to connect with his fellow men, but they are all wrapped up in their own lives, superficial or otherwise. Iona's final act is similar to that of confession; he tells the story that has been weighing on his mind and so is relieved of its pressure. His "misery" has eased through his telling of a "Lament".

"The Lament" जिसको "Misery" भी कहा जाता है, Anton Chekhov द्वारा रचित एक लघु कहानी है। यह एक रशियन घोड़ा चालक की कहानी है जिसका बेटा अभी–अभी मरा है। कहानी में कहानीकार उसकी प्रतिक्रियाओं के बारे में बताता है।

इस कहानी का मुख्य विषय जैसे उसका शीर्षक बताता है Misery (कष्ट/पीड़ा) है। Iona Potapov जो एक घोड़ा चालक है कई सवारियाँ लेता है और हर बार उनके साथ अपना दर्द बाँटने की कोशिश करता है।

"चलते रहो, चलते रहो" आर्मी ऑफिसर कहता है "हम इस तरह से वहाँ कल तक नहीं पहुँच पाएँगे जल्दी करो।" घोड़ा चालक अपनी सीट से उठता है और बड़े भारी मन से चाबुक चलाता है। कई बार वो पीछे पलटकर ऑफिसर को भी देखता है परन्तु ऑफिसर अपनी आँखें बन्द रखता है और वह कुछ भी सुनने में रुचि नहीं लेता है।

हालांकि उसकी सवारियों की अपने जीवन में अपनी ही समस्याएँ हैं, या (सवारी) वे बिल्कुल भी परवाह नहीं करते। Iona अपना दुख बाँटने में सफल नहीं हो पाता और ऐसे ही आगे बढ़ता है। Iona अपनी सभी सवारियों को पीछे मुड़कर देखता है। वह फिर पीछे मुड़कर देखकर कहता है, "इस सप्ताह मेरा बेटा मर गया!" "हम सब मर जाएँगे" गाड़ी चालक से खांसते हुए कहता है "चलो, बढ़ते चलो, बढ़ते चलो!"

बिना किसी सहानुभूति और मानव सम्पर्क से Iona अपने बेटे के मरने का दर्द और भी ज्यादा महसूस करता है। आखिरकार वह अपने भरोसेमंद घोड़े की तरफ देखता है जो उसका दर्द नहीं समझता है किन्तु फिर भी वह धैर्यपूर्वक सुनता है। "क्या तुम कुछ खा रहे हो?" Iona अपनी घोड़े की चमकती हुई आँखों की तरफ देखते हुए बोलता है।

उसने मुझे good bye बोला और बिना किसी कारण से मर गया। अब मान लो तुम्हारा एक बच्चा होता, तुम छोटे से बच्चे की माँ होती और वह अचानक मर जाता तो क्या तुम्हें दु:ख नहीं होता। घोड़ा खाते हुए सुनता है और अपने मालिक के हाथों पर सांस छोड़ता है। Iona को प्रोत्साहन मिलता है और वह उसको अपने बेटे के विषय में सब कुछ बताता है।

यह एक कहानी सुनाने की क्रिया है जिसमें Iona को एक प्रकार की शांति महसूस होती है। उसने अपनी सभी सवारियों के साथ बात करने की बहुत कोशिश की लेकिन वह सब अपनी जिन्दगी में उलझे हुए हैं। Iona के अन्तिम एक्ट अपराध स्वीकृति की तरह है, वह कहानी बताकर अपने दिमाग को हल्का करता है और अपने दबाव को दूर करता है। यह कहानी सुनाकर वह अपने दु:खों को कम कर देता है।

Q.3. Discuss the story "Misery/The Lament" and the characters of Iona and the horse.

"Misery" कहानी और उसके पात्र Iona और उसके घोड़े की चर्चा कीजिए।

Ans. Grief strikes all men at some time at least in their lives. The stages of grief are similar for everyone; however, some people hold their feelings inside. There are those who need to share their feelings. This is true of the protagonist in the story "Misery" by Anton Chekhov. Iona Potapov wants and needs to talk to someone. Chekhov shows the indifference that man can show to one another.

The setting of the story is winter in Russia. It is extremely cold with snow falling. The narration is third person point of view with an omniscient limited narrator.

Iona is elderly. He has recently suffered a grievous loss. After a brief illness, his son has died. Iona is beside himself with sorrow. There is no one to talk with about this tragedy, and no one with whom to share his misery. Iona "thirsts for speech".

He has been sitting in his sleigh with his little, white horse. As the story progresses, he does gain several fares, none of whom is interested in talking to the driver as everyone wants to reach his destination hurriedly.

The first is an officer. He does show some interest in the story of the death of the driver's son.

'H'm! What did he die of?'

Iona turns his whole body round to his fare, and says

'Who can tell! This must have been from fever...He lay three days in the hospital and then he died... God's will.'

That is the end of the discussion. Iona is left with nothing to satisfy his longing to share his story.

The second fare is three young men. One of them is a hunchback. He is particularly sarcastic and bitter about life. The sustenance he receives from them is "We all have to die."

The third encounter is a house porter. He tells the driver to go on and leave him alone.

After this encounter, Iona gives up and returns to the yard for the evening.

Iona sits in the cab room. He thirsts for human conversation. His son has been dead for a week. He has been unable to talk to anyone about it. He has a daughter who lives in the country, yet he has not been able to see her either. There is a young cabby in the room; however, he is thirsty and too sleepy to have any interest in the old man.

Finally, Iona decides to go outside and see about his horse. When he sees him, he is munching on hay. He begins to talk to him. It as though she understands that he must talk about his son's death. Iona is reduced to experiencing some relief in the warm, animal companionship of his horse.

The old man feels some relief that the horse listens, eats, and breathes on him as he talks to him. Having lost faith in man, he is warmed by his old friend, the horse, with whom he shares his life. Psychologically, his sorrow cannot be contained any longer. He rushes to talk to anyone or anything. He finds comfort being able to communicate even with an animal.

The horse symbolizes what man will not give Iona: attention, reflection, and love. This the horse willingly gives to the old man. Sadly, humanity turns away from the old man who needs the attention. The animal does not.

दु:ख सबके जीवन में कभी ना कभी आता है। दु:खों के चरण सबके लिए एक जैसे होते हैं हालांकि कुछ लोग अपनी भावनाओं को अपने अंदर ही दबा लेते हैं। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपनी भावनाओं को दूसरों को बताना चाहते हैं। यह Anton Chekhov की कहानी Misery/The Lament के नायक पर पूर्णतया सत्य बैठती है। Iona Potapov किसी को अपनी बात बताना चाहता है। Chekhov यहाँ पर एक व्यक्ति की दूसरे व्यक्ति के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

यह कहानी रशिया के सर्दियों की है जहाँ पर बहुत अधिक बर्फ पड़ती है। Iona एक वृद्ध है जिसने हाल फिलहाल ही एक गम्भीर क्षति को झेला है। एक संक्षिप्त बीमारी के बाद उसका बेटा मर जाता है। Iona दु:ख में बिल्कुल अकेला है उसके पास कोई नहीं है जिसे अपने हादसे के बारे में बता सके।

वह अपने छोटे-से सफेद घोड़े के साथ अपनी गाड़ी में बैठा है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, उसको कई सारी सवारियाँ मिलती हैं लेकिन कोई भी उसकी बातों में रुचि नहीं दिखाता क्योंकि सबको अपने गंतव्य पर जाने की जल्दी है। वह अफसर ही पहला व्यक्ति है जो उसकी बेटे की मौत की कहानी में दिलचस्पी दिखाता है।

हम्म! वह कैसे मर गया?

Iona अपने पूरे शरीर को सवारी की तरफ घुमाता है और कहता है।

कौन बता सकता है! यह जरूर बुखार की वजह से हुआ होगा ...... वह अस्पताल में तीन दिन पड़ा रहा और मर गया ...... भगवान की इच्छा।

यहीं चर्चा का अन्त होता है। Iona अपनी कहानी बताने की उत्सुकता को सन्तुष्ट नहीं कर पाता।

उसकी दूसरी सवारी तीन नौजवान हैं जिनमें से एक कुबड़ा है जो जीवन के प्रति बहुत ही निन्दनीय और कटु है। उनसे उसे जो जीवन आधार प्राप्त हुआ है वह यह है—"हम सबको मरना ही होगा"।

उसकी तीसरी सवारी एक बोझा ढोने वाला है जो चालक से कहता है कि आगे चलो और उसे अकेला छोड़ दो। इस मुलाकात के बाद Iona सब कुछ छोड़ देता है और वापस घर आ जाता है।

अपनी गाड़ी के कमरे में बैठे हुए उसको बात करने की तीव्र इच्छा होती है क्योंकि उसका बेटा हफ्ता पहले मर चुका है और वह किसी से बात नहीं कर पा रहा है। उसकी एक बेटी भी है जो शहर में रहती है फिर भी वह उससे मिल नहीं पाता। कमरे में एक नौजवान भी है जो कि प्यासा और निद्रालु होने की वजह से वृद्ध आदमी में कोई रुचि नहीं दिखाता।

आखिरकार, वह बाहर जाने का निर्णय लेता है ताकि वह अपने घोड़े को देख सके। जब वह बाहर आता है तो देखता है वह चारा खा रहा है वह उससे बात करना शुरू करता है कि जैसे उसे सब कुछ समझ आ रहा हो। Iona को उससे बात करके कुछ राहत मिलती है।

वृद्ध आदमी का मन हल्का होता है कि घोड़ा उसको सुनता है, खाना खाता है और उस पर सांस लेता है। इंसानों पर अपना विश्वास खो जाने के बाद उसको अपने पुराने दोस्त घोड़े के साथ अपना जीवन व्यतीत करना अच्छा लगता है।

मनोवैज्ञानिक तरीके से उसके दु:खों को दबाकर रखना असंभव है इसलिए वो किसी से भी बात करने के लिए चला जाता है। उसको एक जानवर से बात करने में भी सुकून महसूस होता है।

घोड़ा यहाँ पर ध्यान और प्यार का प्रतीक है जो Iona को कोई मनुष्य नहीं दे सकता। बहुत अफसोस की बात है कि इंसानियत उस वृद्ध आदमी को जिसे उसकी जरूरत है छोड़ देती है। वह कार्य एक जानवर नहीं कर सकता।

Q.4. The story 'The Diamond Necklace' teaches us many lessons which form the crux of human values. Discuss.

कहानी 'The Diamond Necklace' हमें बहुत-सी शिक्षाएँ देती हैं जो मानवीय गरिमा का मर्म हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. The story 'The Diamond Necklace' very first thing teaches us, is the need to be content in life. Matilda, though born into a family of clerks and married to a petty clerk with the Ministry of Public Instruction, remains unhappy. She suffers from the feeling that she is born for all delicacies and luxuries, but has to live miserably in poverty. So, when she has to attend the office party with her husband, she asks him for money to get a new dress. Her husband sacrifices the money he has saved to buy a gun to get her the dress. Then also she is not content. She feels that she could look still more beautiful with a jewel. She thus borrows a necklace from her friend, thinking that it is made of diamonds. At the party, she remains elegant, gracious, smiling and absolutely happy. She was thus the prettiest of all. But this vanity is short lived and is the beginning of all troubles in her life. She loses the necklace and she gets a new diamond necklace as its replacement by borrowing heavily. Subsequently, she is pushed to live in poverty as she slogs for ten years to save money to pay back the huge debt. Then the horrible reality frightens her. She realises how her false pride has taken away her otherwise happy contented life. The story thus discusses the negative effects of pride and vanity.

कहानी 'The Diamond Necklace' से पहली शिक्षा जो हमें मिलती है वह यह है कि हमें अपने जीवन से सन्तुष्ट होना चाहिए। मटिल्डा का जन्म क्लर्कों के परिवार में हुआ था और एक मामूली से क्लर्क से उसका विवाह हुआ था जो लोक शिक्षा मन्त्रालय में कार्यरत था, इसीलिए मटिल्डा असन्तुष्ट रहती थी। उसे लगता था कि वह सभी व्यंजनों और सुखों को भोगने के लिए पैदा हुई है। लेकिन उसे गरीबी में रहने के लिए अभिशप्त होना पड़ा है। जब उसे एक ऑफिस पार्टी में जाना था तो उसने पोशाक खरीदने के लिए धन की माँग की। उसके पति को अपना धन देना पड़ा जो उसने बन्दूक खरीदने के लिए बचाकर रखा था। तब भी मटिल्डा को सन्तुष्टि नहीं हो पायी। उसे लगा कि बिना गहने के उसका शृंगार अधूरा ही रहेगा। अत: उसने अपनी सहेली से एक हार उधार लिया। इस हार को उसने हीरे का समझा। समारोह में वह सर्वाधिक स्फूर्त रही, वह सब प्रकार से प्रसन्न थी। वह वहाँ उपस्थित सभी महिलाओं में सर्वाधिक सुन्दर, आलीशान, प्रसन्न और खुश दिखायी दे रही थी। लेकिन ऐसा दिखावा क्षणभंगुर होता है और यहीं से उसके जीवन में परेशानियों का दौर शुरू हो गया। वह हार को खो देती है और नया हार खरीदने के लिए उसे बड़ी धनराशि उधार लेनी होती है। इसके बाद उसे गरीबी में रहना पड़ा और कठोर परिश्रम करना पड़ा। धन की बचत करने के लिए उसे इसी हालात में दस वर्षों तक रहना पड़ा। तब उसे वास्तविकता का बोध हुआ। उसे पता चला कि उसके दिखावे ने किस प्रकार उसके सन्तुष्ट जीवन में तूफान ला दिया। इस प्रकार इस कहानी में दिखावे के नकारात्मक पहलू को दर्शाया गया है।

❑

UNIT-V

Short Stories

1. The Lost Child
2. Under the Banyan Tree
3. The Tunnel

SECTION-A VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Who is the writer of the story 'Under the Banyan Tree'?
'अंडर द बरगद ट्री' कहानी के लेखक कौन हैं?

Ans. R.K. Narayan is the writer of the story 'Under the Banyan Tree'.
आर०के० नारायण 'अंडर द बरगद ट्री' कहानी के लेखक हैं।

Q.2. When was Mulk Raj Anand born?
मुल्क राज आनंद का जन्म कब हुआ था?

Ans. Mulk Raj Anand was born on December 12, 1905 at Peshawar (now in Pakistan) in India.
मुल्क राज आनंद का जन्म 12 दिसंबर, 1905 को पेशावर (अब पाकिस्तान में) भारत में हुआ था।

Q.3. When was Mulk Raj Anand's 'Coolie' published?
मुल्क राज आनंद की 'कुली' कब प्रकाशित हुई थी?

Ans. Mulk Raj Anand's 'Coolie' was published in 1936.
मुल्क राज आनंद की 'कुली' 1936 में प्रकाशित हुई थी।

Q.4. How can you say that the child was scared of his father in the story 'The Lost Child'?
आप कैसे कह सकते हैं कि 'द लॉस्ट चाइल्ड' कहानी में बच्चा अपने पिता से डर गया था?

Ans. In the story *'The Lost Child'* the child was tempted by many things but he asked for them only in slow murmuers. This shows that he was scared of his father and could not express his demands as rightfully as some other children do.
'द लॉस्ट चाइल्ड' कहानी में बच्चे को बहुत सी चीजों का लालच था लेकिन उसने धीमी बड़बड़ाहट में ही उन्हें माँगा। इससे पता चलता है कि वह अपने पिता से डरता था और अपनी माँगों को अन्य बच्चों की तरह सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाता था।

Q.5. What was the full name of R.K. Narayan?
आर०के० नारायण का पूरा नाम क्या था?

Ans. R.K. Narayan's full name was Rasipuram Krishnaswami Narayan.
आर०के० नारायण का पूरा नाम रासीपुरम कृष्णास्वामी नारायण था।

TOUCH 'n' PASS

Q.6. Who was the writer of the 'Malgudi Days'?
'मालगुडी डेज' के लेखक कौन थे?

Ans. R.K. Narayan was the writer of the 'Malgudi Days'.
आर०के० नारायण 'मालगुडी डेज' के लेखक थे।

Q.7. Give an introduction of Mulk Raj Anand.
मुल्कराज आनंद का परिचय दीजिए।

Ans. Mulk Raj Anand was an Indian writer in English, notable for his description of the lives of the lower castes and poorer castes in Indian society. Anand was one of the pioneers of Indo-Anglian fiction. Mulk Raj Anand was born on 12 December, 1905 in Peshawar. He graduated with honors from Khalsa College, Amritsar in 1924. Anand belonged to an ordinary Hindu family which was financially not very well off.

मुल्कराज आनंद एक भारतीय-अंग्रेजी लेखक थे जो कि निम्न एवं गरीब श्रेणी के जीवन विवेचन लेखन के लिये जाने जाते हैं। आनंद भारतीय-अंग्रेजी उपन्यास लेखन में अग्रणी हैं। मुल्कराज आनंद का जन्म 12 दिसम्बर 1905 को पेशावर में हुआ था। उन्होंने खालसा कॉलेज, अमृतसर से 1924 में स्नातक पूर्ण किया। आनंद एक साधारण हिन्दू परिवार से थे जिसकी आर्थिक दशा ज्यादा अच्छी नहीं थी।

Q.8. When was Anand's first novel published?
आनंद का प्रथम उपन्यास कब प्रकाशित हुआ?

Ans. Anand's first novel 'Untouchable' was published by an English firm in 1935, after it had been rejected by as many as nineteen publishers in England. Then came four other novels from his pen in quick succession. These were *Coolie* (1936), *Two Leaves and a Bud* (1937), *The Village* (1939) and *Across the Black Waters* (1940).

आनंद का प्रथम उपन्यास, उन्नीस से ज्यादा प्रकाशकों के मना कर देने के बाद, इंग्लैण्ड में 1935 में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास का शीर्षक 'Untouchable' था। इसके बाद आनंद की कलम से चार उपन्यास आये जो हैं—Coolie (1936), Two Leaves and a Bud (1937), The Village (1939) और Across the Black Waters (1940).

Q.9. Enumerate the fifteen novels of Mulk Raj Anand.
मुल्कराज आनन्द के पंद्रह उपन्यासों के नाम लिखिए।

Ans. Following are the novels of Anand in Chronological order :
आनन्द के उपन्यास क्रमानुसार निम्नलिखित हैं—

1. Untouchable (1935)
2. Coolie (1936)
3. Two Leaves and a Bud (1937)
4. Lament on the Death of a Master of Arts (1938)
5. The Village (1939)
6. Across the Black Waters (1940)
7. The Sword and the Sickle (1942)
8. The Big Heart (1945)
9. Seven Summers (1951)
10. Private Life of an Indian Prince (1953)
11. The Old Woman and the Cow (1960)
12. The Road (1963)
13. The Death of a Hero (1964)
14. Morning Face (1970)
15. Confession of a Lover (1976)

TOUCH 'n PASS

Q.10. What is the place of parents in a life of any child?
किसी बच्चे के जीवन में उसके माता-पिता का क्या स्थान है?

Ans. The parents of a child are his only refuge. He cannot live without his parents. The separation of the parents brings out the sense of insecurity in the child. In their absence he cannot get anything from others. He accepts things only from his parents and from no other ones.
बच्चे के माता-पिता उसके एकमात्र सहारा हैं। वह अपने माता-पिता के बिना नहीं रह सकता। माता-पिता से पृथक होने से बच्चे में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो जाती है। माता-पिता की अनुपस्थिति में बच्चा किसी से कोई चीज नहीं ले सकता। वह केवल अपने माता-पिता से ही चीजें स्वीकार करता है और किसी अन्य व्यक्ति से नहीं।

Q.11. What is the child psychology about his parents in the story 'The Lost Child'?
'The Lost Child' में बच्चे की अपने माता-पिता के बारे में क्या मनोवैज्ञानिक स्थिति है?

Ans. The child psychology worked when the parents were lost in the fair. However, unkindly his parents were, they were his solace and refuge. He could not trust a man howsoever kind and affectionate he was. The child was offered all the things which he wanted and his parents had refused them to him. But he was not ready to enjoy them now. His constant restrain was 'I want my mother, I want my father'.
जब मेले में माता-पिता खो गए तो बाल मनोविज्ञान ने कार्य किया। उसके माता-पिता कितने ही निर्दयी रहे हों, वे उसका आलम्बन व सहारा थे। वह किसी अन्य व्यक्ति पर विश्वास नहीं कर सका, चाहे वह कितना ही दयालु व स्नेही रहा हो। बच्चे को सब चीजें दी गयीं जो वह चाहता था और उसके माता-पिता ने उसको उन्हें दिलाने से मना कर दिया था। परन्तु वह अब उनका आनन्द लेने के लिए तैयार नहीं था। उसका लगातार रुदन यही था कि 'मुझे मेरी माँ चाहिए, मुझे मेरे पिता चाहिए।'

Q.12. Describe the natural beauty of the mustard fields as described in the story.
सरसों के खेत की प्राकृतिक छटा का वर्णन कहानी के हिसाब से कीजिए।

Ans. In the story 'The Lost Child', the child entered a mustard field. It was a beautiful field shining with yellow flowers. There were many butterflies in the field. The child began to chase the butterflies.
बच्चा एक सरसों के खेत में चला गया। यह बहुत सुन्दर खेत था जो पीले फूलों से चमक रहा था। खेत में अनेक तितलियाँ थीं। बच्चा तितलियों के पीछे भागने लगा।

Q.13. Discuss briefly the early life of RK Narayan.
आर०के० नारायण के प्रारंम्भिक जीवन की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

Ans. Rasipuram Krishnaswami Narayanswami (1906-2001) was born in Madras (presently Chennai). His father was a school teacher in Mysore. All his brothers and sisters shifted to Mysore along with his parents but he was left behind with his grandmother.
R.K. Narayan was not a brilliant student. He graduated from Maharaja College. Mysore at the age of twenty four in 1930. He failed in his high school examination as well as in Intermediate examination. He was fond of reading. He wrote stories at the age of fifteen. After completing his graduation, he worked as a clerk to earn livelihood for his family.
आर०के० नारायण (1906-2001) का जन्म मद्रास में हुआ था। उनके पिता मैसूर में एक अध्यापक थे। उनके सभी भाई-बहन अपने माता-पिता के साथ मैसूर आ गए थे, लेकिन वह अपनी दादी के पास ही रुक गए।

TOUCH 'n' PASS

आर०के० नारायण कोई मेधावी छात्र नहीं थे। वर्ष 1930 ई० में चौबीस वर्ष की आयु में उन्होंने महाराजा कॉलेज मैसूर से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में वे अनुत्तीर्ण हो गए। उन्हें पढ़ने का बेहद शौक था। पन्द्रह वर्ष की आयु में उन्होंने कहानियाँ लिखनी प्रारम्भ कर दीं। स्नातक डिग्री लेने के बाद, परिवार का भरण-पोषण करने के लिए उन्होंने क्लर्क की नौकरी कर ली।

Q.14. What was the reason behind the Nambi's failure of telling the story at the second day? Discuss.

नाम्बी का दूसरे दिन कहानी सुनाने में असमर्थ रहने का क्या कारण था? विवेचना कीजिए।

Ans. On the second day, the villagers faithfully assembled under the banyan tree to listen to Nambi's story. He started the story and went on for an hour continuously. He felt relieved and thanked the Goddess Shakti. But when he recommenced the story, he failed to tell it after a few minutes. He stammered and paused. The crowd rose silently and went home.

दूसरे दिन गाँववाले विश्वास के साथ बरगद के पेड़ के नीचे एकत्रित हुए ताकि नाम्बी की कहानी सुन सकें। उसने कहानी सुनानी शुरू की और एक घण्टे तक वह ऐसा करता रहा। उसने राहत की साँस ली और देवी शक्ति का धन्यवाद किया। लेकिन जब उसने पुनः कहानी सुनानी शुरू की तो कुछ मिनटों के बाद वह कहानी आगे नहीं सुना सका। वह थोड़ा-सा हकलाया और उसकी आवाज रुंध गयी। भीड़ में लोग धीरे-धीरे खड़े होने लगे और फिर घर को चले गए।

Q.15. What was the method of Nambi of telling his age?

नाम्बी का अपनी आयु बताने का क्या ढंग था?

Ans. Nambi was very old but nobody could tell about his exact age. Whenever anybody asked Nambi about his age, he referred to an ancient famine or an invasion or the building or a bridge. In this way he related his birth to some memorable public event to create a halo of mystery round it.

नाम्बी की आयु काफी अधिक थी लेकिन कोई भी व्यक्ति उसकी वास्तविक आयु बता पाने में असमर्थ था। जब भी कोई व्यक्ति नाम्बी से उसकी आयु जानना चाहता था तो वह अतीत के किसी अकाल या किसी हमले अथवा किसी भवन या पुल का विवरण देने लगता था। इस प्रकार अपनी आयु को वह किसी सार्वजनिक घटनाक्रम से जोड़कर उसे रहस्य के आवरण में लपेट देता था।

Q.16. How did the villagers look upon Nambi? What was their opinion of the man?

नाम्बी को गाँववाले किस नजर से देखते थे? उसके बारे में गाँववाले क्या राय रखते थे?

Ans. Nambi was an unusally fantastic storyteller for whom the village folk had great regard. They respected him and would fulfil his needs of food and clothing. They regarded him as a great enchanter who enjoyed the favour of Goddess Shakti. They looked upon Nambi as a storehouse of knowledge. They would feel awe and wonder when they listened to his wonderful stories. They tolerated his eccentricities as signs of his special genius.

नाम्बी असाधारण रूप से अद्भुत कहानी सुनानेवाला व्यक्ति था जिसका गाँववालों के बीच गहरा सम्मान था। वे उसका आदर करते थे और उसके भोजन व वस्त्रों की पूर्ति करने के लिए तैयार रहते थे। वे उसे सम्मोहक के रूप में देखते थे जिसको देवी शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त था। वे नाम्बी को ज्ञान का भण्डार मानते थे। जब वो अद्भुत कहानियाँ सुना रहा होता था तो लोग आश्चर्य से भर जाते थे। वे लोग उसकी सनक को भी उसकी विशिष्ट योग्यता के रूप में सहन करते थे।

Q.17. Give a brief introduction of Ruskin Bond.

रस्किन बॉण्ड का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

Ans. Ruskin Bond by his own name established a bond between India and Britain. He is an Indian author of British descent. He was born in Kasauli in the then province of Punjab in 1934. He is described as the Indian Wordsworth in recognition of his love of nature and in its mystification. The reason may be that he developed a great association with nature when most of his life was spent amidst Himalayas.

अपने नाम के अनुरूप ही रस्किन बॉण्ड ने भारत व ब्रिटेन के बीच एक बॉण्ड या अटूट रिश्ता बनाया है। वह ब्रिटिश मूल के भारतीय लेखक हैं। उनका जन्म सन् 1934 में कसौली में हुआ था जो तब पंजाब प्रान्त का भाग था। अपने प्रकृति प्रेम के कारण उन्हें भारत का वड्‌र्सवर्थ कहा जाता है। उन्होंने प्रकृति के साथ अपने को एकाकार कर लिया है। इसका कारण है कि उनका अधिकांश जीवन हिमालय की वादियों में बीता।

Q.18. "It is safer in the jungle than in the town," says Sundar Singh. Justify the statement in the context of the story "The Tunnel." (2021)

''नगर की अपेक्षा जंगल सुरक्षित है'' सुंदर सिंह कहता है। 'The Tunnel' कहानी के सन्दर्भ में इस कथन की विवेचना कीजिए।

Ans. The short story, "The Tunnel," takes place in the Himalayan foothills. Sundar Singh is a watchman of this tunnel and he inspects the tunnel twice a day. He says that "It is safer in the jungle than in the town" because once when he went to the nearby town, he was almost run over by a motor car. As compared to a town, the jungle is a peaceful, relaxed and safe place.

यह लघुकथा 'The Tunnel' हिमालय की तलहटी में घटती है। सुंदर सिंह इस सुरंग का चौकीदार है तथा वह हर दिन इसका दो बार निरीक्षण करता है। वह कहता है ''नगर की अपेक्षा जंगल सुरक्षित है'' क्योंकि एक बार जब वह पास के नगर में गया था, एक कार ने उसे लगभग रौंद ही दिया था। एक नगर के मुकाबले जंगल एक शान्त, तनाव मुक्त और सुरक्षित स्थान है।

Q.19. Draw a character sketch of Suraj.

सूरज का चरित्र चित्रण कीजिए।

Ans. Suraj is a young boy and is also the protagonist of the story. He is anxious to know more about this world. He rides a bicycle and lovers watching the passing trains.

सूरज एक छोटा लड़का है जो कहानी का नायक भी है। वह इस संसार के बारे में अधिक से अधिक जानने के लिए उत्सुक है। वह साइकिल की सवारी करता है और जाती हुई रेलगाड़ी को देखना उसे पसंद है।

Q.20. What emotion is created at the end of the story 'The Tunnel'?

कहानी 'The Tunnel' के समापन के दौरान किस मनोभाव का आविर्भाव होता है?

Ans. The emotions are created by owe, mystery and suspense. The story ends on a parting note. Suraj and his father are travelling in the train which is going to Delhi. Now, Suraj becomes emotional while travelling in train and remembers passionately his friend, the watchman with the lamp.

मनोभावों का आविर्भाव विस्मय, रहस्य और असमंजस के द्वारा होता है। कहानी का समापन विदाई के रूप में होता है। सूरज और उसके पिता रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे हैं जो दिल्ली जा रही है। इस यात्रा के दौरान सूरज भाव विह्वल हो उठता है और उसको अपने मित्र लैम्प वाले चौकीदार की याद आने लगती है।

Q.21. Which were the sounds that Suraj could not recognise?
वे कौन-सी आवाजें थी जिनको सूरज पहचान नहीं पाया?

Ans. Some sounds were coming that Suraj could not recognise. These sounds came from the trees, creakings and whisperings, as though the trees were coming alive, stretching their limbs in the dark, shifting a little, reflexing their fingers.
कुछ आवाजें आ रही थीं जिनको सूरज पहचान नहीं सका था। पेड़ों से आने वाली चरचराहट व सरसराहट की इन आवाजों से लग रहा था मानों पेड़-पौधे जीवन्त हो उठे हों जिन्होंने अँधेरे में अपनी शाखाओं को फैलाकर विस्तार दे दिया हो और आगे बढ़कर अपनी टहनियों को राहत दी हो।

SECTION-B SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Discuss the feelings of the child after separation of parents.
माता पिता से पृथक् होने के बाद बच्चे की भावनाओं का विवरण दीजिए।

Ans. After the separation of the parents the child feels insecure. He wept loudly with dry throat. He ran at once, crying in fear: "Mother, father." Hot and fierce tears rolled down from his eyes. He was panic-stricken. He ran in all directions. His throat was chocked. His yellow turban became untied. He was wet with sweat. He ran to a green grassland. His parents were not found there. Then he ran hotly to a shrine. People seemed to be crowding there. Men jostled each other. The poor child struggled to carve a way between their feet. He was knocked by their movements. He might have been trampled underfoot if he had not cried aloud "Father, mother." A man heard his groan. He stooped with very great difficulty. He lifted him up in his arms.
माता-पिता के पृथक् हो जाने के बाद बच्चा असुरक्षा की भावना महसूस करता है। वह सूखे गले से जोर-से रोया। वह भय से चिल्लाता हुआ एकदम दौड़ा : 'माँ, पिता!' उसके नेत्रों से गर्म और अनगिनत आँसू टपकने लगे। वह भयभीत था। वह चारों ओर भागा। उसका गला रुँध गया। उसकी पीली पगड़ी खुल गई। पसीने से वह तर हो गया। वह हरी घास के मैदान की ओर दौड़ा। उसके माता-पिता वहाँ भी नहीं मिले। तब वह बेतहाशा एक मन्दिर की ओर दौड़ा। लोगों की भीड़ वहाँ लग रही थी। लोग आपस में धक्का-मुक्की कर रहे थे। बेचारे बच्चे ने इन लोगों के पैरों में से होकर रास्ता बनाने के लिए संघर्ष किया। वह उनकी हलचल से नीचे गिरा जा रहा था। वह पैरों के नीचे कुचला गया होता यदि वह जोर से न चिल्लाता 'पिता, माता!' एक आदमी ने उसको कराहते सुना। वह बड़ी कठिनाई से नीचे झुका। उसने बच्चे को अपनी भुजाओं में उठा लिया।

Q.2. "Priorities change when the child loses his parents". Discuss the theme of the story 'The Lost Child' in reference to the above statement. **(2021)**
''जब बालक अभिभावकों को खो देता है तो प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं।'' इस कथन को सन्दर्भित करते हुए 'The Lost Child' कहानी की विषय-वस्तु की विवेचना कीजिए।

Ans. For any child, the security of cosy feeling of being with the family is the most important. While, the child in the present story 'The Lost Child' is with his parents, he is enjoying everything on display at the fair and the natural backdrop of butterflies, flowers and swan.
Once the harsh realization of being lost hits him, his topmost priority is to find his parents. This is because parents are everything to a child. The person who is trying to pacify the child by offering him different goodies will, at the most, give a temporary succour to him. But to continue normal life, he needs to be united with his parents. Although a child may not comprehend this complex thing, but the natural instinct of parent child bonding makes him behave the way he is behaving.

किसी भी बालक के लिए अपने परिवार के साथ आरामदायक भावना की सुरक्षा सबसे महत्त्वपूर्ण है। 'The Lost Child' कहानी में बालक जब तक अपने अभिभावकों के साथ है, वह मेले में उपस्थित हर वस्तु व तितलियों, फूल व हंस की प्राकृतिक पृष्ठभूमि का आनंद ले रहा है।

जब उसे ज्ञात होता है कि वह खो गया है, उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता अपने अभिभावकों को ढूँढ़ने की है। वह व्यक्ति जो विभिन्न वस्तुएँ देकर उसे शान्त करने की चेष्टा कर रहा है, अधिकाधिक उसे अस्थायी राहत दे सकता है। किन्तु सामान्य जीवन के लिए उसे अपने अभिभावकों से मिलने की आवश्यकता है। हालाँकि एक बालक इस जटिल विषय को न समझ पाये, किन्तु अभिभावक व बालक के सम्बन्ध की स्वाभाविक प्रवृत्ति उससे ऐसा व्यवहार करवा रही है जैसा कि वह कर रहा है।

Q.3. Discuss the child's love for nature?
बच्चे के प्रकृति-प्रेम की विवेचना कीजिए।

Ans. The child's psychology comes into play from the very beginning. In the fair, he is running between the legs of his parents. He is enthusiastic to visit the fair. He is overjoyed to see the fields of pale mustard for miles. He enters the mustard fields. He follows the dragonflies, blackbee and butterfly. He tries to catch them. He is also attracted by the little insects and worms along the footpath. He sees an old banyan tree outstretching its arms over jaman, neem and champak and casting its shadow across golden cassia and crimson gulmohur. When he enters the grove, he gathers the raining petals in his hands. He hears the cooing of the doves and shouts, "The dove! The dove!" The raining petals dropped, forgotten from his hands.

बाल-मनोविज्ञान प्रारम्भ से ही कार्य करने लगता है। मेले में वह अपने माता-पिता की टाँगों के बीच में दौड़ रहा है। वह मेला देखने के लिए उत्साही है। वह मीलों तक फैले हुए पीली सरसों के खेतों को देखकर अति प्रसन्न होता है। वह सरसों के खेतों में घुस जाता है। वह ड्रैगन-फ्लाई, भ्रमर तथा तितली का पीछा करता है। वह उनको पकड़ने का प्रयत्न करता है। पगडण्डी के साथ उड़ते हुए छोटे कीट-पतंगों तथा अन्य कीटों की ओर आकर्षित होता है। वह देखता है कि एक पुराना बरगद का वृक्ष जामुन, नीम और चम्पक के ऊपर अपनी भुजाएँ फैला रहा है और अपनी छाया सुनहरे काशिया और लाल गुलमोहर के ऊपर फेंक रहा है। जब वह वृक्षों के कुंज में घुसता है तो वह अपने हाथों में नीचे बरसती हुई पंखुड़ियाँ एकत्र करता है। वह फाख्ता की आवाज सुनता है, और पुकारता है, "फाख्ता! फाख्ता।" वह भूल जाता है कि उसके हाथों में बरसी हुई पंखुड़ियाँ हैं, वे नीचे गिर जाती हैं।

Q.4. What things attracted the child in the fair?
मेले में किन चीजों ने बच्चे को आकर्षित किया?

Ans. Following things attracted the child which he wanted to possess :

(i) **Balloons :** The child was carried away by the rainbow glory of the silken colour balloons. He wanted to possess them all, but he could not.

(ii) **Flowers :** As the child entered the grove, a shower of young flower fell upon him. He began to gather the raining petals in his hands. But when he heard the cooing of the doves, he ran towards his parents, shouting : 'The dove! The dove!' The raining petals dropped from his forgotten hands.

(iii) **Sweets :** The child was attracted by the sweet shop. He stared open eyed and his mouth watered for the burfi. He slowly murmured, "I want that burfi." But he couldn't have it.

(iv) **Garland of gulmohur :** The child was attracted by the garlands of gulmohur and the sweetness of their scents. He went to the basket of flowers and murmured, 'I want that garland.' But he failed to get it.

(v) **Toys :** The child was attracted by the toys in the shops that lined the way. He pleaded to his parents, "I want that toy." But his father looked at him red-eyed.

निम्नलिखित चीजों ने बच्चे को आकर्षित किया जिन्हें वह प्राप्त करना चाहता था—

(i) **गुब्बारे**—बच्चा रेशमी रंगों के इन्द्रधनुषी गुब्बारों के प्रभामण्डल द्वारा आकर्षित हुआ। वह उन सब गुब्बारों को प्राप्त करना चाहता था, परन्तु वह प्राप्त नहीं कर सका।

(ii) **पुष्प**—जैसे ही बच्चा कुंज में घुसा, पुष्पों की बौछार उस पर हुई। उसने बरसती हुई पंखुड़ियों को अपने हाथ में एकत्र किया। परन्तु जब उसने फाख्ता की आवाज सुनी तो वह पुकारता हुआ अपने माता-पिता की ओर भागा, 'फाख्ता! फाख्ता!' उसके विस्मृत हाथों से छूटकर पंखुड़ियाँ नीचे गिर गईं।

(iii) **मिठाइयाँ**—बच्चा मिठाई की दुकान की ओर आकर्षित हुआ। वह खुली आँखों से टकटकी लगाकर देखता रहा और बर्फी को देखकर उसके मुँह में पानी भर आया। वह धीरे से बुदबुदाया, 'मुझे यह बर्फी चाहिए।' परन्तु वह उसे प्राप्त नहीं कर सका।

(iv) **गुलमोहर की माला**—बच्चा गुलमोहर की मालाओं और उनकी मोहक सुगंध द्वारा आकर्षित हुआ। वह पुष्पों की टोकरी के पास गया और बुदबुदाया, 'मुझे यह माला चाहिए।' परन्तु वह माला पाने में असफल रहा।

(v) **खिलौने**—रास्ते के दोनों ओर स्थित दुकानों में जो खिलौने रखे थे उन्होंने बच्चे को आकर्षित किया। उसने अपने माता-पिता से आग्रह किया, "मुझे यह खिलौना चाहिए।" परन्तु उसके पिता ने क्रोधपूर्ण दृष्टि से उसकी ओर घूरा।

Q.5. Do you agree that the story of Mulk Raj Anand 'The Lost Child' is full of pathos? Discuss.

क्या आप सहमत हैं कि मुल्कराज आनन्द की कहानी 'The Lost Child' करुण रस से भरपूर है? विवेचना कीजिए।

Ans. In the story, 'The Lost Child' pathos flows from the beginning to the end of the story. We feel pity for the child when his desire is crushed directly or indirectly. The desire of the child's heart is suppressed by the old, cold stare of refusal in the eyes of his parents. When the child is lost at the roundabout, he looks on all sides, but there is no sign of his parents. His throat is dry. He cries in fear: 'Mother, father.' Hot and fierce tears roll down from his eyes. He is panic-stricken. He runs in all directions, knowing not where to go. His throat is choked with the swallowing of his spittle. He is knocked to and fro by the movements of people when he struggles to carve a way between their legs. He might have been trampled underfoot. Just then a man heard his shrill shrieked voice and lifted him up. When the kind man asks him : 'How did you get here, child? Whose baby are you?' The child weeps more bitterly now than ever.

'The Lost Child' कहानी में करुण रस आरम्भ से अन्त तक प्रवाहित होता है। हमें बच्चे पर करुणा आती है जब उसकी इच्छा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कुचली जाती है। बच्चे के माता-पिता की आँखों में व्याप्त मनाही की पुरानी, निर्दयी टकटकी द्वारा बच्चे के हृदय की इच्छा दबाई जाती है। जब बच्चा झूले के पास खो जाता है, वह चारों ओर देखता है, परन्तु उसके माता-पिता का कोई चिह्न नहीं मिलता। उसका गला सूखा है। वह भय से चिल्लाता है : 'माँ, पिता!' अनगिनत गर्म आँसू उसकी आँखों से लुढ़कते हैं। वह भयभीत है। वह चारों दिशाओं में दौड़ता है, उसे पता नहीं कहाँ जाना है। थूक निगलने से उसका गला रुँध जाता है। जब वह आवाजाही कर रहे लोगों की टाँगों के बीच से रास्ता बनाने का प्रयास करता है तो उनके पैरों से टकराता है। वह उनके पैरों के नीचे कुचला गया होता, तब ही एक व्यक्ति ने उसकी तीक्ष्ण कर्ण कटु आवाज सुनी और उसे उठा लिया। जब दयालु व्यक्ति बच्चे से पूछता है : 'बच्चे, तुम यहाँ कैसे आए? तुम किसके बच्चे हो?' तब बच्चा पहले से अधिक बहुत फूट-फूटकर रोता है।

Q.6. Review the story "The Lost Child" written by Mulk Raj Anand in your own words?
मुल्कराज आनन्द की कहानी 'The Lost Child' की समीक्षा अपने शब्दों में कीजिए।

Ans. The story 'The Lost Child' is one of the best stories of Mulk Raj Anand. Every description of the story is clear. There is nothing vague. The language of the story is very easy, simple and idiomatic practical. The author of the story is master of child psychology. When the child is separated from his mother and father in a village fair, his cries and running from one place to another depict the sad plight of the child. There is Indian countryside atmosphere in the whole story. The green fields, too much rush in a village fair and variety of people's dress attract the reader. The plot of the story is much interesting. Once we begin to read the story, it is impossible to leave it aside before concluding it.

कहानी 'The Lost Child' मुल्कराज आनन्द की सर्वश्रेष्ठ कहानियों में से एक है। कहानी का प्रत्येक वर्णन स्पष्ट है। इसमें कुछ भी व्यर्थ नहीं है। कहानी की भाषा बहुत सरल, सादा और मुहावरेदार है। कहानी का लेखक बाल-मनोविज्ञान का व्यावहारिक जानकार है। जब बच्चा गाँव के एक मेले में अपने माता-पिता से बिछुड़ जाता है तब उसकी चीखें और इधर-से-उधर दौड़ना उसकी दु:खद पीड़ा को दर्शाता है। सम्पूर्ण कहानी में भारत का ग्रामचलिक वातावरण व्याप्त है। हरे खेत, गाँव के एक मेले में भारी भीड़ और लोगों की विभिन्न प्रकार की वेशभूषा हमें आकर्षित करती है। कहानी का कथानक अत्यधिक रुचिकर है। एक बार कहानी पढ़ना शुरू करने के पूर्व उसे अधूरी छोड़ देना असम्भव है।

Q.7. Why did the villagers like to listen to the stories of Nambi?
गाँववाले नाम्बी की कहानियों को क्यों सुनना चाहते थे?

Ans. Nambi was an excellent storyteller with an extraordinary ability to make interesting stories. His way of narrating the story was quite interesting. He was otherwise a very ordinary person and being illiterate had read no books. His gift of storytelling was so extraordinary that it appeared to be a supernatural gift. He also encouraged this belief that it was with the special kindness of the Goddess that he was able to tell those wonderful stories. Nobody could guess his age because he had made this also a mystery by linking it with ancient things and happenings.

नाम्बी एक अच्छा कहानी सुनानेवाला था जो मनोरंजक कहानियाँ गढ़ने में विशेष योग्यता रखता था। कहानी कहने का उसका ढंग काफी रोचक होता था। अन्यथा वह एक मामूली-सा ही व्यक्ति था और अनपढ़ था जिसने कोई पुस्तक नहीं पढ़ी थी। कहानी सुनाने की उसकी योग्यता अद्भुत थी और लगता था कि यह दैवी उपहार है। उसने इस विचार को यह कहकर अधिक महत्त्व दे दिया कि दैवी की अनुकम्पा के कारण वह इतनी अद्भुत कहानियाँ सुना पाता है। उसकी आयु कितनी थी, इस तथ्य का भी किसी को पता नहीं था क्योंकि इस पहलू को भी उसने रहस्य के आवरण से घेर दिया था और प्राचीन वस्तुओं व घटनाक्रमों से स्वयं को जोड़ देता था।

Q.8. Why does the author call Nambi an 'enchanter'?
लेखक ने नाम्बी को वशीभूत करने वाला क्यों कहा?

बेकन के अनुसार, पढ़ाई आनंद, सजावट व योग्यता के लिए है। उनका मुख्य उपयोग निजता व आराम के क्षणों में आनंद लेना; बोलचाल व भाषण देने में सजावट तथा निर्णय लेने और व्यापार करने में योग्यता होना है।

Q.3. What does Bacon want to explain in this essay?
इस निबन्ध में बेकन क्या विवरण करना चाहते हैं?

Ans. Francis Bacon, in his classic essay "Of Studies", explains how and why study or knowledge is important to the human beings. The great essayist explains the importance of study and opens the essay with what use is study. He says that study can be for pleasure, ornament or to cultivate ability, and also tells how study can be used in each capacity.

फ्रांसिस बेकन, अपने शास्त्रीय निबंध "Of Studies" में व्याख्या करते हैं कि अध्ययन या ज्ञान किस प्रकार और क्यों हम मनुष्यों के लिए महत्वपूर्ण है। वह महान निबंधकार अध्ययन के महत्व की व्याख्या करता है और निबंध का आरंभ यह कहकर आरंभ करता है कि अध्ययन का क्या महत्व है। वह कहता है कि अध्ययन मनोरंजन के लिए, सजावट या दिखावट के लिए या योग्यता/क्षमता पैदा करने के लिए हो सकता है।

Q.4. What is the affinity between study and experience?
अध्ययन और अनुभव के मध्य किस प्रकार का गहरा सम्बन्ध है?

Ans. Study and experience have a close relation. Study develops the natural ability of a man but it must be guided and perfected by the practical experience of life. Natural abilities can be compared to natural plants. Study gives guidance which is too vague and general. Guidance given by books can be applied to practical affairs of life only when it has been corrected and controlled by experience of life. Books give us knowledge, but they do not teach the practical use of that knowledge. This practical use of knowledge can be learnt only through the experience of life. Experience lies outside books, and is superior to the study or knowledge of books.

अध्ययन व अनुभव में घनिष्ठ सम्बन्ध है। अध्ययन एक व्यक्ति की स्वाभाविक योग्यताओं को विकसित करता है परन्तु उसे जीवन के अनुभव से नियन्त्रित व विकसित किया जाना चाहिए। स्वाभाविक योग्यताओं की तुलना प्राकृतिक पौधों से ही की जा सकती है। पुस्तकों द्वारा दिया गया निर्देशन बहुत सामान्य व अस्पष्ट होता है। उसे जीवन के व्यावहारिक मामलों पर तभी लागू किया जा सकता है जब वह जीवन के अनुभव द्वारा नियन्त्रित व सही किया जा चुका हो। पुस्तकें हमें ज्ञान देती हैं परन्तु उस ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग नहीं सिखातीं। ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग जीवन के अनुभव व निरीक्षण से सीखा जा सकता है। अनुभव पुस्तकों के बाहर की बात है जो अध्ययन या किताबी ज्ञान से श्रेष्ठ होता है।

TOUCH N PASS

Q.5. What is the effect of different kinds of books on the reader?
पाठक पर विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans. Different kinds of books have different effects upon the readers. History makes a man wise. Poetry makes a man imaginative. Mathematics develops subtlety in a man. Natural philosophy i.e., physics, chemistry enables a man to go deep into things. Logic and rhetoric develop a man's debating powers. The study of Moral philosophy makes a man grave or serious.

विभिन्न प्रकार की पुस्तकों के पाठकों पर विभिन्न प्रभाव होते हैं। इतिहास व्यक्ति को बुद्धिमान बनाता है। कविता मनुष्य को कल्पनाशील बनाती है। गणित व्यक्ति को सूक्ष्म अन्तर परखना सिखाता है। प्राकृतिक दर्शन अर्थात् भौतिक व रसायन विज्ञान मनुष्य को वस्तुओं की गहराई तक जाना सिखाते हैं। तर्कशास्त्र व भाषण देने की कला व्यक्ति को तर्क करना सिखाते हैं। नैतिक दर्शन का अध्ययन मनुष्य को गम्भीर बनाता है।

Q.6. 'Dream Children' is full of humour and pathos. Discuss.
'Dream Children' हास्य व करुणा से भरपूर हैं। विवेचना कीजिए।

Ans. A fine blending of humour with pathos is found nowhere as has been used by Charles Lamb in his essay. His 'Dream Children' is the essay in which we find sustained pathos with humour. The writer seems to laugh under the impression of his agonies.

जैसा मार्मिक चित्रण हास्य व करुणा के मिश्रण से चार्ल्स लैम ने अपने निबन्ध में किया है वैसा विवरण अन्यत्र नहीं मिलता है। उसके 'Dream Children' में करुणा व हास्य का स्थायी भाव दिखायी देता है। अपनी पीड़ा व परेशानी के बीच भी वह हँसता हुआ दिखायी देता है।

Q.7. Discuss about Field and her great house as shown in the essay 'Dream Children'.
फील्ड और उनके विशाल मकान का वर्णन कीजिए जैसा कि 'Dream Children' में दिखाया गया है।

Ans. Lamb starts his story beginning with his grandmother Field who had in her possession a great house in Norfolk in which the story of the children is told. She used to live alone in such a big house. She was a good religious lady and everybody used to respect her. Field loved all her grandchildren, specially John Lamb who did not like to stay much in the boundaries of that large house.

लैम्ब अपनी कहानी का प्रारम्भ अपनी दादी फील्ड से करता है जिनका नोरफोक में एक विशाल मकान था जिसमें बच्चों के बारे में कहानी सुनायी जा रही है। इतने विशाल मकान में वह अकेली रहा करती थीं। वह धार्मिक स्वभाव की एक अच्छी महिला थीं और सभी लोग उनका सम्मान करते थे। फील्ड अपने सभी पौत्रों को स्नेह करती थीं, विशेष रूप से जॉन लैम को, जो उस विशाल मकान की चहारदीवारी में कैद होकर नहीं रहना चाहता था।

Q.8. Discuss the type of language used by Lamb in his essays.
लैम द्वारा अपने निबन्धों में प्रयोग की गई भाषा का विवेचना कीजिए।

Ans. Lamb writes very simple sentences when he is didactic and serious in the narrative of facts like Bacon. He uses a lot of dashes and leaves the sentences incomplete when he is sensitive and imaginative. His essays are full of rich similes, metaphors and oxymorons. He breaks big sentences using colons and semicolons. Brackets have been used to a friendly conversation with the readers. Lamb has chosen different styles for different purposes.

बेकन की तरह जब लैम्ब शिक्षाप्रद व गम्भीर विषयों पर विवरण प्रस्तुत करता है तो वह सरल वाक्यों का लेखन में उपयोग करता है। जब वह भावुक व कल्पनाशील लेखन करता है तो वह बार-बार डैश का प्रयोग करता है और वाक्यों को अधूरा

छोड़ देता है। उसके निबन्ध उपमा, रूपक, विरोधाभास जैसे अलंकारों से भरपूर रहते हैं। वह कॉलन और अर्धविराम का प्रयोग कर लम्बे वाक्यों को लघु आकार देने में समर्थ होता है। अनुकूलता का वातावरण सृजित करने के लिए वह कोष्ठकों का प्रयोग भी करता है। लैम्ब ने भिन्न-भिन्न उद्देश्यों के लिए सर्वथा भिन्न शैलियों का प्रयोग किया है।

Q.9. Do you think that Lamb's essays are autobiographical? Comment.
क्या आप सोचते हैं कि लैम के निबन्ध निजता से ओतप्रोत हैं? विवेचना कीजिए।

Ans. Lamb is a personal essayist. His essays are autobiographical. There is no essay which does not expose any fact about Lamb's life. His essays throw a light of his own mood and temperament. Every essay of his is full of seriousness. Though he was lifelong bachelor, he depicts his longings to be a father and husband. Imagination, grief, pictorial qualities and his emotions reveal his personal life. His essays are subjective in character.

लैम्ब निजता का निबन्धकार है। उसके निबन्ध आत्मपरक होते हैं। ऐसा कोई निबन्ध नहीं है जिसमें लैम्ब के जीवन से सम्बन्धित कोई तथ्य न हो। उसके निबन्धों में उसके स्वभाव व मनोदशा पर प्रकाश पड़ता है। उसके सभी निबन्ध गम्भीरता से ओतप्रोत होते हैं। यद्यपि वह आजीवन अविवाहित रहा तब भी वह पिता और पति होने की अपनी इच्छा प्रकट करता है। कल्पनाशीलता, विषाद, चित्रात्मकता और उसकी भावनाएँ उसके निजी जीवन को उद्भाषित करती हैं। चरित्र में उसके सभी निबन्ध आत्मपरक होते हैं।

Q.10. It is said that Lamb's essays are the blending of fact and fiction. Discuss in your own words.
यह कहा जाता है कि लैम्ब के निबन्ध वास्तविकता और कल्पना का सम्मिश्रण होते हैं। अपने शब्दों में विवेचना कीजिए।

Ans. Lamb's essays are marked by an exquisite blending of fact and fiction. In fact, he was an imaginative artist and not a factual recorder of events. Most of his essays have references to his personal life yet to write a biography of Lamb only on the basis of his essays is not an easy task. This is due to his incurable habit of mingling fact and fiction, and truth and imaginary details.

लैम्ब के निबन्धों में वास्तविकता व कल्पनाशीलता का उत्कृष्ट सम्मिश्रण दिखायी देता है। वास्तविकता यह है कि वह कल्पनाशीलता का कलाकार था और उसे वास्तविक तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं था। उसके अधिकांश निबन्धों में उसके निजी जीवन की झलक मिलती है तथापि इन निबन्धों को आधार बनाकर उसकी जीवनी लिख पाना प्रायः असम्भव ही है। ऐसा इसलिए है कि वह वास्तविकता व कल्पनाशीलता को और सत्य घटना व काल्पनिक घटना को इस प्रकार मिश्रित कर देता है कि उन्हें पृथक् कर पाना पाठक के लिए असम्भव है।

Q.11. Grive a brief introduction of Joseph Addison.
जोसेफ एडीसन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

Ans. Joseph Addison was born in 1672. His father Lancelot Addison (1632-1703) was a scholarly English Clergyman. Addison was educated at Amesbury, Lichfield, Charterhouse School in London, Queens College and Magdalen, Oxford. In 1693, he began his literary career with a poetic address to Dryden and won his instant favour.

जोसेफ एडीसन का जन्म 1672 में हुआ था। उसके पिता लांसलॉट एडीसन (1632-1703) एक विद्वान् अंग्रेज पादरी थे। एडीसन की शिक्षा एम्सबरी, लिचफील्ड व चार्टर हाउस स्कूल लन्दन में तथा क्वीन्स कॉलेज व मेग्डालेन, ऑक्सफोर्ड में हुई थी। 1693 में Dryden के लिए एक काव्यात्मक सम्बोधन से उसने अपना साहित्यिक जीवन प्रारम्भ किया व तुरन्त उसका स्नेह जीता।

Q.12. Addison's life was divided between political and literary duties. Discuss.
एडीसन का जीवन राजनीतिक और साहित्यिक कार्यों के बीच बँटा हुआ था। विवेचना कीजिए।

Ans. Addison's life was divided between political and literary duties. He wrote his essays for 'The Tatler' and 'The Spectator' between 1709 and 1714 on which his fame as an essayist of substance depends. Based upon his reputation he rose in administrative and political fields and became Under Secretary, Member of Parliament, Secretary for Ireland and finally Secretary of State.

एडीसन का जीवन राजनीतिक व साहित्यिक कार्यों के बीच बँटा हुआ था। वर्ष 1709 से 1714 के बीच उसने The Tatler व The Spectator के लिए निबन्ध लिखे। इसी के आधार पर उसे निबन्धकार के रूप में ख्याति मिली। अपनी ख्याति के अनुरूप वह प्रशासनिक व राजनीतिक क्षेत्रों में आगे बढ़ा। वह अवर सचिव, संसद सदस्य, आयरलैण्ड का सचिव और अन्त में गृहमन्त्री बना।

Q.13. In which manner does Addison describe the relevance of Sunday?
रविवार की प्रासंगिकता को एडीसन ने किस प्रकार विवेचित किया है?

Ans. Addison is always pleased on a Sunday in a country. He thinks that if the life of Sunday is not enjoyed as a holiday there will be no change in the life of people. Sunday is the only human institution that can make the civilization more refined and civilized.

ग्रामीण अंचल में रविवार का दिन एडीसन के लिए सदैव ही प्रसन्नता प्रदान करने वाला होता है। उसका मानना है कि यदि रविवार के दिन को अवकाश के रूप में नहीं मनाया गया तो लोगों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। रविवार ही ऐसी मानवीय संस्था है जो सभ्यता को और अधिक परिष्कृत व संस्कारपूर्ण बना सकती है।

Q.14. Why does Addison call Sunday the best institution in the life of man, whether man-made or God-made ?
एडीसन रविवार को भगवान द्वारा निर्मित अथवा मनुष्य द्वारा निर्मित मनुष्य के जीवन में सर्वश्रेष्ठ परम्परा/संस्था क्यों कहते हैं?

Ans. Joseph Addison regards Sunday as the best institution in human life whether devised by God, when he rested on the seventh day after working for six days, creating the Universe, or devised by man. If Sunday, and the tradition to go to Church on this day, were not there, man would be uncivilised and barbaric. In a way it clears the rust of the society gathered by human beings during the last six days of the week.

एडीसन रविवार को मनुष्य के जीवन की सर्वश्रेष्ठ परम्परा मानते हैं, चाहे यह मनुष्य द्वारा स्थापित हो अथवा भगवान द्वारा, जब भगवान ने ब्रह्माण्ड की रचना का कार्य छः दिनों तक करने के पश्चात् सातवें दिन आराम किया। यदि रविवार और इस दिन चर्च जाने की परम्परा न हो तो मनुष्य असभ्य एवं बर्बर रह जाता। एक प्रकार से यह समाज के अन्दर मनुष्य द्वारा सप्ताह के छः दिनों के भीतर जमा की गयी जंग और गंदगी को दूर कर देता है।

SECTION-B SHORT ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Why is it necessary to perfect studies by experience?
अध्ययन को अनुभव से सम्पूर्ण करना क्यों आवश्यक है?

Ans. While accepting the importance of studies in the life of man, Bacon explains that studies are not complete in themselves. On the one hand they perfect the nature of man but are themselves perfected by experience i.e. practical experience is necessary to make a proper use

of studies. It is necessary because the knowledge of rules gained from books is vague and abstract. Life is not a uniform thing. Circumstances change regularly and man has to adjust according to them. Theory and principles are to be duly adjusted to make them fit in the practical aspects of life. Without doing so man cannot make a proper use of his studies. It is only the wise who can make proper use of their studies.

मनुष्य जीवन में अध्ययन के महत्व को स्वीकार करते हुए बेकन स्पष्ट करते हैं कि अध्ययन अपने आप में सम्पूर्ण नहीं होता है। एक ओर तो वह मनुष्य प्रकृति को पूर्णता प्रदान करता है, दूसरी ओर स्वयं अनुभव से पूर्ण होता है। कहने का अर्थ है कि अध्ययन का उचित उपयोग करने के लिए अनुभव आवश्यक है। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि पुस्तकों से प्राप्त नियमों का ज्ञान स्पष्ट एवं भावपरक होता है। जीवन एक जैसा नहीं होता। परिस्थितियाँ सतत् परिवर्तित होती रहती हैं और मनुष्य को उनके अनुसार अपने को व्यवस्थित करना पड़ता है। नियमों एवं सिद्धान्तों को जीवन में व्यावहारिक पक्ष के अनुसार सटीक बनाने के लिए उचित तालमेल बैठाना पड़ता है। ऐसा किये बिना मनुष्य अपने अध्ययन का उचित प्रयोग नहीं कर सकता। केवल बुद्धिमान लोग ही अपने अध्ययन का उचित उपयोग कर सकते हैं।

Q.2. How, according to Bacon, young men should make proper use of their studies ?

बेकन के अनुसार नवयुवकों को अपने अध्ययन का उचित उपयोग किस प्रकार करना चाहिए?

Ans. Bacon believes that sutdies are very useful in giving man pleasure, ornament and ability. But to make their proper use youngmen have to observe a few things. They should not read to contradict or confute i.e. a young man should not, unless very necessary, contradict others. There are various angles from which truth can be seen. May be, the man is having his point of view based upon his experience and the young man may only show his ignorance by contradicting the man.

The young man should also not take for granted what others say. He should try to judge the sayings of others by his own understanding of life. The information should be first tested and then accepted. Similarly, he should not make a show of his studies. The proper thing is to study, to weigh and consider. The conclusions, thus arrived at would be the right knowledge of a young man.

बेकन मानते हैं कि अध्ययन मनुष्य के आनन्द, अलंकरण एवं योग्यता प्रदान करने में बहुत उपयोगी है। लेकिन उसका उचित उपयोग करने के लिए नवयुवकों को कुछ बातों का पालन करना आवश्यक है। उन्हें अपना अध्ययन खण्डन करने अथवा विवाद उत्पन्न करने के लिए नहीं करना चाहिए अर्थात् नवयुवक को जब तक बहुत आवश्यक न हो, दूसरों का खण्डन नहीं करना चाहिए। सत्य को देखने के बहुत से कोण हो सकते हैं। हो सकता है कि उस व्यक्ति का अपने अनुभव पर आधारित अपना दृष्टिकोण हो और उस व्यक्ति के मत का खण्डन करके नवयुवक केवल अपना अज्ञान ही प्रदर्शित कर रहा हो।

नवयुवकों को दूसरों द्वारा कही गई बातों को वैसा ही स्वीकार नहीं कर लेना चाहिए। उसको दूसरों के कथनों को अपनी जीवन की समझ के अनुसार समझना चाहिए। जानकारी को पहले परखा जाना चाहिए और तब स्वीकार किया जाना चाहिए। इसी प्रकार उसे अपने ज्ञान का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। उचित यही होगा कि अध्ययन का उपयोग समझकर विचार करने के लिए किया जाए। इस प्रकार पहुँचा निष्कर्ष ही नवयुवक का उचित ज्ञान होगा।

Q.3. How does reading affect the personality of man?

अध्ययन से मनुष्य का व्यक्तित्व किस प्रकार प्रभावित होता है?

Ans. Studies develop the total personality of man. His habit of conversation makes him witty. A man becomes exact by writing. His thinking and expression become exact when he writes them on paper.

In the same way, study of different subjects has its impact on the personality of man in different ways. It has been experienced that the study of history makes a man wise. History is the account of the human activities of a period. When a man reads history he learns the mistakes committed in that period and learns from these mistakes of the past. The study of poetry makes man imaginative. Poet's imagination takes long flights and man also sharpens his imaginative skills by reading poetry. Study of mathematics develops refinement of human nature. Philosophy makes man deep. The philosophers are known to be cymini sectores i.e. hair splitters. Man learns to go deep into his subject by the study of philosophy. In the same way logic and rhetoric develop debating and oratorial skills of man.

अध्ययन से मनुष्य के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। वार्तालाप की उसकी आदत उसे वाक्‌चतुर बनाती है। लेखन के द्वारा मनुष्य सटीक होता है।

इसी प्रकार विभिन्न विषयों का अध्ययन मनुष्य के व्यक्तित्व पर भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रभाव डालता है। यह अनुभव में आया है कि इतिहास का अध्ययन मनुष्य को बुद्धिमान बनाता है। इतिहास किसी काल का मानवीय गतिविधियों का संकलन है। जब मनुष्य इतिहास का अध्ययन करता है, तो उसे उस काल में की गयी गलतियों की जानकारी होती है और भूतकाल की इन गलतियों से वह शिक्षा ग्रहण करता है। काव्य का अध्ययन मनुष्य को कल्पनाशील बनाता है। कवियों की कल्पना बड़ी-बड़ी उड़ानें भरती हैं और काव्य का अध्ययन करके मनुष्य अपनी कल्पनाशीलता को पैना बनाता है। गणित का अध्ययन मनुष्य की प्रकृति को परिष्कृत करता है। दर्शन मनुष्य को गांभीर्य प्रदान करता है। दार्शनिकों को बाल की खाल निकालने वाला कहा जाता है। दर्शन के अध्ययन से मनुष्य विषय की गंभीरता में जाना सीखता है। इसी प्रकार तर्क एवं भाषण-कला मनुष्य की वाद-विवाद एवं भाषण-कला को विकसित करते हैं।

Q.4. Write about the imaginative children in 'Dream Children'.
'Dream Children' के काल्पनिक बच्चों के विषय में लिखिए।

Ans. There are two imaginary children John and Alice in the story 'Dream Children'. The children are imaginatry because Lamb has been a bachelor but wishes to be a father. They are important characters as the whole description goes on for their pleasure. Lamb tells them of the fruits which were forbidden to him. At this John secretly deposited a bunch of grapes which was observed by Alice. But both seemed willing to relinquish them as it was irrelevant for the present. On hearing that Field was the best dancer, the little right foot of Alice plays involuntarily movement. Charles Lamb pathetically explains that he was as uneasy without John Lamb as their uncle John must have been when the doctor took off his limb. At this the two children started crying.

'Dream Children' की कहानी में जॉन और एलिस दो काल्पनिक बच्चे हैं। बच्चे काल्पनिक हैं क्योंकि लैम्ब अविवाहित रहा और पिता बनने की इच्छा रखता था। वे प्रमुख पात्र हैं क्योंकि सारा वर्णन उनके आनन्द के लिए है। लैम्ब उन्हें बताता है कि फलों की उसे मनाही थी। इस पर जॉन एक अंगूर का गुच्छा छिपाकर रख लेता है जिसे एलिस द्वारा देख लिया जाता है। परन्तु दोनों उसे त्यागने के इच्छुक दिखाई दिये, क्योंकि वर्तमान में यह असंगत था। यह सुनकर कि फील्ड श्रेष्ठ नृत्यांगना थी, एलिस का दाहिना पैर अनायास ही नाचने लगा। चार्ल्स लैम करुणापूर्ण ढंग से बताया कि बिना जॉन लैम के इतना बेचैन था जितना कि उनके अंकल जॉन रहे, जबकि डॉक्टर ने उनका अंग-भंग किया। इस पर दोनों बच्चों ने रोना शुरू कर दिया।

Q.5. Draw a character sketch of Field in 'Dream Children'.
'Dream Children' में Field का चरित्र चित्रण दीजिए।

Ans. In 'Dream Children' Lamb imagines his two children John and Alice; persuading him to tell the stories of their elders. In real life Lamb was not married. Here he is in reverie i.e.

day-dream. Lamb begins with his grandmother Field who lived in a great house in Nofolk. She was respected by everybody as she was soft-spoken, good and religious. Although she had only the charge of the house, she might be said to be the mistress of it. She had been tall, upright and best dancer in her youth; till a cruel disease, cancer bowed her down with pain. But even cancer could not bend her good spirit. When she died, her funeral was followed by a large number of common people.

'Dream Children' में लैम्ब दो बच्चों जॉन और एलिस की कल्पना करता है, उसे बड़ों की कहानियाँ सुनाने के लिए फुसलाते है। वास्तविक जीवन में लैम्ब विवाहित नहीं था। यहाँ वह दिवा–स्वप्न में है। लैम अपनी दादी फील्ड से प्रारम्भ करता है जो नोफेक में एक बड़े भवन में रहती थी। वह हर व्यक्ति के द्वारा सम्मानित थी, क्योंकि वह मृदुभाषी, अच्छी व धार्मिक थी। यद्यपि उसे इस भवन का केवल रक्षण अधिकार ही प्राप्त था फिर भी उसे इसकी मालकिन कहा जा सकता था। वह अपनी जवानी में लम्बी, सीधी और सर्वश्रेष्ठ नृत्यांगना रही थी, जब तक कि निर्दयी बीमारी कैंसर के दर्द ने उसे झुका दिया। परन्तु कैंसर भी उसकी अच्छी आत्मा को नहीं झुका सकी। जब उसकी मृत्यु हुई, उसकी अन्त्येष्टि में बहुत से सामान्यजन सम्मिलित हुए।

Q.6. Write in brief about the life of Lamb.
Lamb के जीवन के विषय में संक्षेप में लिखिए।

Ans. Charles Lamb was born in London on February 10, 1775. He was born and brought up in a building named 'Temple in the olden days. The building, later on, was shifted into a lodging of lawyers. Lamb's father was a confidential clerk to a lawyer. His mother Elizabeth Field was the daughter of the great grandmother Field who is referred to in the essay 'Dream Children'. Charles' other surviving brother and sister were John Lamb and Mary. Lamb received his education in a charity school 'Christ's Hospital'.While studying there, Lamb made S.T. Coleridge his friend.

Charles' elder brother John Lamb did not share sufferings of the family, that is why Charles started working as a clerk in South Seahouse in the very young age of fourteen. After two years he joined 'India House'. His interest in reading and writing got him retired from 'India House' to a literary career. He wrote his essays under the psuedonym of 'Elia'.

Charles Lamb लन्दन में 10 फरवरी, 1775 को पैदा हुए। वे एक भवन में पैदा हुए और पले जिसका नाम पुराने समय में 'Temple' था। बाद में यह भवन वकीलों के निवास में बदल दिया गया। Lamb के पिता एक वकील के विश्वस्त क्लर्क थे। उसकी माता 'Elizabeth Field' Great Grandmother Field की पुत्री थी, जिसका संदर्भ 'Dream Children' में दिया गया है। Charles के अन्य जीवित भाई–बहन John Lamb और Mary Lamb थे। Lamb ने एक धर्मार्थ संस्था 'Christ's Hospital' में शिक्षा ग्रहण की। वहाँ अध्ययन करते हुए उसने S.T. Coleridge से मित्रता की।

Charles का बड़ा भाई John Lamb परिवार के दु:खों में हिस्सा नहीं बँटाता था, यही कारण था कि Charles ने चौदह वर्ष की छोटी आयु में ही 'South Seahouse' में क्लर्क का कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। दो साल बाद 'India House' में सम्मिलित हो गया। पढ़ने–लिखने में उसकी रुचि ने उसे 'India House' से अवकाश दिलाकर साहित्यिक जीवन में पहुँचा दिया। उसने छद्मनाम 'Elia' के अन्तर्गत निबन्ध लिखे।

Q.7. Lamb is Prince of English Essayists. Comment.
लैम्ब अंग्रेजी निबन्धकारों का राजकुमार है। व्याख्या कीजिए।

Ans. Lamb is one of the great English essayists like Thomas Browne, Steel and Addison, etc.; that is why he has been called the prince of Englist essayists. There is beautiful blending of facts with fiction in his essays. His creations are humorous, heart-touching and pathetic in

particular. Lamb is to English essays what Milton is to English poetry and Shakespeare to English drama.

He wrote for 'London Magazine' under the name of ***'Elia'*** who was an Italian and Lamb's colleague at the South Seahouse. These essays were especially written to express his inner-most emotions, and to relieve the despair and grievances. His power of understanding, blending of facts with fiction, his principles of education, his peculiar style, etc. make Lamb the prince of English essayists.

लैम्ब अंग्रेजी के महान निबन्धकारों; जैसे—Thomas Browne, Steel are Addison आदि में से एक हैं। यही कारण है कि उन्हें अंग्रेजी निबन्धकारों का राजकुमार कहा जाता है। उसके निबन्धों में सत्य और कल्पना का सुन्दर समन्वय है। उसकी रचनाएँ विशेष रूप से हास्यपूर्ण, मर्मस्पर्शी और कारुणिक हैं। लैम अंग्रेजी निबन्ध के लिए वही है जो मिल्टन अंग्रेजी काव्य के लिए और शेक्सपीयर अंग्रेजी नाटक के लिए।

उसने 'London Magazine' में Elia के नाम से लिखा जो एक इटेलियन था और South Sea House में उसका सहकर्मी था। ये निबन्ध विशेष रूप से उसकी अन्दरूनी भावनाओं को व्यक्त करने और निराशा व दुःखों को शान्त करने के लिए लिखे गये थे। उसकी समझ, तथ्य और कल्पना का समन्वय उसमें शिक्षण सिद्धान्त, उसकी विशिष्ट पद्धति लैम्ब को अंग्रेजी निबन्धकारों का राजकुमार बनाते हैं।

Q.8. What steps has Sir Roger taken to sustain and increase the interest and faith of his people in the institution of the Church ?
सर रोजर ने चर्च की संस्था के लिए लोगों के मन में रुचि बनाये रखने एवं उसे बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

Ans. Sir Roger, the baronet of Worcestershire, is an ideal Churchman. He is a regular Church goer and wants that his parishiners should be likewise. For this he uses his authority as the knight quite rashly but at the same time he also gives some incentives so that people's faith in God remains firm.

As the landlord of the village he has got the inside of the Church walls painted and decorated with verses from the Bible. He has also donated a beautiful piece of cloth for the pulpit and got the pulpit railed. Besides, he has appointed a singer who roams the village singing hymns and instructing the villagers about the correct tune of the songs. This keeps the memory of the people fresh about religion. He has donated a hassock to every villager so that they may use it for kneeling during prayers.

Sir Roger also gives rewards to young men who give right answers on the Catchising day. He has declared that the post of clerk would be given to a meritorious young man after the present incumbent retires. All these steps have their positive effect on the mind of people to make them good church men.

सर रोजर जो वोरसेस्टरशायर के बेस हैं, एक आदर्श चर्च के व्यक्ति हैं। वे नियमित रूप से चर्च जाते हैं और चाहते हैं कि उनके पेरिश के लोग भी वैसे ही रहें। इसके लिए वे नाइट के रूप में अपने अधिकार काफी कठोरता से लागू करते हैं लेकिन साथ ही वे कुछ प्रोत्साहन भी देते हैं, जिससे लोगों की भगवान में आस्था दृढ़ बनी रहे।

गाँव के जमींदार के रूप में उन्होंने चर्च के भीतर की दीवार पर रोगन करा कर उसे बाईबिल की पंक्तियों से सजवाया है। उन्होंने मंच के लिए एक सुन्दर कपड़ा भी दान दिया है और मंच के चारों तरफ रेलिंग लगवाई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने एक गायक को नियुक्त किया है जो प्रार्थना एवं भजन गाता हुआ गाँव में घूमता रहता है और गाँव वालों को गीतों की सही

धुनों की शिक्षा देता है। इससे लोगों की धर्म की स्मृति ताजी बनी रहती है। उन्होंने प्रत्येक ग्रामवासी को एक गद्देदार आसन दान में दी है ताकि वे प्रार्थना के समय झुकने के लिए उसका उपयोग कर सकें।

सर रोजर नवयुवकों को पुरस्कार भी देते हैं जो प्रश्नोत्तर के दिन सही उत्तर देते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि क्लर्क का पद वर्तमान पदाधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर योग्यता के अनुसार दिया जाएगा। इन सब कदमों का लोगों के मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जिससे वे अच्छे चर्च के व्यक्ति बने हैं।

Q.9. Describe some of the eccentricities, Sir Roger suffers from as seen in his behaviour on Sunday at Church.
सर रोजर के चरित्र की कुछ विसंगतियों का वर्णन कीजिए जिनसे सर रोजर ग्रस्त है और जो रविवार के दिन चर्च में उनके व्यवहार में दिखाई पड़ती हैं।

Ans. Sir Roger is a landlord of good intentions, having the goodness for his people at his heart. But his behaviour sometimes shows him a man of eccentric nature. However, this also results from his simplicity and essential good nature. This is seen in his behaviour on a Sunday at Church.

He is in the habit of standing in the middle of a prayer or sermon and count the gathering to see if any one of his tenants is missing. He does not allow any one to take a short nap except himself. He also lengthens a verse and sings it half a minute longer when the rest of the congregation has finished it. In the same manner he says 'Amen' three or four times for some prayer if the matter is to his liking.

He does not let any one disturb the service. He once gave a rebuke to an idle fellow John Mathews, who was kicking his heels to divert his attention.

When the service is over, he is the first to move out through the two rows of the villagers who bow to him. In between, he enquires about those who are absent. This is taken as a mild reprimand to such people. These things are taken positively by the people who love him as much as they respect him.

सर रोजर सदभावना वाले जमींदार हैं जिनके मन में लोगों की भलाई सदा रहती है। लेकिन कई बार उनका व्यवहार उन्हें सनकी प्रवृत्ति वाला व्यक्ति प्रदर्शित करता है। हालाँकि यह उनकी सादगी और मूल भली प्रवृत्ति का ही परिणाम है। ये बातें रविवार के दिन चर्च में उनके व्यवहार में दिखाई पड़ती हैं।

उन्हें प्रार्थना अथवा उपदेश के बीच में ही खड़ा होकर उपस्थित लोगों की गिनती करने की आदत है ताकि वे देख सकें कि कोई व्यक्ति अनुपस्थित तो नहीं है। वे अपने अतिरिक्त किसी दूसरे को झपकी नहीं लेने देते हैं। वे किसी प्रार्थना की पंक्ति को कुछ बाद तक गाते रहते हैं जबकि समूह के दूसरे व्यक्ति उसे पूर्ण कर चुके होते हैं। इसी प्रकार वे एक प्रार्थना के बाद यदि उसकी सामग्री उन्हें पसन्द आ जाये, तो तीन-चार बार 'आमीन' कहते रहते हैं।

वे किसी दूसरे को प्रार्थना में व्यवधान नहीं डालने देते। उन्होंने एक बार एक निठल्ले व्यक्ति जोन मैथ्यूज को खुलेआम फटकार लगाई क्योंकि वह उनका ध्यान बँटाने के लिए एड़ियों से खटखट कर रहा था।

जब प्रार्थना समाप्त हो जाती है तो सबसे पहले वे ही बाहर निकलते हैं और दो पंक्तियों में खड़े अपने इलाके के लोगों के बीच से गुजरते हैं जो झुक कर उनका सम्मान करते हैं। बीच-बीच में वे अनुपस्थित लोगों के विषय में जानकारी करते हैं जो अनुपस्थित होते हैं। यह ऐसे लोगों के लिए एक प्रकार की हल्की-फुल्की फटकार के रूप में लिया जाता है। ये सब चीजें लोगों द्वारा सकारात्मक रूप में ली जाती हैं, जो उन्हें उतना ही प्यार करते हैं जितना उनका सम्मान करते हैं।

Q.10. Why did Sir Roger grow eccentric in his behaviour?
सर रोजर अपने व्यवहार में सनकी क्यों बन गये?

Ans. Sir Roger was a perfectly dressed, well-bred gentleman in his youth, very modern and fashionable. He also acted as a magistrate. Once he was written with love for a perverse Young

widow who was extremely beautiful. He was attracted by her beauty and after getting some initial response, he was crossed by her.

This development had a very adverse impact on his attitude to life. He became serious and, in fact, never dressed himself properly after the incident. Even after several decades the effect is still there. He continues to wear the same old fashioned suit although, as he himself tells in light moments, that has been in and out of fashion for twelve times.

He has refused to marry and remains a bachelor. This disappointment in love has made him eccentric in his behaviour. Yet he has recovered his jollity of nature quite a bit but could not regain his old natural self.

अपनी युवावस्था में सर रोजर सुन्दर ढंग से कपड़े पहनने वाले सुसभ्य भद्र पुरुष थे और बहुत आधुनिक एवं फैशनेबुल थे। वे मजिस्ट्रेट का भी कार्य करते थे। एक बार उन्हें एक बदमिजाज युवती विधवा से जो बहुत सुन्दर थी, प्यार हो गया। वे उसकी सुन्दरता के प्रति आकर्षित हो गये और प्रारम्भ में कुछ बढ़ावा पाने के बाद उसके द्वारा ठुकरा दिये गये।

इस घटना का उनके जीवन के प्रति दृष्टिकोण पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ा। वे बहुत गंभीर हो गये और वास्तव में इस घटना के पश्चात् उन्होंने कभी ठीक ढंग से कपड़े नहीं पहने। कई दशाब्दियाँ बीत जाने के पश्चात् भी यह प्रभाव अभी भी बना हुआ है। वे अभी भी पुराने फैशन के उसी सूट को पहनते हैं । यद्यपि जैसा कि वे कभी मजाक के क्षणों में स्वयं कहते हैं कि वह बारह बार फैशन में और फैशन से बाहर हो चुका हैं।

उन्होंने विवाह करने से इन्कार कर दिया और कुँवारे ही रहे। प्यार में इस निराशा ने उनके व्यवहार में उन्हें सनकी बना दिया फिर भी उन्होंने अपनी प्रकृति की मस्ती फिर से काफी हद तक प्राप्त कर ली लेकिन अपने पुराने व्यक्तित्व को फिर से प्राप्त नहीं कर सके।

Q.11. Give a brief summary of the 'Sir Roger at the Church'.
'Sir Roger at the Church' का संक्षिप्त सारांश लिखिए।

Ans. Sunday is always pleasant for Addison if it is spent in countryside. Sunday is an important day in countryside. People come to pray in church in their best garments. Whole village meet together with their pleasant faces. There they join together in adoration of the Supreme Being. Sunday cleans away the rust of the whole week. The parish politics is discussed in that place, either after sermon or before the bell rings.

Sir Roger is a man of religious feelings. He is landlord to the whole congregation and he feels his duty to keep the environment of the church pleasant by keeping them in good order. He never allows any person to sleep in it besides himself. By chance he goes into a short nap at sermon and then stands up and looks about, if he sees anybody else nodding, he wakes them himself or sends his servants to arise them. He himself sings psalms. He even counts the number of members and sees if any of his tenants is missing.

All people feel that Sir Roger bears a general good sense and worthiness of character. No one is allowed to displace till Sir Roger is gone out of the church.

एडीसन के लिए रविवार का दिन सदैव ही सुखदायक होता है यदि यह ग्रामीण अंचल में व्यतीत किया जाए। ग्रामीण अंचल में रविवार का विशेष महत्त्व होता है। अपनी विशिष्ट पोशाकों में लोग इस दिन गिरजाघर पहुँचते हैं। प्रसन्नचित्त चेहरों के साथ लोग आपस में मिलते हैं। वहाँ वे परमेश्वर के सम्मान में सामूहिक रूप से एकत्रित होते हैं। पूरे सप्ताह की थकावट को रविवार का दिन दूर कर देता है। गिरजाघर की राजनीति पर भी यहाँ पर चर्चा होती है, ऐसा धार्मिक प्रवचन के बाद होता है या फिर चर्च की घण्टी बजने से पहले।

सर रोजर धार्मिक प्रकृति का व्यक्ति है। वह पूरे समागम का मालिक है और गिरजाघर के वातावरण को सुखदायक बनाना वह अपना कर्त्तव्य समझता है, इसके लिए वह सब कुछ व्यवस्थित रूप में रखता है। वह किसी भी व्यक्ति को वहाँ पर

झपकी नहीं लेने देता है। इस नियम से वह स्वयं को अलग रखता है। यदि कभी वह प्रवचन के दौरान झपकी लेने लगता है तो वह उठकर देखता है कि कोई अन्य व्यक्ति तो ऐसा नहीं कर रहा है। ऐसा होने पर वह स्वयं ऐसे लोगों को जगा देता है अथवा अपने कर्मचारियों से ऐसा करने को कहता है। वह स्वयं भजन भी गाता है। वह सदस्यों की गिनती कर देखता है कि कोई उनमें से गायब तो नहीं है।

सभी लोग महसूस करते हैं कि सर रोजर की समझ अच्छी है और वह अच्छे चरित्र का प्रतिनिधित्व करता है। जब तक सर रोजर गिरजाघर से बाहर नहीं चला जाता है तब तक किसी को भी वहाँ से जाने की अनुमति नहीं होती है।

SECTION-C LONG ANSWER TYPE QUESTIONS

Q.1. Write a note on Bacon as an essayist.
एक निबन्धकार के रूप में बेकन पर एक लेख लिखिए।

Ans. Bacon's Concept of Essay : FRANCIS BACON is the father of English essay. He borrowed the concept of essay as a literary term from Montaigne, the French essayist in the sixteenth century. He gave his composition in prose the name 'Assai', which in French means an attempt. He treated essay as a medium of expression of the personal thought of the author. But Bacon changed the very nature of essay. He thought essay to be an objective form of literature where the author condenses all the ideas about the subject. The essay need not be a very cohesive and systematic piece. Therefore, he called his essays 'dispersed meditations' and 'disjointed fragments'. His essays appear to be crammed with ideas. It is said that he lighted his torch with the candle of others.

Still Bacon is the central figure among the prose writers of that period. It is strange because he was sceptical about the capability of English as a language. He thought that only Latin was the sure medium of expression.

His Style : Bacon is well-known in the field of literature for his style. It is believed that he had more than one style. Actually he changed his style according to the subject under discussion. Like all writers of the period he also punctuated his essays with Latin expressions which give him depth and elegance. But his sentences are not musical or graceful as is the case with others like Browne and Milton.

Bacon's style has been found as aphoristic and epigrammatic. It is very terse and each sentence is complete in itself. Any sentence can be taken out and the reader need not search for contexts anywhere. The ideas are so condensed in them selves that they can be easily expanded into paragraphs. Bacon is perhaps the briefest of English essayists.

In the essays of his earlier period Bacon rarely uses connectives. It appears that they are different pieces, independent of each other. In his famous essay **Of Truth** he says: **"A mixture of lie doth ever add pleasure"** and **"Truth may perhaps come to the price of pearl"**. Because of this he called his essays 'disjointed fragments' and 'dispersed meditations'. But in his later essays he appears more cohesive and finished. The use of connectives can be seen. He says: **"Virtues are like precious odours, most fragrant when they are burnt or crushed."**

Subject of His Essays—The remarkable quality of Bacon is that he took his subjects from everyday life. Even the ordinary men and women felt interested in reading them. They are full of worldly wisdom with practical advice for life. But sometimes he appears too practical. In one of his essays he advocates deserting friendship if the friend serves no purpose. This makes

him look like too selfish . Because of this Macaulay called him 'The wisest, the brightest and the meanest of mankind.' But in the essay 'Of Truth' he says: "... clear and round dealing is the honour of man's nature....." In the same essay he establishes : "Certainly, it is heaven upon earth, to have a man's mind move in charity, rest in providence, and turn upon the poles of truth."

निबन्ध : अर्थ—फ्रांसिस बेकन अंग्रेजी निबन्ध के पिता माने जाते हैं। उन्होंने निबन्ध की साहित्यिक विधा के रूप की अवधारणा 16वीं शताब्दी में फ्रांसीसी निबन्धकार मॉन्टेन से ली।

उन्होंने गद्य में अपनी रचना को 'एसाई' नाम दिया था जिसका फ्रांसीसी भाषा में अर्थ 'एक प्रयास' होता है। उन्होंने निबन्ध को लेखक के व्यक्तिगत विचारों की अभिव्यक्ति माना था। किन्तु बेकन ने निबन्ध की प्रकृति को ही बदल दिया।

उन्होंने निबन्ध को वस्तुपरक साहित्य का रूप माना जिसमें लेखक विषय पर समस्त विचारों को समाहित करता है। निबन्ध का कोहेसिव (सामंजस्यपूर्ण) एवं क्रमबद्ध होना आवश्यक नहीं है। इसीलिए उन्होंने अपने निबन्धों को 'बिखरे हुए विचार' एवं 'बिना जुड़े टुकड़े कहा। उनके निबन्धों में विचार ठूँसे गये प्रतीत होते हैं। उनके विषय में कहा जाता है कि उन्होंने दूसरों की मोमबत्तियों से अपनी मशाल प्रज्वलित की।

फिर भी उस काल के गद्य लेखकों में बेकन केन्द्रीय व्यक्ति हैं। यह बात अजीब लगती है क्योंकि बेकन अंग्रेजी की एक भाषा के रूप में सामर्थ्य के प्रति शंकालु थे। वे मानते थे कि केवल लैटिन ही विचारों की अभिव्यक्ति का निश्चित माध्यम थी।

शैली—बेकन साहित्यिक क्षेत्रों में अपनी शैली के लिए विख्यात हैं। यह माना जाता है कि उनकी एक से अधिक लेखन शैलियाँ थीं। वास्तव में विचाराधीन विषय के अनुसार वे अपनी शैली में परिवर्तन करते थे। उस काल के लेखकों की तरह उन्होंने भी अपने निबन्धों को लैटिन वाक्यों से भरा जिससे उन्हें शालीनता एवं गंभीरता प्राप्त होती है। लेकिन उनके वाक्यों में संगीत एवं गरिमा का अभाव है, जैसा कि ब्राउन एवं मिल्टन में पाया जाता है।

बेकन की शैली संक्षिप्तता और मुहावरों वाले गुणों के लिए जानी जाती है। वह बहुत संक्षिप्त है तथा प्रत्येक वाक्य अपने आप में पूर्ण है। किसी भी वाक्य को अलग निकाला जा सकता है और पाठक को उसके सन्दर्भ के लिए भटकना नहीं पड़ता। विचार इतने संग्रहित एवं समाहित हैं कि उन्हें आसानी से एक पूर्ण पैराग्राफ में विस्तारित किया जा सकता है।

संभवत: बेकन अंग्रेजी निबन्धकारों में सबसे अधिक संक्षिप्त लेखक हैं।

उनके प्रारंभिक काल के निबन्धों में बेकन मुश्किल से ही कनैक्टिव्स का प्रयोग करते थे। ऐसा प्रतीत होता है कि वे भिन्न-भिन्न रचनाएँ हैं जो एक-दूसरे पर निर्भर नहीं करती। अपने प्रसिद्ध निबन्ध 'ऑफ ट्रुथ' में वे कहते हैं, "सत्य में झूठ का मिश्रण आनन्द में वृद्धि करता है" एवं "सत्य शायद मोती के मोल आता है।" इसी कारण उन्होंने अपने निबन्धों को 'बिना जुड़े टुकड़े' तथा 'बिखरे हुए विचार' कहा। किन्तु अपने बाद के निबन्धों में वे अधिक कोहेसिव एवं सम्पूर्ण प्रतीत होते हैं। इनमें कनैक्टिव्ज का प्रयोग दिखायी पड़ता है। वे कहते हैं कि गुण कीमती सुगन्ध की तरह हैं जिन्हें जब पीसा या जलाया जाता है, सर्वाधिक सुगन्धमय नजर आते हैं।

विषय वस्तु—बेकन की महत्वपूर्ण विशेषता है कि उन्होने अपने विषय रोजाना के जीवन से लिए। सामान्य स्त्री, पुरुष भी जिन्हें पढ़ने में रुचि लेते थे। उनमें सांसारिक ज्ञान भरा है, जिनमें जीवन के लिए व्यावहारिक सलाह दी गयी है लेकिन कभी-कभी वे अति व्यावहारिक प्रतीत होते हैं। अपने एक निबन्ध में वे मित्रता को त्यागने की सलाह देते हैं, यदि मित्र से अब कोई लाभ न मिल रहा हो। इससे वे अत्यधिक स्वार्थी नजर आते हैं। इसी कारण **मैकाले** ने उन्हें सबसे अधिक बुद्धिमान, विद्वत्तापूर्ण किन्तु मानवता का सबसे अधिक निम्न प्रवृत्ति का व्यक्ति कहा। किन्तु 'ऑफ ट्रुथ' नामक अपने निबन्ध में, वे कहते हैं "···· स्पष्ट एवं ईमानदार व्यवहार मनुष्य की प्रकृति का उत्कर्ष है।" इसी निबन्ध में वे कहते हैं, "वास्तव में यह धरती पर स्वर्ग के समान है कि मनुष्य का मन दया में प्रवृत्त हो, भाग्य में रहे एवं सत्य से ध्रुव की ओर मुड़े।"

Q.2. Narrate the story of 'Of Studies' in your own words.
कहानी 'Of Studies' का अपने शब्दों में सारांश लिखिए।

Ans. Francis Bacon, in his classic essay 'Of Studies', explains how and why study or knowledge is important to we human beings. The great essayist explains the importance of study and opens the essay with the what use is study. He says that study can be for pleasure, ornament or to cultivate ability, and also tells how study can be used in each capacity. He says that the learned men can deliver the best arrangements and advice. A scholar can only laugh when it is said that it is laziness to spend time studying, or using it for ornament, or to make all decisions as per the learning. He says that our abilities need pruning and that can be done by study. He distinguishes to say that crafty men contemn studies, simple men admire them and wise men make the best use of them. The author says that studying cultivates the ability to weigh and consider. He gives the master stroke when he says: 'Some books are to be tasted, others to be swallowed, and some few to be chewed and digested...', and he goes on to explain what he means by this statement. He says that some books are not worthy to be read by oneself, and a deputy can be asked to summarise it for you to know what it deals with. Speaking about the importance of reading, he again makes a quotable quote : "Reading maketh a full man; conference a ready man; and writing an exact man." He humorously says that a person who writes little ought to have a great memory, a person who confers little ought to have a great wit, and a person who reads little, he will have to be cunning to show his wisdom which in fact he does not possess. He also tells how different subjects are useful to man. He stresses that studies pass on into the character. He says that any anomaly in learning can be made up with studies. A person can boost up his mental ability through study. He also explains how different defects of the mind can be overcome through special subjects.

फ्रांसिस बेकन, अपने शास्त्रीय निबंध 'Of Studies' में व्याख्या करते हैं कि अध्ययन या ज्ञान किस प्रकार और क्यों हम मनुष्यों के लिए महत्वपूर्ण है। वह महान निबंधकार अध्ययन के महत्व की व्याख्या करता है और निबंध का आरंभ यह कहकर आरंभ करता है कि अध्ययन का क्या महत्व है। वह कहता है कि अध्ययन मनोरंजन के लिए, सजावट या दिखावट के लिए या योग्यता/क्षमता पैदा करने के लिए हो सकता है। वह यह भी बताता है कि अध्ययन का प्रयोग इन विभिन्न प्रयोजनों के लिए किस प्रकार किया जा सकता है। वह कहता है कि ज्ञानी मनुष्य सर्वोत्तम व्यवस्था और सलाह प्रदान कर सकते हैं। कोई विद्वान केवल इस बात पर हँस सकता है कि अध्ययन करते समय बिताना आलस्य है, या इसका प्रयोग दिखावट के लिए होता है, या सभी निर्णय केवल इसी पर निर्भर रहते हुए किए जा सकते हैं। वह कहता है कि हमारी योग्यताओं को काट–छाँटने की आवश्यकता होती है और यह कार्य अध्ययन के द्वारा संपन्न किया जा सकता है। वह अंतर करते हुए कहता है कि चालाक व्यक्ति अध्ययन का निरादर करते हैं, साधारण व्यक्ति इसकी प्रशंसा करते हैं और बुद्धिमान व्यक्ति इसका सर्वोत्तम प्रयोग करते हैं। लेखक कहता है कि अध्ययन से मूल्यांकन करने और विचार करने की योग्यता सीखी जाती है। वह अपना सर्वोत्तम कथन कहता है कि कुछ पुस्तकें केवल स्वाद लेने के लिए होती हैं, अन्य पुस्तकें निगली जाने के लिए होती. हैं और कुछ थोड़ी–सी चबाने और पचाने के लिए होती हैं। इसके बाद वह व्याख्या करता है कि वह इसे किस अर्थ में कह रहा है। वह कहता है कि कुछ पुस्तकें स्वयं पढ़ने के उपयुक्त नहीं होतीं, और किसी सहायक को उनका सारांश बनाने के लिए कहा जाता सकता है कि वह किस बारे में है। पढ़ने के महत्व के बारे में कहते हुए लेखक एक ओर उद्धरणीय बात कहता है कि पाठन से एक व्यक्ति पूर्ण बनता है, वार्ता करने से वह तैयार व्यक्ति बनता है और लेखन से वह निपुण व्यक्ति बनता है। वह मजाक में कहता है कि कोई व्यक्ति जो कम लिखता है उसकी स्मृति बड़ी होनी चाहिए, एक व्यक्ति जो कम वार्ता करता है उसकी मानसिक क्षमता अधिक होनी चाहिए, और एक व्यक्ति जो कम पढ़ता है, उसे चालाक होना चाहिए क्योंकि उसे बुद्धिमानी दिखानी होती है जो उसके पास नहीं होती। वह यह भी कहता है कि किस प्रकार विभिन्न विषय व्यक्ति के लिए उपयोगी होते हैं। वह जोर देकर कहता है कि अध्ययन चरित्र का भाग बन जाता है। वह

कहता है कि अध्ययन में किसी कमी को भी अध्ययन से ही पाटा जा सकता है। कोई व्यक्ति अपनी मानसिक योग्यता को अध्ययन के माध्यम से बढ़ा सकता है। वह यह भी कहता है कि मस्तिष्क के विभिन्न दोषों को किस प्रकार विशेष विषयों के अध्ययन से नियंत्रित किया जा सकता है।

Q.3. Narrate the story 'Dream Childeren' in your own words.
कहानी 'Dream Childeren' का सारांश अपने शब्दों में कीजिए।

Ans. Charles Lamb is known as the prince of personal essays which are replete with his own thoughts, recollection, dreams, likes, dislikes, joys and sorrows. Full of autobiographical elements, his essay *'Dream Children'* opens with the description to his young children Alice and John the tales of his childhood when he used to live with his great-grandmother, Field. The essay goes on to describe how important is childhood and dear ones who one meets at that early time of life. Adopting a nostalgic tone, the essay provides a peep into the author's childhood and goes on to narrate to the dream children the humorous details of his time spent in his great grandmother's house; the love between two brothers, Charles and John, their frequent wanderings and mischief in the grand house and their memories of the orchid trees and the fish pond. The tone of the essay shifts from humorous to tragic when it goes on to describe the death of the author's beloved brother and great-grandmother whom he loses at an early age of his life. The essay is full of the essayist's unfulfilled longings and desires; this element is evident in the essay when the author narrates to the children the events and incidents from his past life. The essay highlights the themes of loss and regret in the essayist's life. He goes on to reflect nostalgically on his childhood and regrets the loss of his dear ones. He also feels depressed on the loss of his unrequited love Alice and regrets not marrying her. The essayist moans that the happy and joyful days of his childhood have slipped past in a blink of an eye. He even places John Lamb or James Elia on a high place though he does not deserve it because of his meanness and selfishness. During his adulthood, he takes his loneliness to the heart desperately yearning for the return of the old happier days of his life. The climax is reached when the essay makes the readers aware of the reality that the children listening to Lamb's stories are nothing but a figment of his imagination and a dream of a sleeping man. And also that the essayist tells that he married Ann Simmons, in fact, she did not marry him, rather she married Bartrum. This essay recollects the old happy childhood memories and moans the lonely adult age, and in this way, depicts aptly the transient nature of life where nothing can sustain forever.

चार्ल्स लैम्ब को व्यक्तिगत निबंधों का राजकुमार कहा जाता है जो उसके अपने विचारों, यादों, सपनों, पसंद और नापसंद, आनंद और दु:खों से भरे हुए हैं। आत्मकथात्मक तत्वों से भरपूर, उनका निबंध Dream Children उनके छोटे बच्चों एलीस और जॉन को कहानी के वर्णन से आरंभ होता है जब वह अपनी परदादी फील्ड के पास रहा करते थे। निबंध आगे वर्णन करता है कि बचपन और प्रियजन कितने महत्वपूर्ण हैं जो जीवन के पूर्वकाल में मिलते हैं। स्मृति में डूबे इस लयबद्ध निबंध में लेखक के बचपन की एक झाँकी देखने को मिलती है और यह निबंध आगे उन हास्यात्मक विवरण के समय का वर्णन करता है जो उसने अपनी परदादी के घर में बिताया था। इसमें उस बड़े घर में दोनों भाइयों चार्ल्स और जॉन, उनका अक्सर घूमना और शैतानी करने की यादों के साथ-साथ फल के बाग और मछली के तालाब की यादें भी जुड़ी हुई हैं। निबंध की लय हास्यात्मक से दु:खद उस समय हो उठती है जब यह लेखक के प्रिय भाई और परदादी की मृत्यु के बारे में बताता है, वे उसके जीवन के आरंभिक भाग में उससे बिछुड़ जाते हैं। निबंध निबंधकार के अपूर्ण इच्छाओं से भरपूर है, यह तत्व उस समय स्पष्ट हो उठता है जब वह बच्चों को अपने बीते जीवन की उन घटनाओं को बताता है। निबंध में निबंधकार का अपने जीवन में प्रियजनों से बिछुड़ना और उसका दु:ख उच्च बिंदु हैं। वह अपने बचपन की यादों के बारे में विचार करता है और अपने प्रियजनों की हानि का अफसोस करता है। वह अपने एक-तरफा प्यार एलीस की मृत्यु के बारे में भी

वेदना प्रकट करता है कि उसने उससे विवाह नहीं किया। निबंधकार दु:ख मनाता है कि उसके बचपन के खुशनुमा और आनंददायी दिन बहुत जल्दी से बीत गए। वह जॉन लैम्ब या जेम्स एलिया को भी एक उच्च स्थान पर रखता है हालाँकि वह इसके योग्य नहीं क्योंकि वह नीच और स्वार्थी था। अपनी वयस्कता में लेखक अपने अकेलेपन को निराश होकर दिल पर ले लेता है और आशा करता है कि वे पुराने दिन उसके जीवन में एक बार फिर लौट आएँगे। इस कहानी का उच्चतम बिंदु उस समय आता है जब निबंध पाठकों को उस वास्तविकता से अवगत कराता है कि लैम की कहानी को सुन रहे बच्चे कुछ भी नहीं हैं और कल्पना का अंश मात्र हैं और वे एक सोते हुए व्यक्ति के स्वप्न मात्र हैं। साथ ही, निबंधकर बताता है कि उसने एन सिमंस से विवाह किया, लेकिन वास्तव में, उसने उससे विवाह नहीं किया, बल्कि उसने बार्ट्रम से विवाह किया। निबंध पुरानी बचपन की खुशनुमा यादों को याद करता है और अकेलेपन से ग्रसित वयस्क आयु का अफसोस करता है, और इस प्रकार, यह उचित प्रकार से जीवन की बदलती प्रकृति का वर्णन करता है जिसमें कुछ भी सदा एक समान नहीं रहता।

Q.4. Give the stylistic qualities of Charles Lamb.
Charles Lamb की शैलीगत विशेषताएँ बताइए।

Ans. Charles Lamb is an eminent prose writer. He is called prince among the English essayists. He doesnot have any specific style in prose writing. He had a great love for ancient literature and old-fashioned things. Secondly, he was extremely sad in his personal life. These two qualities enabled Lamb to use many styles. No two of his essays are similar in the style.

Quaintness : There is no doubt that the most remarkable feature of Lamb's style lies in his quaintness and in the use of archaic words. He had a great study of the ancient authors. Moreover he was a pictorial essayist. He did not imitate any other essayist, but it is his own style. He had a love for ancient references and proverbs. In the essay 'Dream Children' he narrates the ruined beauty of the great house and reaches in the history of Roman Emperors.

